

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 119 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 12 फरवरी 2023 http://samajjagran.in पेज12 मूल्य 05 रुपया


## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने मनाया विश्व दाल दिवस

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में वीसी प्रो० कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में तथा निदेशक शैक्षणिक डॉ० पुष्पा मिश्रा के दिशा निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा "विश्व दाल दिवस" का आयोजन किया गया। दालों में अच्छी सेहत का दाम नामक शीर्षक विषयक लेख पर, विभाग के सहायक आचार्य डॉ० संध्या, डॉ० सौम्या, डॉ० रंजना मल्ल, डॉ० तृप्ति तिवारी द्वारा परिचर्चा किया गया । छात्राओं को दालों के प्रकार, पाए जाने वाले पोषक तत्व, उनसे होने वाले लाभ तथा कमी से होने वाली बीमारियो के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के दालों के साथ रचनात्मक कार्य किया गया ताकि "करके सीखने" की प्रवृत्ति का उनमें विकास हो। इस दौरान छात्राओं ने फूल, फल, पक्षी आदि विभिन्न आकृतियों को दालों से सजाकर सुंदर कलाकृतियों में परिवर्तित किया। इनमें कुमकुम, आरती, स्वाति यादव, प्रियंका यादव, पूजा राय, पूजा साहनी, रिंकी यादव, आस्था सिंह, दीक्षा, रंजन यादव आदि का प्रदर्शन बेहतर रहा।

## *माघे पर्व में ग्रामीणों संग थिरके विधायक सोनाराम सिंकु व उसकी पत्नी।*

**मेहमानों संग लिया लिया लजीज व्यंजनों का आनंद, प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता जगन्नाथपुर अनुमंडल जगन्नाथपुर**



जगन्नाथपुर 11 फरवरी 2023: जगन्नाथपुर प्रखंड के में शनिवार को धूमधाम से माघे पर्व मनाया गया। स्थानीय विधायक सोनाराम सिंकु के पैतृक आवास पर अपने कार्यकताओं के साथ हजारों की संख्या में शामिल हुए।

विधायक सोनाराम सिंकु को ने सभी का स्वागत की। उन्होंने ग्रामीणों को माघे पर्व तथा होली की बधाई भी दी। इसके बाद नगाड़े तथा मांदर की थाप पर सोनाराम सिंकु के पैतृक आवास पर ग्रामीणों का सामूहिक नृत्य हुआ। विधायक ने ग्रामीणों संग घंटो नृत्य किया। मांदर पर थाप दी तो कार्यकताओं ने माघे गीत का सामूहिक गान किया। सेबेरे माघे पोरोब.... के जयकारे के बीच हो ताड़ो गीत भी गुंजायमान थे। वहीं बुजुर्ग महिला पुरूषों ने माघे गीत के जरिये प्रकृति तथा सृष्टि की महिमा का बखान करते हुए उसके प्रति आभार जताया। वहीं दामा दुमंग तथा चेओम की आवाज से गांव गुंजायमान था। इस दौरान सामूहिक भोज भी चलता रहा। इसके पूर्व शुक्रवार को गांव के दिऊरियों ने देशाऊली में मुर्गे की बलि देकर सुख समृद्धि की कामना की।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय, कांग्रेस कार्यकर्ता सुमित महापात्र दिग्विजय सिंह अमोद गुप्ता, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद थे।

# CM नीतीश की यात्रा से पहले मिले 3 टाइम बम, जांच में जुटी NIA-ATS

मुजफ्फरपुर. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा के तीन दिन पहले ही मुजफ्फरपुर में तीन टाइम बम मिले हैं. एक साथ तीन टाइम बम मिलने से शहर में सनसनी मच गई है. बम मिलने के बाद पुलिस, NIA और ATS की टीम जांच में जुटी हुई है. इस मामले में एक गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि दो अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है. मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना से केंद्रीय एजेंसी को अवगत कराया गया है और मामले की जांच चल रही है.

मुजफ्फरपुर में कम मारक क्षमता वाले तीन टाइम बम बरामद होने के बाद गहमागहमी बढ़ गई है. दरअसल नीतीश कुमार की चौदह फरवरी को मुजफ्फरपुर में सभा प्रस्तावित है. उसके पहले तीन-तीन टाइम बम बरामद होने से प्रशासनिक महकमे में बेचैनी बढ़ चुकी है. पुलिस कप्तान के मुताबिक ये कामयाबी मादक पदार्थों को लेकर किये जा रहे सर्च अभियान को लेकर मिली.

### NIA और ATS जांच में जुटी

इसी सप्ताह NIA ने चंपारण और मुजफ्फरपुर के बरूराज में PFI कनेक्शन को लेकर छापेमारी की थी. मुजफ्फरपुर पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी को मुजफ्फरपुर मामले से अवगत करा दिया है और कई केंद्रीय अधिकारी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है. एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की जांच के सिलसिले में छापेमारी की गई थी. इसी दौरान गहन जांच की गई. घर के अंदर से तीन टाइम बम बरामद किया गया जो



सक्रिय नहीं था. हालांकि बम की क्षमता काफी कम थी लेकिन इस मामले के बारे में बड़े एजेंसी को सूचित किया गया है और पूछताछ जारी है. गिरफ्तार जावेद पहले भी मादक पदार्थ के केस में जेल जा चुका है जबकि अन्य दो में से एक संदिग्ध उत्तरप्रदेश का रहने वाला है.

## वनस्पतियाँ ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपहार हैं - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर की शनिवासरीय प्रार्थना सभा में कक्षा चतुर्थ ब के विद्यार्थियों ने वनस्पतियों के महत्त्व को बताते हुए परियोजना प्रस्तुत की जिसमें तुलसी के महत्त्व पर विशेष प्रकाश डाला गया।कक्षाध्यापिका सुश्री प्रियंका अशोक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्म ही पूजा है अतः हँसते हुए कर्म में लगे रहिए



और मुस्कुराते हुए जाइए।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वनस्पतियाँ ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपहार हैं इनको संरक्षित करने का मतलब है स्वयं को संरक्षित करना और इनको नष्ट करने का अर्थ है स्वयं को नष्ट करना अतः वनस्पतियों का संरक्षण अनिवार्य है। वनस्पतियों के संरक्षण से जीव-जंतुओं का भी संरक्षण होता है।ईश्वर ने ऐसी कोई भी वनस्पति नहीं बनाई है जो गुणहीन हो।

## बिना उपचार बनाया बिल, स्वजनों ने किया हंगामा सड़क जाम

*– नगर के पुरानी तहसील स्थित एक अस्पताल का मामला*

*–महिलाओं को वाहन पर बैठाते ही हुई बेहोश, पुलिस ने उतारा*

**–दोनों पक्षों से कुछ लोगों को कोतवाली लेकर रवाना हुई पुलिस**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नगर कोतवाली के पुरानी तहसील स्थित एक अस्पताल में इलाज के नाम पर धनउगाही करने का आरोप लगाते हुए स्वजनों से जमकर हंगामा काटा। अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों ने राजमार्ग को ही जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मार्ग खाली कराया। इसके बाद पुलिस की पहल पर सभी पक्षों में सुलह कर मामले पटाक्षेप किया गया। बलिया जनपद की रछौली गांव निवासी लालमुनी का आरोप है कि पति की उल्टी होने पर शुक्रवार की देर रात लगभग साढ़े 11 बजे अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार को सुबह मरीज की तबियत सही भी नहीं हुई और चिकित्सक ने 26 हजार रुपये की मांग की। दूसरा मामला चिरैयाकोट के असलपूर का है। गांव निवासी विद्या देवी ने बताया कि तीन बजे भोर से अब तक मरीज को सिर्फ आक्सीजन लगा है और सुबह होते बीस हजार रुपये की मांग की गई। दोनों मरीजों के तीमारदारों ने जब अपने मरीज से मिलने के कहा तो मना कर दिया गया। परिजनों की संख्या बढ़ने पर सभी सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल ने जाम खुलवाया। कुछ लोगों को पुलिस गाड़ी में बैठाने लगे। उसी बीच दो महिला सड़क पर बेहोश हो गई। इससे पुलिस के हांथ पांव फूलने लगे। महिलाएं खुद को पीड़ित बताकर पुलिस से न्याय की गुहार करने लगी। इसके बाद एक अस्पताल कर्मी को जाम करने वाले को लेकर पुलिस कोतवाली चली गई।



***अस्पताल पर धनउगाही की आरोप लगाकर कुछ लोगों ने हंगामा कर मार्ग जाम कर दिया। दोनों पक्ष का समझा बुझाकर मामला समाप्त करा दिया गया।***

- अनिल चंद्र त्रिपाठी, कोतवाल शहर

# बीपीसीएल ने दिल्ली–जालंधर हाईवे पर लॉन्च किया ईवी फास्ट चार्जिंग हाई कॉरिडोर

***देश में ईवी को अपनाने के रुझान को बढ़ावा देने के लिए 31 मार्च 2023 तक ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशनों के साथ 200 राष्ट्रीय राजमार्गों को शुरू से अंत तक कवर करेगा बीपीसीएल***

**30 किलोवाट, सीसीएस-2 फास्ट चार्जर्स 750 किलोमीटर लंबे दिल्ली-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12 ईंधन स्टेशनों पर स्थापित किए गए**

**इस निवेश के जरिये अपने 7,000 पारंपरिक रिटेल आउटलेट्स को विभिन्न ईंधन विकल्प प्रदान करने वाले ऊर्जा स्टेशनों में परिवर्तित करने का बीपीसीएल का लक्ष्य**

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2023- एक 'महारत्न' और एक फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने आज दिल्ली-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44 का हिस्सा) पर ईवी फास्ट चार्जिंग हाई कॉरिडोर के लॉन्च की घोषणा की। इसका मकसद राजमार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकताओं की रेंज संबंधी चिंताओं को दूर करना है। एनएच-44 का 750 किलोमीटर लंबा यह सेगमेंट देश का चौथा ऐसा राजमार्ग है, जहां बीपीसीएल ने मार्ग के दोनों ओर लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। इससे पहले चेन्नई-त्रिची-मदुरै, चेन्नई-बैंगलोर और बैंगलोर-कूर्ग बीपीसीएल द्वारा स्थापित पहले तीन इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जिंग कॉरिडोर थे।

इसके साथ-साथ भारत पेट्रोलियम ने देश में ईवी को अपनाने के रुझान को बढ़ावा देने के लिए भारत में ईवी बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के अभियान के हिस्से के रूप में 31 मार्च 2023 तक 200 राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से एंड-टू-एंड, फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों से कवर करने का फैसला भी किया है।

राजमार्गों के साथ बीपीसीएल ईंधन स्टेशनों पर 30 किलोवाट फास्ट चार्जर की स्थापना से ग्राहकों को 125 किलोमीटर तक की ड्राइविंग रेंज प्राप्त करने के लिए लगभग 30 मिनट में अपने ईवी को चार्ज करने में मदद मिलेगी। फास्ट चार्जर को बिना किसी मैनुअल सहायता के स्वयं संचालित किया जा सकता है, हालांकि जरूरत पड़ने पर सहायक कर्मचारी भी उपलब्ध होंगे।

बीपीसीएल ईंधन स्टेशनों पर स्थित, ये फास्ट ईवी चार्जिंग सुविधाएं, यात्रियों को सुरक्षित, बेहतर रोशनी और सुरक्षित स्थान के साथ-साथ वाहन चार्जिंग के दौरान शौचालय, आराम करने के लिए भोजनालय जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं। बीपीसीएल ने ब्रिटिश ऑटोमोटिव ब्रांड एमजी मोटर्स के साथ अपनी स-झेदारी की भी घोषणा की, जिन्होंने 8900 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। इस स-झेदारी के बाद अब एमजी ईवी के सभी ग्राहकों को उनकी कार के डैशबोर्ड के माध्यम से ड्राइविंग करते समय बीपीसीएल ईवी चार्जिंग का पता लगाने में मदद मिलेगी।

शुभंकर सेन, हैड रिटेल इनिशिएटिव्स और ब्रांड, बीपीसीएल और गौरव गुप्ता, चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर, एमजी मोटर्स ने संयुक्त रूप से 11 फरवरी को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में साझेदारी




की घोषणा की, जिसमें राजीव दत्ता, हेड रिटेल नॉर्थ - बीपीसीएल, मिहिर जोशी, स्टेट हेड (दिल्ली, हरियाणा, एचपी और यूके) -बीपीसीएल और अन्य कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर शुभंकर सेन, हैड रिटेल इनिशिएटिव्स और ब्रांड, बीपीसीएल ने कहा, "हमारी धरती को स्वच्छ और बेहतर बनाना हर किसी के लिए बेहतर है और बीपीसीएल में हम अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क हाईवे की स्थापना से ईवी मालिकों की रेंज चिंता को दूर करने के साथ-साथ भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जिंग हाईवे कॉरिडोर के नेटवर्क से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी आएगी। एमजी मोटर इंडिया के साथ हमारी पहल एमजी मोटर ईवी ग्राहकों के लिए एक बेहतर अनुभव है। आज हमारी ईवी चार्जिंग रणनीति के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है और 2040 तक नेट जीरो उत्सर्जन के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के हमारे बड़े उद्देश्य की दिशा में ही एक और कदम है। हम एमजी मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी के बारे में उत्साहित हैं जिन्होंने अपने डैशबोर्ड नेविगेटर में हमारे ईवी चार्जिंग नेटवर्क को स्थान प्रदान किया है। इससे एमजी ईवी मालिकों को बहुत सुविधा होगी। यह वास्तव में देश में ईवी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक तकनीक लाने के लिए दोनों संगठनों की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।"

एमजी मोटर इंडिया के साथ मिलकर हम देश में शहरों, पर्यटन स्थलों और आर्थिक केंद्रों को जोड़ने वाले प्रमुख यात्रा मार्गों के साथ ईवी चार्जिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।

भारत पेट्रोलियम के ईंधन स्टेशनों पर उपभोक्ताओं को स्वच्छ और साफ-सुथरे वॉशरूम, नकद निकासी, चार्ज करते समय सुरक्षित और बेहतर पार्किंग, मुफ्त डिजिटल एयर फेसिलिटी, 24 घंटे संचालन और अन्य बहुत कुछ सुविधाएं हासिल होती हैं। चुनिंदा ईंधन स्टेशन ना-इट्रोजन भरने की सुविधा भी प्रदान करते हैं। भारत पेट्रोलियम के कई राजमार्ग ईंधन स्टेशन मैकडॉनल्ड्स, ए2बी, क्यूब स्टॉप, कैफे कॉफी डे और अन्य स्थानीय आउटलेट के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से बेहतर और साफ-सुथरा भोजन भी प्रदान करते हैं। भारत पेट्रोलियम ने अपने ग्राहकों की अतिरिक्त सुविधा के लिए राजमार्गों पर प्रमुख ईंधन स्टेशनों पर इन एंड आउट सुविधा स्टोर की अपनी श्रृंखला शुरू करने की भी योजना बनाई है।

इस अवसर पर एमजी मोटर इंडिया के सीसीओ गौरव गुप्ता ने कहा, "2020 में जेडएस ईवी के लॉन्च के बाद से एमजी एक मजबूत ईवी इकोसिस्टम के विकास में सबसे आगे रहा है। अब बीपीसीएल के साथ साझेदारी में देश के सबसे महत्वपूर्ण राजमार्ग पर बारह नई डीसी फास्ट-चार्जिंग सुविधाओं के उद्घाटन की घोषणा करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है। हम ईवी अपनाने में तेजी लाने के लिए भारत में एक मजबूत इको सिस्टम कायम करने का इरादा रखते हैं, और हमें यकीन है कि बीपीसीएल ईंधन स्टेशनों पर नए चार्जर लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर स्विच करने के लिए

## फिर होगी ठंड की वापसी? IMD ने इन राज्यों के लिए जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली. उत्तर पश्चिम भारत में एक बार फिर से मौसम करवट ले सकता है. फरवरी महीने में अचानक से पड़ रही गर्मी से कुछ समय की राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. मौसम विभाग की मानें तो उत्तर पश्चिम भारत पर एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिला है, लेकिन अब ये पूर्व की ओर बढ़ रहा है. इसके जाने के बाद एक बार फिर से कई राज्यों के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है. इससे उत्तर पश्चिम भारत के कई राज्यों में ठंड के बढ़ने की संभावना है.

# नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट.(12फरवरी )आरक्षी केन्द्र कोतवाली बालाघाट के नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी 21 वर्षीय युवक सतीश पिता राजेश अर्जे को दोषी पाते हुए बालाघाट न्यायालय के माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनोज कुमार तिवारी की अदालत अपहरण, एससी-एसटी एक्ट, पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 22 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती कपले कापले ने पैरवी की थी।

मीडिया प्रभारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमलसिंह ने बताया कि घटना 15 जुलाई 2020 की है, जब नाबालिग दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली और वापस घर नहीं लौटी, तो चितिंत परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की।

जिसका पड़ोसी और रिश्तेदारों में कहीं पता नहीं चलने पर उसके अपहरण की शिकायत कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई थी। जिसमें कोतवाली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने एक माह 8 दिन बाद 25 अगस्त को नाबालिग को दस्तयाब किया था।



जिसने पूछताछ में बताया कि आरोपी सतीश की, उसके बड़े पिता के लड़के से दोस्ती थी और वह अक्सर उनके घर आता रहता था। जिसके कारण उसकी पहचान उससे हो गई थी। जब वह 15 जुलाई को घर से बाजार जाने निकली थी। इसी दौरान बुढ़ी रेलवे क्रासिंग के पास उसे सतीश मिला और प्यार व विवाह का प्रलोभन और बहला-फुसलाकर अपने साथ गोंदिया लेकर गया।

जहां एक किराए के कमरे में रखकर उसकी मर्जी के बिना उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जहां से वह उसे सरेखा लेकर आया था, जहां उसे रख रहा था। 25 अगस्त को सतीश के घर से बाहर जाने पर वह किसी तरह मौका पाकर घर से बाहर निकालकर अपने घर आ गई थी। जिसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

जिसमें पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण के दर्ज अपराध में धाराओं का इजाफा कर उसे गिरफ्तार किया था और उसे न्यायालय में पेश किया। जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया गया था। इस मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

जिसमें विचारण उपरांत प्रकरण में आई सकारात्मक साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और आर्थिक दंड से दंडित करने का आदेश दिया।

# मार्च में फिर किसान मार्च

**समाज जागरण**

देश की आम जनता के साथ अन्नदाता कहा जाने वाला किसान फिर अकुलाए रहा है और इसी के चलते देश के किसानों ने एक बार फिर सड़कों पर आने का फैसला किया है. देश में पिछले साल चले एक साल लम्बे किसान आंदोलन के नेता राकेश टिकैत ने २० मार्च से फिर किसान आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है .राकेश टिकैत चोट खाये किसान नेता हैं और सरकार की वादा खिलाफी के कारण बुरी तरह आहत हैं ,लेकिन उन्होंने अभी हथियार नहीं डाले हैं .

देश के किसानों का हथियार स्थागृह के अलावा कुछ नहीं है. वे लाठी-गोली खा सकते हैं लेकिन चला नहीं सकते .अपनी मांगों को लेकर 700 से ज्यादा किसानों की शहादत दे चुके किसानों ने सरकार की जमीन हड़पो नीति के अलावाअन्य काई मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय किया है .भारतीय किसान यूनियन ने सोये हुए किसानों को दोबारा जगाने के लिए मुजफ्फरनगर में महापंचायत का आयोजन किया . इसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए.

महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया. उन्होंने यूपी में गन्ने का भाव 450 रुक्विंटल करने की मांग की. भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि नलकूपों पर किसी भी कीमत पर बिजली के मीटर नहीं लगने देंगे और न ही पुराने ट्रैक्टर बंद होने देंगे. उन्होंने कहा कि नागपुर पॉलिसी चल रही है.

राकेश टिकैत और नरेश टिकैत पुश्तैनी किसान नेता हैं .ये दोनों भ्ष्टार्चार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे की तरह हार मानकर बैठने वालों में से नहीं हैं. टिकैत बंधुयों ने भाजपा के साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भी निशाने पर रखा है .वे समझ गए हैं की किसानों का असली दुश्मन कौन है ?पिछले किसान आंदोलन के प्रति केंद्र सरकार के रवैये से वाकिफ किसान नेता मुमकिन है की इस बार ज्यादा सतर्कता और तैयारी के साथ सड़कों पर उतरें.आखिर 'दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है '.

राकेश टिकैत ने कहा कि पीएसी नहीं, मिलिट्री बुलाओ, पर मीटर नहीं लगेगा. सरकार अपने मीटर की सुरक्षा करे, चोरी बढ़ रही है. बड़ी कंपनियों को बिजली बेची जा जा रही है. गरीबों का शोषण किया जा रहा है. यह कंपनियों की सरकार है. टिकैत ने ऐलान किया कि 26 जनवरी 2024 को पूरे देश में ट्रैक्टर परेड होगी. किसान संगठनकिसी एक पार्टी के खिलाफ नहीं है. जहां सरकार किसान के खिलाफ फैसले करेगी, हम वहीं जाएंगे.

आपको याद होगा की साल 2020 में लगभग एक साल चले किसान आंदोलन के सामने केंद्र सरकार ने १९ मार्च 2021 को घुटने टेकते हुए तीनों विवादास्पद कृषि कानों वापस ले लिए थे .सरकार के सामने उस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे .आज की तारीख में भी स्थितियां लगभग पहले जैसी हैं. अब कुछ राज्यों में विधानसभा के चुनावों के साथ ही अगले साल आम चुनाव भी हैं .ऐसे में केंद्र सरकार किसान आंदोलन के दोबारा शुरू होने से परेशान जरूर होगी.

देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बीच 17 सितंबर को लोकसभा और 20 सितंबर को राज्यसभा ने भारी हंगामे के बीच तीनों कानूनों को पास कर दिया था. इसके बाद 27 सितंबर को राष्ट्रपति ने इस पर दस्तखत कर दिए थे. इन कानूनों के खिलाफ देशव्यापी किसान आंदोल के बाद लगभग एक साल तक किसानों से सौदेबाजी करने वाली सरकार ने 2021 में संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कृषि कानून वापस कर लिए थे .

भाजपा की मजबूत सरकार के खिलाफ 24 सितंबर, 2020: पंजाब में किसानों ने तीन दिनों का रेल रोको आंदोलन शुरू किया था .25 सितंबरको अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले देशभर के किसान सड़कों पर उतरे थे. किसानों के विरोध के बावजूद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 27 सितंबरको तीनों कृषि विधेयकों पर दस्तखत किए.इससे किसान और भड़क गए 25 नवंबर, २०२० को पंजाब और हरियाणा के किसानों ने तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली चलो का नारा दिया. दिल्ली पुलिस ने किसानों को कोरोना संक्रमण का हवाला देकर दिल्ली में प्रवेश करने से रोका. बिना किसी राजनीतिक दल के नेताओं के शुरू हुए किसान आंदोलन के चलते 26 नवंबर, 2020 को दिल्ली की ओर बढ़ रहे किसानों को अंबाला में पुलिस बलों का भारी विरोध झेलना पड़ा. किसानों पर ठंडे पानी की बौछार की गई. उन पर आंसू गैस के गोले दागे गए. बाद में पुलिस ने उन्हें दिल्ली कूच करने की इजाजत दी. दिल्ली की सीमाओं पर किसान आकर डट गए. बाद में पुलिस ने किसानों को निरंकारी ग्राउंड में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत दी.

: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किसानों को बातचीत का प्रस्ताव दिया और दिल्ली बॉर्डर छोड़कर बुरारी में आंदोलन स्थल बनाने को कहा. किसानों ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया और जंतर-मंतर पर विरोध करने की इजाजत मांगी.

03 दिसंबर, 2020 को केंद्र सरकार और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच पहले राउंड की वार्ता हुई लेकिन विफल रही.वाताओं का हर दौर विफल होता गया उधर किसान आंदोलन पूरे देश में फैल गया 8 दिसंबर, 2020 को किसानों ने भारत बंद का आह्वान किया. दूसरे राज्यों में भी किसानों ने इस बंद का समर्थन किया

09 दिसंबर, २०२० को किसान संगठनों ने कृषि कानूनों में संशोधन करने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को ठुकराया और कानून वापसी की मांग पर अड़ गए 11 दिसंबर, 2020 को तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. मुझे अच्छी तरह से याद है कि 13 दिसंबर, 2020: केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि किसान आंदोलन के पीछे टुकड़े-टुकड़े गैंग का हाथ है. उन्होंने कहा कि सरकार ने बातचीत का दरवाजा खोल रखा है.इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बात बनने के बजाय बिगड़ती चली गयी थी .

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विवाददास्पद कृषि कानूनों पर गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और किसान संगठनों के नुमाइंदों का एक पैनल बना सकती है.21 दिसंबर को आंदोलनरत किसानों ने विरोध-प्रदर्शन स्थलों पर एक दिन की भूख हड़ताल की. किसान संगठनों और सरकार के बीच छठे दौर की वार्ता के बाद सरकार ने पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधान और बिजली संशोधन बिल भी वापस लिए.लेकिन 4 जनवरी, 2021 को सातवें दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही. सरकार का कानून वापस लेने से इनकार कर दिया

अब एक लम्बी खामोशी के बाद राकेश टिकैत ने किसानों को चेताया कि जमीन छीनने की तैयारी है, गलत तरीके से भूमि अधिग्रहण किया जाता है. हमारे आंदोलन का अगला पड़ाव फिर दिल्ली होगा.20 मार्च से संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में दिल्ली में आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 20 साल तक की लड़ाई के लिए तैयार रहें. किसानों का नए सिरे से होने वाला आंदोलन 2020 के आंदोलन की तरह कामयाब होगा या नहीं ,ये कहना अभी कठिन है किन्तु इतना जरूर है कि किसानों के दोबारा आंदोलन की घोषणा से भाजपा सरकार और पार्टी दोनों की नींद में खलल तो जरूर पडेगा .मुमकिन है कि सरकार और भाजपा इस नए परिदृश्य के बाद अपने 400 दिन वाले चुनावी रोडमैप की समीक्षा करने के लिए मजबूर हो जाये.

**@ राकेश अचल**

## बैठकी

# ब्राम्हणवाद का सच

**दैनिक समाज जागरण**

दरवाजे पर कॉलबेल की आवाज ने तंद्रा भंग किया और मैं दरवाजे की ओर चल दिया! सामने, बैठकी के भाई लोग खड़े हैं! देखकर मुस्कुराया और हम सभी बैठकखाने में.....!

ए सरजी, कल वाट्सएप पर मैं आपको कुछ मैसेज किया था लेकिन आप जबाब नहीं लिखे! ---मास्टर साहब मेरी ओर देखकर!

क्या लिखेंगे!!इनका मोबाईल खराब है ! रिटायर्ड डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर हैं लेकिन जीवन भर फोकटिया प्रोफेसर रहे! नया मोबाईल खरीदने की औकात नहीं! ---कुंवरजी बीच में हीं बोल पड़े!

क्यों, ऐसा कह रहे हैं!! -- हरेंद्र राय पुछ बैठे जो राजापुर से बैठकी में शामिल होने चले आयें हैं!

ऐसा इसलिये कि ब्राह्मण हैं न! पिताजी के आदेश पर सरकारीकरण हो रहे कालेज से त्यागपत्र देकर जिसका तीन महीने बाद हीं सरकारीकरण हो गया,अपने क्षेत्र के नवसृजित डिग्री कॉलेज में विभागाध्यक्ष के रुप में सेवा देने चले आये ताकि अपने क्षेत्र में विकास हो! बेचारे को 14 बर्षो तक तो एक पैसा नहीं मिला फिर 50 रुपये से बढ़ते- बढ़ते 11036/= पर रिटायर्ड हो गये लेकिन रिटायरमेंट के बाद एक पैसा भी नहीं मिला जबकि पांच बच्चों का पालन पोषण, शिक्षा- दिक्षा, विवाह आदि की जिम्मेदारी भी इनके जिम्मे है ! --- कुंवरजी के चेहरे पर निराशा थी!


प्रोफेसर साहब!भविष्य को देखते हुए , आपने पिताजी को समझाया नहीं! ---- हरेन्द्र जी, अचम्भे में थे!


बिलकुल कहा था कि दो तीन महिनों में नोटिफिकेशन होने वाला है, मैं बड़े पे स्केल में रहुंगा और आप मुझे अपने क्षेत्र के नवनिर्मित प्राइवेट कॉलेज में, जीवन भर फोकटिया प्रोफेसर बनने के लिए कह रहे हैं!!

तो पिताजी ने कहा था-- सुनो, किसी कथा कहानी में पढ़े हो--- एक धनी ब्राह्मण था!! नहीं न!! वैदिक काल से ब्राह्मण, लंगोटी पहनकर और जल पीके, जंगलों में नये- नये शोध और अनुसंधान करके पुरी सनातन संस्कृति और हिंदू धर्म का नेतृत्व किया है और आज जब तुम्हारे क्षेत्र को तुम्हारी आवश्यकता आ पड़ी है तो तुम पे स्केल की बात करते हो!! शर्म नहीं आती!!

अब मेरे पास कोई जबाब नहीं था! अगले दिन मैं त्यागपत्र देकर गाँव चला आया और यहाँ डिग्री कॉलेज में सेवा देने लगा! --- मैं चुप हुआ!

सरजी, आज जिस आर्थिक समस्याओं से आप ग्रसित हैं वैसी स्थिति में आपको पिताजी के आदेश और अपने निर्णय पर पश्चात्ताप नहीं







होता क्या!!जबकि आज आपका लगभग एक लाख के आसपास पेंशन होता!!! ---हरेन्द्रजी, को अजीब लग रहा था!

मुझे कोई पाश्चाताप नहीं,बल्कि मेरा सौभाग्य है कि ब्राह्मण कुल में जन्म लिया तो पिताजी के आशिर्वाद ने मुझे, ब्राह्मण कर्म को निदेशित किया! हाँ कभी कभी पत्नी जब आर्थिक परेशानियों में होती है तो उलाहना देती है! लेकिन जब मैं कहता हूँ कि मान लिया कि मैं रिजाइन नहीं किया होता और सरकारी कालेज में होता तो तुम्हारे बच्चे अमेरिका, इंग्लैंड में होते लेकिन हमारे क्षेत्र के हजारों बच्चों का जीवन रोशन करने का अवसर तो चूक जाता!! बस पत्नी चुप हो जाती है! --- मैं कहकर हंस पड़ा!

सरजी, ऐसा उदाहरण एक ब्राह्मण हीं दे सकता है! -- ---मास्टर साहब लम्बी श्वास लेकर!

लेकिन आज हमारे देश में क्या हो रहा है!! सभी अपने अपने स्वार्थ सिद्धी हेतु ब्राम्हणों को हीं गरियाते हैं!

सुना नहीं आपने! रामचरितमानस की चौपाइयों को लेकर राजनितिज्ञ क्या, क्या बक रहे हैं!! जबकि मोहन भागवत भी ब्राम्हणों को लक्षित करके संभाषण किये कि जातिव्यवस्था पंडितों अर्थात ब्राम्हणों की देन है! ---पारस नेता, मुंह बिजकाकर बोले!

सरजी, अगर हम उत्तर वैदिक काल, मध्य काल के इतिहास का अध्ययन करते हैं तो अखंड भारत पर पाल, मौर्य, गौर, गुर्जर, जाट, वर्मा, गौंड, चंवर, पासी, यदुवंशी, होलकर,राजाओं का हीं राज रहा फिर मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी आयी और न जाने कैसी जादुई छड़ी घुमी कि उपरोक्त राजवंशों की औलादें पिछड़ा, शोषित, वंचित की श्रेणी में कैसे आ गये! ---- उमाकाका बहुत देर बाद मुंह खोले!

मुखियाजी, हमारे सनातन धर्म में वैदिक काल से हीं अवलोकन करें तो महर्षि बाल्मीकि जो शूद्र वर्ण से थे, महर्षि व्यास मुनि जो मल्लाहिन के पूत्र थे, रविदासजी जो शूद्र थे, विश्वामित्र जो क्षत्रिय थे, अपने कर्मों के आधार पर ब्राह्मण और संत की श्रेणी में रखे गये! ऐसे हजारों उदाहरण हैं फिर ब्राम्हणों पर तोहमत लगाना कि उसने हीं जातिव्यवस्था बनायी है, -कितना झूठा प्रचार है!!! --- पारस नेता हाथ चमकाये!

ए सरजी, आपहुं ऐ प कुछ बोलिये कि खाली सुनबे किजियेगा! --- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

मुखियाजी, यदि भारत के ऐतिहासिक सामाजिक संरचना की गहराई में जायेंगे तो जो यथार्थ दिखता है उसके अनुसार, सनातनी समाज, अपनी मूलभूत आवश्यक्ताओं - क्रमशः ज्ञान, रक्षा, आजीविका और सेवा,की निरंतर आपूर्ति हेतु चार वर्णों में बंटा था,- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र! मनुस्मृति में मनु महाराज कहते हैं कि व्यक्ति जन्म से शूद्र होता है लेकिन अपने कर्मों के अनुसार अन्य वर्ण को प्राप्त करता है! निश्चय हीं आरम्भ में ये खुली व्यवस्था थी लेकिन कालांतर में व्यक्ति की बढ़ती महत्वकांक्षाओं ने, विसंगतियां पैदा की जिसके चलते, समाज की आवश्यक आवश्यकताओं की आपूर्ति में बाधायें उत्पन्न होने लगीं! पुनः सामाजिक व्यवस्था को अनुकूल बनाये रखने के लिए, इस खुली व्यवस्था को, जन्मना बना दिया गया! इन्हीं वर्णों के तहत, समय प्रवाह ने विभिन्न व्यवसायिक समूहों का विकास किया! चूकि वर्णव्यवस्था जन्मना हो चूकी थी अतः ये श्रमविभाजन पर आधारित व्यवसायिक समूह अंतर्विवाही बनते गये! जिसे जाति का नाम दिया जाने लगा जो, जाति व्यवस्था के रूप में हिन्दू समाज में प्रगट हुआ!

आज की तरह उस समय सरकारी नौकरियां नहीं हुआ करतीं थीं लेकिन समाज में कोई बेरोजगार नहीं होता था! जाति व्यवस्था ने रोजगार का आधार हीं नहीं दिया बल्कि इसने अपने अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञ भी पैदा करने का माध्यम बना! परिणामस्वरूप भारत सोने की चिड़िया कहा जाने लगा! --- मैं चुप हुआ तभी मुखियाजी बोल पड़े---

" इहो बताइये कि तब ब्राम्हणों का क्या व्यवसाय हुआ!"

मुखियाजी, जैसा कि वैदिक काल में ब्राम्हणों का कर्तव्य निर्धारित था- ज्ञान लेना ज्ञान देना अर्थात अध्ययन करना अध्ययन करना, यज्ञ करना यज्ञ कराना, दान लेना दान देना! इसके साथ साथ ब्राम्हणों के आजीविका का सबसे प्रमुख स्त्रोत रहा- *भिक्षाटन! जिसे सबसे निकृष्ट माना जाता है लेकिन कर्तव्य था व्यक्तिगत हित को परे रखकर,समाज की आवश्यकता और विकास के लिए अपना सर्वस्व त्याग! इसी लिये ब्राह्मण श्रेष्ठ श्रेणी में रहा! सच मानिये तो यही है *ब्राह्मणवाद! काश, देश के सभी राजनीतिज्ञ ऐसे त्यागमयी ब्राम्हणवाद की चर्चा और अनुशरण करते !और जातिवाद की घिनौनी राजनीति की जगह सच में ब्राह्मण जैसे श्रेष्ठ पद को प्राप्त करते!---मास्टर साहब ( श्रीनिवास राम ) की व्यथा दिखी!

अच्छा जी, आज अतने रहे दिहल जाय! आज दू- तीनगो नेवता पुराना है!--कहकर मुखियाजी खड़े हो गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!! (क्रमशः)



**प्रोफेसर श्री राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# मगध के सांस्कृतिक इतिहास में मगध सम्राट राजा जरासंध के बड़गर महत्व हे

**समाज जागरण**

**राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर'**

आर्यावर्त में मगध महत्वपूर्ण अउ कौतुहल से भरल स्थान हे। मगध के संस्कृति के विकास यात्रा में आर्य अनार्य जाति के साथ मिलके चले के वृतांत हे। ई संस्कृति के वाहक ऐहां के सामान्य व्यक्ति अउ विशिष्ट व्यक्ति दुन्नू हथ ई गुनी मगध के संस्कृति के मूलभाव मध्यम मार्गीय जीवन पद्धति हे। सब आदमी माने मानव में विशेषता संस्कृति से पैदा होवो हे। ई विशेषता के उदय परम्परा आउ रीति-रिवाज, खान-पान अउ रहे के व्यवस्था से स्पष्ट होवो हे। ई गुनी संस्कृति मनुष्य के सामान्य से विशिष्ट बना दे हे माने उत्तम कृति या काम जे उपलब्धि भी मानल जा हे संस्कृति के अंग मानल जा हे। कोय स्थूल पदार्थ से सूक्ष्म तत्व निकालल जा हे आहे क्रिया के संस्कृति के मूल भाव जानल जा हे। संस्कृति सभ्यता के सहारे अउ रूपमान हो जाहे कारण सभ्यता या सभ्य आचरण से व्यक्ति के पहचान सभ्य आउ सुसंस्कृत रूप में होवो हे। संस्कृति एक सामाजिक विरासत हे, जे संचय से विकसित होवो हे। शिक्षा दीक्षा आउ रहन-सहन के स्तर आउ परम्परा के पालन से संस्कृति के रूप आउ सुथर समझ में आवे वाला हो जा रहे।

मगध के संस्कृति के विशेषता हे ऐकर उदार दृष्टिकोण अउ समभाव सबसे प्रेम के जीवन पद्धति के विस्तार अउ ई विस्तार के चरचा मगध के संबंध में लिखल गेल ग्रंथ सबके विचार से स्पष्ट हो जा हे।

मगध के संस्कृति के स्वरूप के दर्शन पत्थर कालीन युग से होवो हे। जब आदमी गुफा में निवास करो हलाऽ तब उनखर आचरण परिवार प्रेम से स्पष्ट करो हके कि गुफा में कारीगरी हे अउ ओकर निर्माण कुशल वस्तुकार कैलका हे। मगध के बराबर पहाड़ के शोणितपुर मानल गेल है। महाभारत युद्ध के बाद कृष्ण के पोता अउ वाणसूर के पुत्री के सचकोलवा प्रेम गाथा ओकर सभ्य जीवन के वृतांत बनल है। संत घर अउ सतघरवा के साधक के स्थान मानल जा हे।

मगध के योगिया भवन गुफा (जमुई) के कईगो विद्वान भगवान महावीर स्वामी के जनम स्थान मानो हका ई बात के अलावे योगिया भवन के भव्य स्वरूप ओकर वैभव से भरल अतीत के साक्षी हे अउ उदाहरण हे कि पहिले भी मगधवासी घर बनावे के परियास कैयलका हल।

राजगीर के स्वर्ण भंडार (नालन्दा) गुफा से स्पष्ट होवे हे कि लोग अप्पन समान के सुरक्षा करे के उपाय करो हलाऽ। गुफा सबके चरचा से ऐगो अउ बात स्पष्ट हो जा हे कि मगध में पत्थर कालीन सभ्यता के मूक दर्शन गुफा अउ पत्थर के औजार करावो हे।नवादा के सीतामढ़ी गुफा के बनावट के इतिहासकार कोय शक्तिशाली व्यक्ति के द्वारा बनावल मनो हका । लोकमान्यता है कि निर्वासन के समय जगत जननी सीता जी, जे भगवान राम के धर्मपत्नी हलथीन ऐतय समय गुजरालथीन हल अउ ऋषि बाल्मीकि उनखर देख-रेख कैयलथीन हल मानल जा हे लव अउ कुश के जनम ऐतैय ऐ हे गुफा में होल हल।

कुछ इतिहासकार मानो हथीन कि आर्य जाति के प्रवेश बाद में मगध में होल हे मुदा रामायण काल खास करके उत्तर रामायण से स्पष्ट होवो है कि लव अउ कुश प्रभाव शाली अठ शक्ति सम्पन्न हला। मगध के सांस्कृतिक इतिहास के ई विडंबना ही मानल जा हे कि ऐकरा में क्रमबद्धता के अभाव हे मुदा जता इतिहास के पन्ना गुम हो जा हे ओता पुरातात्वीक साक्ष्य ओकर वैभव से भरल अउ सूसंस्कृत जीवन के दर्शन करावो हे।

मानल जा हे मगध के पहिला राजा भगवान राम के पुत्र जो ऋषि वाल्मीकि के साधना से उत्पन्न होला हल कुश हथीन जे मगध के पहिला आर्य राजा मानल जा हथीन रामायण के कथा में भगवान राम के गुणगान है से गुनी कुश के शक्ति सम्पन्न राज के चरचा कम हे मुदा मानल जा हे कि कुश के पोता अमूर्तरयस के पुत्र गय आमूर्त रयस काशी के पूरब गंगा अउ सोन नदी के बीच जे पहिले धर्मारण्य के नाम से प्रसिद्ध हल अठ बाद में मगध कहलाल में पहिला आर्य राज्य स्थापित कैयलका हला मानल जा हे, गया चक्रवर्ती राजा होला हल अउ उनखर राज नगर गया हला

मगध के सांस्कृतिक इतिहास से स्पष्ट हे कि प्रारम्भ से ही मगध के राजा शक्ति सम्पन्न होला हे आउ आर्य संस्कृति अउ सभ्य जीवन विधान के दर्शन लगातार होवो हे।

रामायण में वशिष्ठ सुमन्त से कहलथीन हल कि यज्ञ के निमंत्रण मगध देश के रजा के भी देल जाय काहे कि तहिना मगध के राजा सब शास्त्र के ज्ञाता हलथीन अउ उनखर वेद-पुराण के ज्ञान के प्रभाव हल। ई बात के विस्तार से चरचा आदि काण्ड के 13वां सर्ग में कयल गेल हे। जब केकैयी कोप भवन में चल गेली हल आउ नाराज भूखल सूतल हली हल तब उनखा मनावे के परिवास कैंपल जा रहल हल ओकरे क्रम में राजा दशरथ मगध में बनावल सब ढंग के कलात्मक वस्तु देवे लेल निवेदन कैयलथीन हल।

रामायण के दून्नू वृतांत के अलावे जनकपुर जाय के समय सोन नदी के किनारे से राम अउ लक्ष्मण के गुरु वशिष्ठ मगध देश देखेयलथीन हला

रामायण के चरचा से स्पष्ट होवो हे कि भगवान राम के जमाना में मगध में कलात्मक वस्तु बनावल जा हल जेकरा प्राप्त करे लेल राजा अ महाराजा भी कोशिश करो हला रामायण के कथा से ऐ हो स्पष्ट होवो हे कि मगध के राजा ज्ञानी हला आउ वेद पुराण के ज्ञाता हला कालिदास रघुवंशम् ( 1.31 ) में रघु के पिता दिलीप के शादी मगध नरेश के कन्या सुदक्षिणा से होवे के बात लिखलका हे ऐकरा से साफ स्पष्ट हे कि मगध आर्य जाति के पुरान स्थान हल। संभव हे ऋग्वेद में कीकट देश के चरचा कोय आज स्थान विशेष के लेल कयल गेल हे मुदा वायु पुराण के व्याख्याकार मगध के ही कीकट देश; माने कीड़ा-मकोड़ा के रहे के स्थान मानो हथ । वायु पुराण में गया, पुनपुन नदी, चवन मुनि के आश्रम आउ राजगीर के पुण्य के स्थल मानल गेल हे।

ब्रह्म पुराण के के अनुसार सम्राट पृथु ही भूमि के दोहन आज जल संचय के ज्ञाता हलधीन, अप्पन प्रशंसा में मगध के गवैया के गीत सुनके उनखा मगध- प्रदेश दान में दे देलथीन हल। मनु संहिता में मगधवासी सबके भ्रमणशील आठ गायक अउ वाणिज्य में संलग्न कहल गेल हे। तैत्तिरीय ब्राह्मण (3,4,1,1,) में कहल गेल हे कि मगधवासी अप्पन तेज आवाज के कारण प्रसिद्ध हला। पंचविश ब्राह्मण में मगध के निवासी ब्रात्य सबके विस्तार से चरचा कैयल गेल हे पंचविश ब्राह्मण में (17-4) ब्रात्य सबके विशद वर्णन कैयल गेल हे ब्रह्म पुराण में मनुसंहिता में अउ तैत्तिरीय ब्राह्मण में कहल गेल हे कि मगधवासी अदीक्षित होवे के वादो दीक्षितवाय माने कम पढ़े लिखे के बादो ज्ञान के बात करो हलथीन आउ कठीन शब्द के सुगम उच्चारण में मगधवासी के महारथ प्राप्त होल हल।

महाभारत में मगध अउ मगध देश के राजा आउ यहां के सांस्कृतिक जीवन के विस्तार से चरचा कयल गेल हे। सबसे पहिले वासुदेव श्री कृष्ण अर्जुन अउ भीम से कहलथीन हे! पार्थ मगध के राजनगर गिरिब्रज सुन्दर नगर हे, पांच पहाड़ से घिरल, ई राजनगर के रक्षा के लेल पांच पहाड़ तन के खड़ा हके, यहाँ के तालाब में पानी भरल हे अउ गऊ शक्तिबर्द्धक दूध दे हे, सबसे बड़गर बात हे कि मगध देश के वासी आपस में मेल से रहो हथा।

महाभारत के वन पर्व में लिखल हे कि भगवान भृगु के पुत्र जमदग्नि के पांच पुत्र में सबसे बड़ा वसु हलथीन अउ सबसे छोटा परशुराम जी हलथीना महाभारत, भागवत पुराण अउ वायु पुराण में लिखत हे क बसु वंशगर राजा होलथीन हल अउ ओहे मगध देश के राजधानी वसुमति जे गिरिब्रज अउ राजगीर के नाम से प्रसिद्ध होत हे, वसोलथीन ला पुरोहित ब्राह्मण श्रेष्ट गुरू वशिष्ठ के सौ बेटा के क्षत्रि मार देलक मुदा ऊ प्रतिरोध जय कैलयका मुदा परशुराम अप्पन पिता जमदग्नी के मीत के बदला क्षत्रिय के निखत्री करके कैलयका हल मगध के संस्कृति में शस्त्र अउ शास्त्र दुन्नु के महत्व हे अंदर भीक्षाटन के विरोध हे। कमा के खाय के संस्कार हे। आश्रित के भोजन करावे के संस्कार हे ई गुनी मगध के संस्कृति में आगत के स्वागत के भाव अउ आश्रित पर दया के भाव भी हे। ई संस्कृति के अलग पहचान हे। ई अय तो क्षत्रिय संस्कृति हे आउ जय तो पुरोहित ब्राह्मण संस्कृति हे। ई कृषि संस्कृति हे। कृषक दयालू होवो हथ अउ खेती के रक्षा के लिए कठोर भी होवो हथ इ उनखर परम्परा गत व्यवहार हे जेकरा ब्रह्मर्षि संस्कृति मानल जा सकल है। ई कोय जात के बात जय है।

श्रीमद् भागवत पुराण में राजा सबके अउ राजा के व्यवस्था के चरचा हे। ओहे चरचा में मानल गेल हे वसु के पुत्र बृहदर्थ मगध देश के प्रतापी राजा हलथीन महाभारत के अनुसार ऊ तीन अक्षौणि सेना के मालिक हलधीन रूपमान, धनमान अउ यज्ञिक बृहदर्थ के शादी काशी राज के दू पुत्री के साथ होल हल मुद्दा विषय सेवन करत र दिन बीतला के बादो कोय पुत्र नाय होला के कारण बृहदर्श परेशान रहो हलथीन । आगे सभा पर्व के लम्बा कथा में कहल गेल हे कि एक दिन गौतम कासीवन के पुत्र महात्मा चण्डकौशिक तपस्या से उपराम के बाद वसुमति पधरालथीन आउ राजा के आम के बगीचा में बैठ गेलथीन । व्याकुल मगध नरेश चण्ड कौशिक के सत्कार में लग गेलथीन तब प्रसन्न होके महात्मा चण्ड कौशिक आम के ऐगो फल राजा के देलथीन आउ दून्नू रानी के खिलावे के निर्देश देलथीन । आगे के कथा के अनुसार आम फल खाय के बाद दून्नू रानी के गर्भ से मांस के अलग-अलग लोथड़ा पैदा भेल जेकरा जंगल में फेंक देल गेल मुदा जरादेवी नामक ऐगो देवी जेकरा कुछ पुराण में राक्षसी कहल गेल हे मुदा ऊ देवी मगध नरेश के भक्त हलथीन जे गुनी दून्नू लोथड़ा के जुड़ल रूप के साथ सुन्दर अउ स्वस्थ्य बालक राजा के सौंप देलधीन, ओहे बालक जरासंघ नाम से प्रसिद्ध हो गेला अउ आगे चलके संसार के पहिला सम्राट भी ओहे होला ।

वसु के वंशज बृहदर्थ अउ उनखर पुत्र जरासंघ वासुदवे श्री कृष्ण के भागवत धरम, जेकर अनुसार जे जाति के लिए जे काम तय हे क जाति के लोग के ओहे काम करे लेल बाध्यता के विरोधी हलथीन दुसरका बात वासुदवे श्री कृष्ण क्षत्रिय जाति के पांडव पुत्र के युद्धिष्ठिर के राजाधिराज बानवे के जोड़-तोड़ में लगल हलथीन जे जरासंघ के रहते संभव जय हल।

महाभारत के सभा पर्व में वासुदेव श्री कृष्ण अप्पन नीति स्पष्ट कैयलधीन अउ सामने होला के बाद श्री कृष्ण जरासंध से बोललखीन - राजन तो तो क्षत्रिय के बलिदान करे के निश्चय कैयला हे मुदा हम क्षत्रिय जाति के अभिबृद्धि के लेल तोरा बध करे लेल अइलूं हे, तो घमण्ड में हका कि तोहरा जैसन योद्धा क्षत्रिय जाति में जय हे, तोर भ्रम हे। वासुदेव श्री कृष्ण के कथन से स्पष्ट हो जा हे कि जरासंध क्षत्रिय नय हला आउ ब्राह्मण होके राजा हलाऽ ई बात भागवत धरम के प्रचारक वासुदेव श्री कृष्ण के पसन्द जय हल, काहे कि श्री कृष्ण सिर्फ क्षत्रिय के राजा होवे के अधिकारी मानो हलाऽ अठ बिना कोय विरोध के ऊ कहलथीन कि हम क्षत्रिय जाति के अभिवृद्धि चाहो ही मुदा ब्रह्मर्षि वसु, बृद्रथ के वंशसज जरासंध भगवान विष्णु के दस अवतार में पहिला मानव योनि के अवतार भगवान परशुराम के राह पर चले वाला हलाऽ अठ उनखर में ब्रह्मषि खेती करो हलथीन अप्पन आश्रित के भोजन देवे वाला हलधीन मगध के जानल मानल ब्राह्मण अरिस्टनोमि के कथन हे- हम सदा सत्य बोलो ही अठ सदा अप्पन धरम के पालन करो ही ई गुनी राज मौत के भय नय हे अउ हम ब्राह्मण के कुशल के कामना करो ही; हम उनखर अच्छा काम जॅकरा शुभ काम मानल जाहे ओकर चरचा करोही केकरो दोष के बखान नय करोही हम अतिथि के आदर करो ही अउ हमनी पर जिनखा पालन के भार हे उनखा पूरा भोजन करावो ही हम अन्न दाता ही अउ सबके खिलैला के बाद हम भोजन करोही। हम सदा शाम, क्षमा तीर्थ सेवन अउ दान देवे वाला ही ई गुनी हम पवित्र देश के निवासी ही ।

अरिष्टनोमी के कथन से स्पष्ट हो जा हे कि जरासंध भी दान देवे वाला ब्राह्मण हला अउ मगध में काम (परिश्रम करके खेती अउ उद्योग करके परिवार चलावल जा हल अउ ई गुनी मगध वैदिक संस्कृति के भूमि हल अउ महज जाति के नाम पर राजा होवे के परम्परा के विराध यहां होल हल।

महाभारत में अउ भागवत पुराण में जे लिखल हे ओकरो से साफ हो जा हे कि जरासंध वैदिक देवता सबके मानो हलाऽ जबकि श्री कृष्ण वैदिक देवता के शक्ति कम करके उनखर पूजा रोकवा देलथीन हल।

महाभारत के सभा पर्व में जरासंध वध अठ बंदी क्षत्रिय राजा के मुक्ति पर वैशम्पायन जी जनमैजय से कहलथीन कि श्रीकृष्ण जी जरासंध के ध्वजा मोडत दिव्य रथ जोतलथीन ऊ रथ मे नाम "सौदर्यवान" हल जेकरा पर एक साथ दू महारथी बैठके युद्ध कर सकोऽ हलथीन । ई रथ इन्द्र ने वसु को, वसु ने बृहदर्थ को, अउ बृहदर्थ अप्पन बेटा जरासंध के देलथीन हल। ई बात से अउ साफ हो गेल कि राजा जरासंघ ब्रह्मर्षि हलयोन अ मगध के संस्कृति में शाम, दाम अठ क्षमा के बड़गी महत्व हल।

महाभारत काल में मगध कल अठ बल में सबसे आगे हल अ जमाना से कलात्मक काम मगध में हो रहल हल जेकरा से स्पष्ट ह हे कि मगध के लोग जमाना से शान्त स्वभाव अउ विचारवान हला तभी तो क्षत्रिय जाति के राजनगर हस्तीनापुर पारिवारिक युद्ध के केन्द्र हो गेल अउ महज राजा होवे लेल महाभारत युद्ध भेल। ऊ कतना भयानक हलः मुदा मगध के वंशगर जरासंध के राज परिवार में कभी राजा होवे लेल युद्ध नय भेल अउ संसार के इतिहास में ब्रह्मर्षि राज परिवार जरासंध से लेके सहदेव अउ रिपुंजय तक नौ सौ चालीस साल तलक राज कैयलथीन हल। श्रीमद् भागवत पुराण के अनुसार जरासंध के बाद ई वंश के 29 राजा होलथीन हल मुदा अन्य पुस्तक के अनुसार ई वंश के चालीस राजा होलथीन अड एक हजार साल तलक महाभारत युद्ध के बाद भी ई वंश के शासन चलल ।

ई काल में मगध क्षेत्र में कोय पहचान रखे वाला पुरोहित ब्राह्मण के दर्शन नय होवो हल अठ वासुदेव कृष्ण के भागवत धरम कि ब्राह्मण के काम वेदाभ्यास अउ राजा के आज्ञा के पालन के खिलाफ वैदिक व्यवस्था कि ब्राह्मण भी राजा हो सको हथीन अउ क्षत्रिय भी सेवा के काम कर सको हथीन लागू हल अब गैर क्षत्रिय भी राजा हो सको हलाऽ अउ गैर ब्राह्मण भी वेदाभ्यास कर सको हलथीन ।

महाभारत युद्ध के बाद के काल के राज परिवार के वंशसज में केवल वसु, बृहदर्थ अउ जरासंध के वंशसज के राज चलल अउ सबके सब प्रजा पालक राजा होलथीन हल कृषि पशुपालन के विकास खूब हॉल हल अउ कृषक के अन्नदाता मानल जा हल ई वंश के राजा के राज में समता मूलक समाज के रचना भेल अउ वैदिक देवता सूर्य अउ इन्द्र के पूजा होवो हल पुरा मगध देश जेकर क्षेत्र ऊ जमाना में आर्यवर्त के तीन हिस्सा हल ओकरा में सूर्य, इन्द्र अउ शिव के पूजा होवो हल अउ कईगो सूर्य मन्दिर के निर्माण होल हल। राजा जरासंध के वंशसज भूपति होलथीन अठ ग्रामीण संरचणा के नया आयाम मिलल । ई काल में ब्राह्मण धन अठ शासन लेल काम करते रहला से गुनी सांस्कृतिक विकास के काम रूक गेल अउ पुरोहित ब्राह्मण ग्रंथ सबमें मगध अउ मगध के राजा सबके निन्द कैयल गेल हे। ई शासन में यज्ञ में नाम पर अउ कर्म काण्ड के नाम पर जे धन अउ पशुबल समाप्त हो रहल हल ऊ भी रोकल गेल ऐ हे कारण हे कि मगध के भदेश मान भद्दा देश तलक कहल गेल हे मुदा वैदिक परम्परा के ई सबसे महत्वपूर्ण अउ पावन धरती हे।

## ट्रैक्टर चोरी करने गए चोर को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले।

समाज जागरण संवाददाता कृष्णकांत तिवारी बगहा, रामनगर थाना क्षेत्र के बरगजवा गांव से रात्रि में ट्रैक्टर चोरी करने गए चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले । उक्त मामले में संजय महतो पिता गगनदेव महतो, जीतन महतो पिता कपिलदेव महतो, राजा ठाकुर पिता फुन्नी ठाकुर ,साहेब भर, बृजेश महतो पिता गणेश महतो साकिन सिकटा बेलवा थाना रामनगर प्राथमिकी दर्ज कराया गया । शेख भिठ्ठा ग्राम बरगजवा ने प्राथमिकी में उक्त लोगों पर ट्रैक्टर चोरी का आरोप लगाते हुए संजय महतो पिता गगनदेव महतो को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले करने की जानकारी दी। वहीं थानाध्यक्ष अनन्त राम मामले की पुष्टि करते हुए कहे की गिरफ्तार संजय महतो को जेल भेजा गया है ।अन्य नामित लोगों की तलाश जारी है ।शीघ्र सभी नामितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



## बंगाल की ओर से आ रही शराब की खेप को गलगलिया पुलिस ने किया जब्त !!

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज) शनिवार को गलगलिया थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी के नेतृत्व में वाहन सहित 232 लीटर अवैध शराब जब्त की है । हालांकि इस दौरान वाहन चालक फरार होने में सफल रहा ।

मिली जानकारी के अनुसार, गलगलिया थाना अंतर्गत एन एच 327 स्थित मद्यनिषेध चेकपोस्ट पर गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी के नेतृत्व में नियमित वाहन जाँच के दौरान बंगाल की ओर से आ रही एक टाटा सफारी कार बीआर (11 एन 6100) को रुकने का इशारा किया गया । वहीं पुलिस को देख वाहन चालक ने गाड़ी को सड़क पर खड़ी कर फरार होने में सफल हो गया । गलगालिया पुलिस द्वारा टाटा सफारी गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर गाड़ी की तलाशी के दौरान शराब की बड़ी खेप जब्त की गई । जब्त शराब के रूप में 350 बोतलों में 232 लीटर रॉयल कैस्टल व्हिस्की थी ।मद्देनजर मौके से टाटा सफारी कार को जब्त करते हुए गलगलिया थाना लाया गया है ।




गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने बताई कि बिहार में शराब का सेवन, क्रय विक्रय एवं शराब बनाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है जिसके तहत करवाई की गई । फिलहाल मामला दर्ज कर जब्त विदेशी शराब की खेप को जांच हेतु किशनगंज भेज दिया गया है ।

## पंजवारा थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में एक मामला हुआ निष्पादित

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शनिवार को पंजवारा थाना परिसर में जमीन विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव एवं बाराहाट अंचल के राजस्व अधिकारी निशा कुमारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इस दौरान बैदाचक गांव के योगेंद्र मंडल बनाम जयप्रकाश मंडल के भूमि विवाद के मामले का निपटारा किया। थानाध्यक्ष और राजस्व अधिकारी द्वारा बारी-बारी से दोनों पक्षों को सुनने और दस्तावेज के अवलोकन के उपरांत कागजात के आधार पर विवादित भूमि के सीमांकन का निर्देश दिया।



## प्रोन्नत मध्य विद्यालय कठौन के रसोईया को दी गई विदाई।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

कटोरिया प्रखंड के प्रोन्नत मध्य विद्यालय कठौन की रसोईया के अवकाश



ग्रहण करने पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर आदर पूर्वक विदाई दी गई। रसोईया बिंदेश्वरी देवी को फूल, अंगवस्त्र एवं उपहार सप्रेम भेंट किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक तुलसी दास ने कहा कि बिंदेश्वरी जी ने सभी बच्चों को काफी स्नेह दिया। बिंदेश्वरी जी ने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाया। इस मौके पर शिक्षक जितेंद्र कुमार, शिक्षिका प्रमिला कुमारी, निर्मला कुमारी, नसीरा खातून, खुशबू कुमारी, पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## सुईया पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

बांका एसपी के निर्देश पर सुईया थानाध्यक्ष मनीष कुमार के ने शनिवार को कटोरिया-सुईया मुख्य मार्ग के महेशमारा मोड़ के निकट सघन वाहन चेकिंग चलाया गया। इस अभियान में सअनि विपिन प्रसाद यादव शामिल थे। इस दौरान पुलिस द्वारा दो पहिये व चार पहिये वाहनों को जांच के लिए रोका गया। वाहन चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, डिक्की, इन्सुरेंस, प्रदूषण, चालकों के लाइसेंस अन्य की जांच की। जांच के क्रम में जिन वाहन चालकों को बिना गाड़ी के कागजात या दो पहिए वाहन चालकों को बिना हेलमेट व चार पहिये वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट के साथ गाड़ी चलाते हुये जुमार्ना वसूला।



## मारपीट के बाद महिला पहुंची कटोरिया थाना।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के सठीयारी गांव में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर गांव के अमोद कुमार की पत्नी रुकमणी कुमारी ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी की गुहार लगाई है। जिसमें गांव के ही टिपल यादव एवं उसके पुत्र गिरधारी यादव को नामजद आरोपी बनाया है। आवेदिका ने बताया है कि शनिवार को नामजद दोनों आरोपी पीड़ित महिला के घर आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। इधर हो हल्ला करने पर आवेदिका की सास एवं गोतनी बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। आवेदिका ने नामजद अभियुक्त टिपल यादव पर बदसलूकी का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## काफी गहमागहमी के बीच आंगनबाड़ी सेविका का चुनाव हुआ संपन्न।

समाज जागरण संवाददाता बेतिया, लौरिया प्रखंड के साठी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 3 में शनिवार को भारी गहमागहमी के बीच आंगनबाड़ी सेविका का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सेविका पद के लिए नुजहत परवीन को चयन पत्र दिया गया। वार्ड सदस्य बिंदु पासवान की अध्यक्षता में साठी पंचायत के वार्ड नंबर 3 के गुलाब नगर धांगड टोली में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षिका ममता कुमारी मौजूद रही। इस संदर्भ में प्रवेक्षिका ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए 10 अभ्यर्थी आवेदन दिए थे। जिसमें प्रथम स्थान पर नुजहत परवीन दूसरे स्थान पर शमा परवीन एवं तीसरे स्थान पर सामबेया प्रवीण थी। जिसमें आमसभा के दौरान दूसरे नंबर की आवेदिका मौजूद नहीं हुई। प्रथम तथा तीसरे नंबर की आवेदिका के कागजातों की जांच जांच के बाद नुजहत परवीन को सेविका के लिए चयन पत्र दिया गया। वहीं तीसरे स्थान पर सामबेया परवीन का आरोप था कि नुजहत प्रवीण का दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है। जिसको लेकर काफी हो-हल्ला मचा था। मौके पर उपप्रमुख लोरिया मोहम्मद जमा उर्फ गुड्डु, दरोगा अब्दुल हफीज के साथ सैकड़ों की संख्या में वार्ड की जनता मौजूद रही।



## रामनगर में आकर्षण का केन्द्र बना होली मिलन समारोह।

समाज जागरण संवाददाता कृष्णकांत तिवारी बगहा, विगत कई वर्षों से रामनगर में आकर्षण का केन्द्र बना होली मिलन समारोह ।जिसका पूरे सिद्दत से रामनगर की जनता इन्तजार करती है । भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों,होली, फाग फगुआ,ब्रज की होली की अदभुत झलकियां लोगों के दिलों को वसीभूत करता है । बसन्त ऋतु के आगमन के साथ हीं तैयारियां जोरों है । होली मिलन समारोह के तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन वरिष्ट समाजसेवी पिंटू सिंह के अध्यक्षता में उनके नेपालीटोला स्थित आवास पर किया गया ।बैठक का संचालन प्रकाश सिंह ने किया ।वहीं आयोजक मंडल में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि होली मिलन समारोह का आयोजन हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई एकता का प्रतीक है और रामनगर के सभी समुदाय के लोग इस कार्यक्रम के माध्यम से सारे गीले शिकवे भुलाकर होली मिलन समारोह के फाग फगुआ के रंग में रंगकर दिल से लेकर आत्मा तक सराबोर हो जाते हैं। रंग गुलाल के भीनी भीनी खुश्बू से पूरा वातावरण खुशनुमा बन जाता है । उसी याद को ताजा करने के लिए आगामी होली पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह के आयोजन पर चर्चा किया गया है । मौके पर संजय मिश्रा,काशीनाथ तिवारी, मनीष पाण्डेय, मयूरसेन यादव, पिन्टु सिंह, दिनेश मुखिया, मनीष पांडे, पप्पू खां,लव कुमार, सफेद खां,लखन गोंड, प्रकाश सिंह,अजय उपाध्याय,ओम सिंह, भुपेंद्र सिंह, विकास सिंह गणमान्य लोग मौजूद रहे



## रामकृपाल यादव ने रिंगरोड से शेरपुर से बिहटा होते हुए कोइलवर में पटना बक्सर फोरलेन से जोड़ने की रखी मांग

मनेर। पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद रामकृपाल यादव ने दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष यादव से एनएचआई मुख्यालय में मुलाकात कर पटना से गंगा पथ एलिवेटेड रोड निर्माण जो शेरपुर तक बनने वाली है , उसे आप शेरपुर से मनेर होते हुए कोईलवर,बिहटा तक स्वीकृति गंगा नदी पर पुल से लेकर पटना बक्सर फोर लेन के बिहटा या कोईलवर तक गंगा पथ की तर्ज पर जोड़ने की मनेर की जनता की मांग रखा।सांसद ने मंत्री को बताया कि इस क्षेत्र में चार लाख आबादी है। इसे बनजाने के बाद सभी वर्ग के लोगो इस सड़क का लाभ मिलेगा। सांसद ने बताया कि मंत्री महोदय ने भरोसा दिलाया है की इस सड़क पर गम्भीरता पूर्वक विचार करेंगे और हमारी कोशिश करेगी कि मैं आपकी मांग को पूरा करने कि प्रयास रहेगा। वही सांसद की इस पहल पर स्थानीय कार्यकताओं के अलावे ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष व प्रवक्ता डॉ निखिल आनंद, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, किसान प्रकोष्ठ प्रवक्ता प्रेम प्रकाश यादव, दियारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, मुंशी कुमार, धीरज यादव, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, मुन्ना यादव सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए सांसद को बधाई दिया।



## डिलीवरी बॉय के हाथ से मोबाइल छीन कर युवक हुआ फरार, पुलिस ने मोबाइल के साथ रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- डिलीवरी बॉय के हाथ से मोबाइल छीन कर एक युवक के द्वारा फरार हो जाने का मामला सामने आया है। ताजा मामला बंधुआकुरावा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बंधुआकुरावा थाना क्षेत्र के रोझावरण गांव से पुलिस ने शनिवार को एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। साथ में चोरी का मोबाइल भी बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि, किसी व्यक्ति ने ऑनलाइन मोबाइल आर्डर किया था। जब डिलीवरी ब्वॉय ऑर्डर देने पहुंचा तो, रोझावरण गांव निवासी मुकेश कुमार यादव ने मोबाइल लेने के लिए डिलीवरी ब्वॉय को रोका। दोनों में पेमेंट की बात होने लगी। इतने में अचानक मौका पाकर मुकेश कुमार यादव मोबाइल लेकर फरार हो गया। जिसके बाद डिलीवरी ब्वॉय ने बंधुआकुरावा थाना पहुंचकर सारी घटना के बारे में पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर छापेमारी प्रारंभ कर दी। जिसके उपरांत पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार यादव को चोरी के मोबाइल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी युवक को बांका जेल भेज दिया गया है।



## देवर ने गर्भवती भाभी के साथ किया मारपीट महिला पहुंची थाना।

कटोरिया थाना क्षेत्र के बंगाल गढ़ की एक विवाहिता आरती देवी पति मुन्ना दास ने कटोरिया थाना में अपने देवर के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में महिला ने बताया कि शनिवार 11:00 बजे दिन में मैं अपने घर पर खाना बना रही थी ।इस बीच मेरा देवर मुकेश दास आया और मेरा मोबाइल मांगाकर ले गया। कुछ देर के बाद मोबाइल मांगने पर मुझे गंदी गंदी गाली देने लगा। मना करने पर मुकेश दास और चचेरा भैंसर कुंदन दास एवं उनकी पत्नी बदनिया देवी ने मेरे साथ मारपीट किया। महिला ने कटोरिया थाना में दिए आवेदन में यह बात का खुलासा किया की गर्भवती रहने के बावजूद भी इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट किया । महिला की मां मिलने आई तो उपरोक्त सभी आरोपी ने इनकी मां के साथ भी मारपीट की। इसको लेकर महिला ने कटोरिया थाना में आवेदन देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



## लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुत्र चिराग पासवान का चांदन में भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत शाह**

चांदनः लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवंगत रामविलास पासवान के पुत्र सह सांसद चिराग पासवान को चांदन में भव्य स्वागत क्या गया जानकारी के अनुसार शनिवार एक 11 फरवरी को लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद चिराग पासवान अपने कार्यकताओं के साथ एक दिवसीय शोक सभा में भाग लेने मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड राहुल जी की परिजनों से मिलने जा रहे थे जिसकी सूचना पर देवघर कटोरिया मार्ग के चांदन बाजार के लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकताओं द्वारा फुल माला पहनाकर कर भव्य स्वागत किया गया। भव्य स्वागत में सांसद चिराग पासवान ने चांदन बस स्टैंड पर रुक कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जहां कार्यकताओं ने फूल माला से सम्मानित किए मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार साह प्रखंड अध्यक्ष अरुण झा कैलाश मोदी विक्रम कुमार पप्पू मोदी सुमन पांडेय सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।



## भूमि विवाद के आयोजित जनता दरबार शिविर में दो मामले को किया निष्पादन:सुइयां

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः जिला अधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर शनिवार 11 फरवरी को भूमि विवाद से संबंधित सुइया थाना परिसर जनता दरबार शिविर आयोजित किया गया, जनता दरबार शिविर में मुख्य रूप से चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य व थाना अध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में तीन नए मामले दर्ज किया गया जिसमें एक रास्ता से संबंधित एवं दो मामला भयादी बंटवारा से संबंधित। तीनों मामलों में सम्बंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होने के कारण अगले शनिवार को सुनवाई होने बात कही गई। वहीं दूसरी ओर दो पुराने मामले जो बंटवारा से संबंधित उसे फरियादियों को समझा बुझाकर कर निष्पादित कर दिया गया। मौके पर गणमान्य लोगों के साथ फरियादी मौजूद थे।



## बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए रामनगर थाना परिसर में लगाया गया भर्ती शिविर का आयोजन।

**समाज जागरण संवाददाता कृष्णकांत तिवारी बगहा, 42 को मिली नौकरी**

जिला प्रशासन के सहयोग से गरीब शिक्षित एवं बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार देने के उद्देश्य भगा जिले के सभी थाना अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया है 11/2/23 को चौतरवा थाना कैंप का आयोजन किया गया इसमें 180 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें 42 अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक नौकरी पाने में सफलता प्राप्त हुई/ जिन्हें 15/1/23 को एक महीना ट्रेनिंग के लिए एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर आरा नियर कोइलवर रेलवे स्टेशन समय 10:00 रिपोर्ट करना है साथ में अपना शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आधार कार्ड बैंक पासबुक क्रोना वैक्सीन सर्टिफिकेट सोने के लिए वेडिंग ले जाना अनिवार्य है जानकी 30 दिन ट्रेनिंग होगी ट्रेनिंग के दौरान मैंने और खाने की व्यवस्था कंपनी के द्वारा की जाएगी एवं ट्रेनिंग समाप्त कर देने के बाद सभी अभ्यार्थियों को ट्रेनिंग सेंटर से ही देश के विभिन्न राज्यों में ड्यूटी के लिए पोस्टिंग कर दी जाएगी जैसे राज सरकार एवं केंद्र सरकार प्रतिष्ठान उद्योगी क्षेत्र आवासीय क्षेत्र यूनिवर्सिटी,
बैंक कॉल लाल किला कुतुब मीनार एवं अन्य स्थानों पर की जाएगी जहां इनकी सैलरी शुरूआती 13 से 16 हजार 3 महीने बाद 17000 से 22000 हजार कंपनी के तरफ से सुविधाः- पीएफ ईएसआईसी रिटेल पेंशन बोनस एवं 2 बच्चों का आईपीएस स्कूल देहरादून में पढ़ाने की सुविधा सर्विस लेन 65 वर्ष तक होगी भारती अधिकारी सह कमांडेंट लक्ष्मी नारायण सिंह, सहयोगी ने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि या भर्ती केवल पुरुषों के लिए है सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पद पर बहाली की जानी है आयु सीमा 21 से 37 वर्ष ,शैक्षणिक योगिता मैट्रिक पास सुरक्षा जवान इंटर पास सुरक्षा सुपरवाइजर लंबाई 167.5 सुरक्षा जवान 170 सुपरवाइजर होना अनिवार्य है सभी मापदंड पूरा करने के बाद लिखित परीक्षा के उपरांत केवल चयनित अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन
वा प्रोस्पेक्टस के लिए ड्ड350 अदा करना होगा जिसकी रसीद दी जाएगी नियुक्ति पत्र के साथ/भर्ती का स्थान व तिथि समय दिया जायगा।



## पालीगंज में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय अनुमंडल कार्यालय में शिकायतों का निष्पादन के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जानकारी केअनुसार अनुसार शनिवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत में एक टीम बना जिसमें न्यायिक सदस्य सुभाष चन्द्र द्विवेदी, सब जज तथा गैर न्यायिक सदस्य सह अधिवक्ता हृषिकेश मौजूद थे। मौके पर पालीगंज ब्यवहार न्यायालय में कार्यरत कर्मी निशांत कुमार, सन्तोष कुमार,दीपक कुमार व मनोज कुमार के सहयोग से सिगोडी, महाबलिपुर, मसौडा, इमामगंज, पतुत, कोरैया सुल्तानपुर, कनपा, पालीगंज व दतियाना स्थित पंजाब नेशनल बैंक के कुल वाद 380 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें विवादों को 29322468 रुपये में समझौता कर 2679498 रुपये प्राप्त किया गया। इसी तरह दक्षिण बिहार ग्रमीण बैंक पालीगंज का 26 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमे 1189700 रुपये में वादों को समझौता कर 268800 रुपये प्राप्त किया गया। वही बीएसएनएल का कुल 23 वादों को 46139 रुपये में समझौता किया गया। वही पालीगंज थाने में दर्ज पांच आपराधिक मुकदमा काण्ड संङ्ग 269/13, 17/16, 288/13, 289/13, 72/16 का निबटारा आवेदक एवं अभियुक्त के उपस्थिति में सुलह समझौता कराते हुए किया गया। मामले की पुष्टि लोक अदालत में मौजूद गैर न्यायिक सदस्य हृषिकेश ने किया है।



## जमशेद जी के दुकान में हर तरह के सीट कवर उपलब्ध है

**दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिला में काली मंदिर महिला कॉलेज की बीच पंचकोणी चौक के पश्चिम साइड में बाइक से लेकर थ्री व्हीलर फोर व्हीलर सीट कवर रिटेल और होलसेल दुकान खुल चुका है जो हर तरह के मनपसंद फामेर्सी एक से बढ़कर एक डिजाइन सीट कवर अपने हाथों से बनाकर सही फर्निशिंग कर बेचा जाता है अच्छी क्वालिटी कार सीट कवर अच्छे सही कारीगर के द्वारा तैयार किया जाता है अगर कोई रिटेल रेट पर लेना चाहे तो सही रेट सहित सामान मिल सकता है अगर कोई व्यक्ति होलसेल रेट पर लेना चाहे तो वह भी उपलब्ध है बताया जा रहा है कि इनका माल बेंगलुरु मुंबई दिल्ली पटना से आता है और अच्छी क्वालिटी का माल होता है यहां तक कि इनके यहां गारंटी भी है और मार्केट से ₹100 से लेकर 200 तक कम में मिलता है और बाइक का हर बाइक का सीट कवर नए से नए डिजाइन के सीट कवर बनाए जाते हैं लेडीज पर्स बच्चे का स्कूल बैग जींस बैग भी बनाकर बेचा जाता है बताते हैं कि हमारे पास हर गाड़ी का सीट कवर स्कूल बैग लेडीस बैग हाथ रख कर सीट कवर यहां तक की थ्री व्हीलर फोर व्हीलर का भी सीट कवर बनाया जाता है दुकान का मालिक मौलाना जमशेद आलम साहब ने बताया कि मेरा दुकान का नाम नाइन स्टार सीट कवर स्टोर है मौलाना जमशेद आलम ने बताया कि मैं 10 साल बेंगलुरु में काम सीखने में लगाया जब काम पूरा सीख लिया तो कुछ दिन बेंगलुरु में ही काम किए लेकिन मेरे दिल में याद आया कि अगर मैं अपने इलाके में यह काम शुरू कर दूं तो हमारे इलाके में हमारे इलाके की जनता को सही फर्निशिंग सही सामान सही रेट मिलेगा क्यों ना मैं अपने इलाके में जाकर दुकान खोल दो और मैंने अपने इलाके में आकर 9 स्टार सीट कवर के नाम से दुकान खोला जो आज के दिन काफी चल रहा है कई जगह हमारे हाथों से बनाया हुआ सिक्का भर एजेंसी पोर्टल रेत पर खरीदा जा रहा है यहां तक की हमारे हाथों का बनाया हुआ सीट कवर अदर स्टेट तक जाता है और बाइक वाले हमारे पास पहुंचते हैं मनपसंद सीट कवर बनाने और मैं बना कर देता हूं सही रेट सही माल मेरे पास मिलता है ना दाम में कंप्रोमाइज होता है ना माल में कोई कंप्रोमाइज अगर कोई चाहे तो हमारे यहां आकर एक से एक बढ़कर अच्छे से फनी सीन अति सुंदर सीट कवर बनाने का ऑर्डर दे सकते हैं और कई सकते भी हैं यह काम में अपने हाथों से खुद करता हूं यहां तक की बच्चे का स्कूल बैग भी एक से एक बनाकर तैयार करता हूं लेडीस बैग लेडीज पर्स जेंट्स बैग भी बनाया जाता है हमारे पास मैं तो यह कह रहा हूं कि मेरे पास कोई भी कहा आए तो मैं उनको मार्केट से सो ₹200 का कम रेट में दे सकता हूं जैसा भी हूं मेरे पास बुलेट हुंडा गलेमार अपाचे लगभग हर गाड़ी का सीट कवर बनाया जाता है और ₹100 से लेकर 1578 का सीट कवर मिलता है हमारे पास



## सड़क दुर्घटना में तीन लोग सहित गर्भवती महिला जख्मी

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- सड़क दुर्घटना में तीन लोग सहित गर्भवती महिला जख्मी हो गई। घटना शनिवार की है। मिली जानकारी के अनुसार बौंसी थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी सलीम खान अपनी गर्भवती पत्नी सितारा खातून और 4 साल के बच्चे के साथ मोटरसाइकिल के माध्यम से रेफरल अस्पताल से ही अपनी पत्नी की जांच करा कर घर की ओर जा रहे थे। थाना क्षेत्र के सिमरामोड़ समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद तीनों सड़क किनारे गिर गए और जख्मी हो गए। हालांकि बाइक सवार के द्वारा पिकअप वाहन का पीछा करने का प्रयास करने का प्रयास भी किया गया। लेकिन पिकअप वाहन भागने में कामयाब रहा। इस दौरान गर्भवती महिला सड़क पर दर्द से छटपटाती रही। स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से महिला को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जख्मी महिला का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही पति और बच्चे का भी उपचार रेफरल अस्पताल में किया गया।



## साक्षरता प्रेरक कि पति ब्रेन हेमरेज से हुआ आकस्मिक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः साक्षरता मिशन के प्रेरक संगीता देवी के पति प्रमोद यादव कि मौत ब्रेन हेमरेज से हो गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी बारने पंचायत के कूम्हराडीह (नोनिया) गांव के जगरनाथ महतो के लगभग पचास वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव शनिवार समय नौ बजे नोनिया गांव से घर का एक बोरा चावल लेकर पैदल घर आ रहा। इसी क्रम में घर के नजदीक पोखर के पींड पर बने पक्की सड़क पर ठोकर लग जाने से युवक गिर कर बेहोश हो गया। जिसकी जानकारी परिजनों को होते ही जब तक घटनास्थल पर पहुंचा तब तक देर हो चुकी थी।तब तक युवक का मौत हो गया था। वहीं परिजनों ने बेहोशी समझ कर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिवारिक सुत्रों के अनुसार मृतक कथित तौर पर मानसिक रूप से पिडित थे जिसका इलाज चल रहा था। वहीं युवक को मृत होने की घटना पर परिजनों के साथ साथ शुभचिंतकों में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा कि मृतक के पत्नी संगीता देवी साक्षरता मिशन के प्रेरक थी। मृतक ने अपने पिछे तीन पुत्र एवं पुत्री के साथ भरा परिवार छोड़ कर चला गया है। इधर प्रमोद यादव कि आकस्मिक मौत होने घटना आग तरह फैल गई। इनके निधन पर चांदन पंचायत के मुखिया अनिल कुमार,राजद नेता मीठन यादव, एवं मृतक के पुर्व मुखिया सुरेश यादव, साक्षरता प्रेरक तुफान साह, आदि गणमान्य लोगों ने शोकाकुल परिवार को संतावना दिया। तत्पश्चात परिजनों ने मृत शव को अंतिम संस्कार कर दिया।



# चाकू से गोदकर हुई निर्मम हत्या का पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर पदार्फाश

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर में एक युवती की निर्मम हत्या के बाद शव उसके ही घर में मिला था।मामला गाजीपुर शहर कोतवाली के टेढ़ी बाजार नगर क्षेत्र का है ।

जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुची और छानबीन के बाद राहुल यादव (22) वर्ष को तथ्यों के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश किया और बताया कि मृतक युवती और गिरफ्तार अभियुक्त के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था ।



हत्या के बाद कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने सर्विलांस के आधार पर आला कत्ल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।

उन्होंने बताया कि आरोपी को शक था कि उसकी प्रेमिका उसको धोखा देकर दूसरे से भी बातचीत करती है और सम्बंध रखती है ।

# अभियुक्त उपेन्द्र राय का गैंगस्टर एक्ट के तहत गोंडउर का मकान कुर्क

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त उपेन्द्र राय पुत्र प्रदीप राय निवासी 303 ब्लूमबर्ग टावर ओमेक्स हाईट विभूति खण्ड लखनऊ पूर्वी कमिश्नरेट लखनऊ,मूल निवासी ग्राम गोंडउर थाना करीमुद्दीनपुर तहसील मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर द्वारा अपने संगठित आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से उसके पुश्तैनी आबादी की भूमि पर गोंडउर थाना करीमुद्दीनपुर तहसील मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर पर भवन निर्माण किया जा रहा था।जो बेनामी अचल संपत्ति है को शनिवार को दोपहर बाद कुर्क किया गया।जिसकी कीमत अस्सी लाख चौबीस हजार सात सौ चौरासी रूपया है तथा बाजारू कीमत तीन करोड़ पचास लाख रुपए है।

**मौके पर अभिषेक भारती पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तहसील दार बिजय प्रताप सिंह एवं भारी फोर्स की मौजूदगी में मकान को कुर्क किया गया।**

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती ने बताया की पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध गाजीपुर में अवैध तरीके से धन,भू सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद गाजीपुर की प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर की संस्तुति के आधार पर



जिलाधिकारी गाजीपुर के द्वारा दिनांक 8 फरवरी 2023 को पारित कुर्की आदेश के अंतर्गत उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी अधिनियम 1986 विरूद्ध अभियुक्त उपेन्द्र राय पुत्र प्रदीप राय का मकान मुनादी करा कर कुर्क किया गया।इस दौरान मकान के अंदर ताला,मकान कुर्क के संबंध में पोस्टर एवं मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगा कर उसे सील किया गया।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक करीमुद्दीनपुर विश्वनाथ यादव, थानाध्यक्ष भांवरकोल सत्येन्द्र राय,

राम बहादुर चौधरी

अतिरिक्त निरिक्षक मुहम्मदाबाद कोतवाली समेत भारी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# जिलाबदर अपराधियों से संबंधित रिकार्डो की जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच

***– जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक के साथ थाना रानीपुर में की जन सुनवाई***

शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के दिए निर्देश

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ थाना समाधान दिवस पर थाना रानीपुर में जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित थाना क्षेत्र में जिला बदर किए गए अपराधियों के तालिमा की स्थिति एवं उन पर नजर रखने के रिकॉर्ड संबंधी निगरानी रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने थानाध्यक्ष रानीपुर को जिला बदर किए गए अपराधियों पर सतत निगरानी रखते हुए उन्हें जनपद की सीमा से बाहर रखना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने थाना समाधान दिवस पर आई शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। इस दौरान कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी आई जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतो के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुछ मामलों में पुलिस एवम् लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के अलावा संबंधित थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित



# दिवंगत बेटे की तेरहवीं के खर्च से स्कूल में बच्चों को पिता ने उपलब्ध कराए संसाधन

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के खानपुर क्षेत्र के कन्हईपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के दिवंगत शिक्षामित्र स्व. सुभाष चन्द्र यादव के 13वीं संस्कार पर प्राथमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जहां समाज के लिए एक मानक स्थापित करने वाले दिवंगत के पिता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यपक निरंजन यादव व छोटे भाई सहायक अध्यापक चंद्रशेखर यादव ने छात्र-छात्राओं के सुविधाजनक शिक्षण के लिए स्मार्ट टीवी के साथ ही बच्चों के बैठने के लिए डेस्क व बेंच प्रदान किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमन्त राव के हाथों विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीश यादव को संसाधनों को सौंपा गया। परिजनों के इस कार्य को बीएसए हेमंत राव ने सराहनीय पहल बताते हुए जमकर सराहा और लोगों से अपील किया कि इस प्रकार के कार्यों को जन जागरण में फैलाना चाहिए। ताकि अन्य लोग भी आगे आ सकें। इस मौके पर सैदपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार, प्राशिसं के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, इसरार अहमद सिद्दिकी, पूमाशिसं के जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव, अजय कुमार, जिपं सदस्य कमलेश यादव आदि रहे।




# आपसी रंजिश में युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**– शुक्रवार की देर रात हमलावरों में चाकुओं से किया था हमला**

**– चार फरवरी को घोसी के मझ्वारा में तीन लोगों में हुआ था विवाद**

**– मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, शव घर पहुंचते ही मचा हंगामा**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया निवासी 30 वर्षीय विजय बहादुर यादव की शुक्रवार की देर रात करीब नौ बजे चाकू गोदकर हत्या आपसी रंजिश को लेकर कर दिया गया। शनिवार को पुलिस ने इस मामले में दो आरापितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शाम को युवक का शव घर पहुंचते हुए स्वजन शव को रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने सभी को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। 30 वर्षीय विजय बहादुर यादव देर शाम को घर से बाहर निकला था कि तीन से चार की संख्या में मौजूद हमलावरों ने उसके ऊपर चाकुओं से प्रहार कर दिया। जब कोई कुछ समझ पाता हमलावर उसके शरीर पर कई जगह प्रहार कर लहूलुहान कर दिए थे। स्वजन घायल युवक को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद स्वजन दहाड़े मारकर रोने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। नगर क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि विगत चार फरवरी को मृतक विजय शंकर यादव तथा गिरफ्तार गांव निवासी अंकुर और गुर्जन तीनों घोसी के मझवारा गए थे। वही पर विवाद होने के बाद मृतक ने दोनों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी को लेकर अंकुर और गुर्जन ने योजना बनाकर चाकुओं से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद स्वजन ने नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों आरोपितों को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को समझाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया।



# अतिक्रमण भूमि पर गरजा बुल्डोजर

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : शहर के ढेकुलियाघाट से भदेसरा जाने वाले नदी के तमसा किनारे पर बने बंधे पर जामिया अजदिया दारुल हदीश कमेटी द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर बनाई गई कई दुकानों को शनिवार को जिला प्रशासन ने सिंचाई विभाग की शिकायत पर पहुंच दुकानों को खाली करा कर अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई देख सड़क के दोनों तरफ सैकड़ों लोगों को भीड़ जमा हो गई। दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और जल्दी-जल्दी अपना सामान हटाने लगे। भारी पुलिस फोर्स व सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट नितिश कुमार सिंह ने दुकानदारों को अल्टिमेटम दिया कि वे जल्द से जल्द अपना सामान हटा लें। दुकानों को गिराए जाने की जानकारी होते ही दुकानदारों ने जल्दी-जल्दी अपना सामान सड़क के दूसरी तरफ हटाने लगे। जैसे ही सामान हटा प्रशासन व पालिका कर्मी सामने लगे एंगल को हटाने लगे। कुछ ही देर बाद पहुंचे बुल्डोजर ने एक-एक कर सभी दुकानों को धव्सत कर दिया और कई दुकानदार सड़क पर आ गए।



# विश्व यूनानी दिवस पर निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 48 लाभान्वित

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नगर के शाही कटरा स्थित तिब्बिया वैलनेस एंड फिजियोथैरेपी सेंटर पर शनिवार को विश्व युनानी दिवस पर निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 48 मरीजों का निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरित कर जागरूक किया गया। वरिष्ठ हकीम एम ए खान ने बताया कि विश्व यूनानी दिवस हकीम अजमल खान के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है।

डा. एस खालिद ने बताया कि पश्चिमी देशों की तरफ से बदलाव की हवा चल चुकी है, एक बार फिर लोग नेचुरल पैथी की ओर पलट रहे हैं। इसलिए मेडिकल टूरिज्म में युनानी सिस्टम को भी जोड़ा जाए एवं हकीम अजमल खान को भारत रत्न के सम्मान से सम्मानित किया जाए। कार्यक्रम में डा. अनिल राय, डा. अनवार अहमद, डा. एस फैसल, डा. एम फहद, डा. जेड ए खान, डा. राशिदुलखैर, डा. अख्तर हसन, डा. आफरीन, डा. फरहत, डा. ओनैजा आदि ने संबोधित किया।



# जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व टीम मौके पर जाकर निपटायें : जिलाधिकारी

## थाना दिवस में आयी हर शिकायतों को सूचीबद्ध करे थानाध्यक्ष : पुलिस अधीक्षक

**दिलीप जायसवाल, ब्युरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा समाधान दिवस पर थाना सिकरारा पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका प्राथमिकता से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नवृत्ति न होने पाये।



# पुलिस द्वारा कोटिगाव नहर के पुलिया के पास की गई बड़ी कार्यवाही

दिलीप जायसवाल, ब्युरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के कोटिगावं नहर पुलिया के पास बीती रात्रि में रामपुर थानाध्यक्ष व बक्सा थानाध्यक्ष के साथ स्वाट टीम व सर्विलांस के सयुक्त टीम के द्वारा अपराधियो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि उसी दौरान पुलिस के मुखबिरो ने सूचना दिया कि बाइक से दो बदमाश कसेरू से होते हुए रामपुर की तरफ आ रहे है और वहाँ से जौनपुर जायेगे। मुखबिरो की सूचना पर पुलिस और अलर्ट हो गई और चेकिंग चल ही रह था कि कुछ देर बाद एक बाइक से दो लोग आते दिखाई दिए जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाश उल्टे भागने लगे और पुलिस पर फायर करने लगे जिससे एक गोली रामपुर थानाध्यक्ष के बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी और दूसरी गोली थानाध्यक्ष बक्सा के बगल से निकल गई जो कि बाल बाल बच गए। पुलिस ने भी अपनी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की जिससे दोनों बदमाशो के पैर में गोली लगी और घायल होकर दोनों वही गिर पड़े बदमाशों के पैर में गोली लगते ही पुलिस दोनों बदमाशों को घेर लिया और पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछने पर एक ने अपना नाम विनोद यादव पुत्र रमेश यादव निवासी ग्राम सिरौली थाना रामपुर तथा दूसरे ने रुस्तम अंसारी पुत्र मोहम्मद मुस्लिम अंसारी निवासी ग्राम सहाबुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर बताया पुलिस ने इनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल,दो तमंचा ,जिंदा कारतूस व कुछ नगद रुपया बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इनका विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास है। दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उक्त बदमाशों को जेल भेज दिया।

# भारतीय जनता पार्टी जिला मछली शहर का संगठनिक एक बैठक मड़ियाहूं मंडल में मंडल कार्यसमिति की बैठक राम जानकी मंदिर के प्रांगण में

**चन्दन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

जौनपुर, मड़ियाहूं। शनिवार 11 फरवरी 2023 को जौनपुर जनपद के मड़ियाहूं तहसील मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी जिला मछली शहर का संगठनिक एक बैठक मड़ियाहूं मंडल में मंडल कार्यसमिति की बैठक राम जानकी मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डा.अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए, उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डा. सिंह ने कहा कि मंडल में हर माह कार्यसमिति की बैठक होनी चाहिए साथ ही देश में हो रहे समसामयिक विषयों और आगामी चुनाओ को लेकर चर्चा हुआ ’



आप ने कार्यकताओं से आवाहन किया कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हें जनता तक पहुंचे कार्य और कार्य समिति की पूरे माह किए गए कार्यों की भी समीक्षा होनी चाहिए। इसी के साथ डॉ सिंह ने अनेक बिंदुओं पर चर्चा किया कि संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। जिला महामंत्री मछली शहर ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि सरकार द्वारा किए गए कार्यों को चंपा तक पहुंचाने का दायित्व हम सभी कार्यकताओं का ही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री मनोज चौरसिया, महामंत्री मुकेश, छोटेलाल ज’यसवाल ,डॉ नागेश, सत्यनारायण सेठ , सोनू जायसवाल, जुगनू मोदनवाल, रामलाल मौर्य मुन्ना लाल सहित तमाम पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे’

# जौनपुर जिले में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के 253 केन्द्रों पर 178261 विद्यार्थियों देंगे परीक्षा

**परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्वक व नकलविहीन सम्पन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी : जिलाधिकारी**

**दिलीप जायसवाल, ब्युरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा 16 फरवरी से 04 मार्च 2023 तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 को सुचितापूर्ण, शान्तिपूर्वक व नकलविहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त/वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों का परीक्षा पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में टीडी कालेज के मार्कण्डेय हाल में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण, शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पादित कराने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों में प्रश्न पत्र रखे जाने हेतु एक पृथक कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाया जाय। उन्होंने स्ट्रांग रूम में किसी अधिकारी/कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित होगा। पेपर डबल लॉक में होना चाहिये व स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिये। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के दफ्तर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित लोग परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचे। अगर समय से नहीं पहुंचते तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित भी करें कि विद्यालय में टॉयलेट, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक फोटोकॉपी प्रतिबंधित रहेगी। कोई भी विद्यार्थी मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में नहीं जायेगा। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापक से कहा कि है आप लोग की जिम्मेदारी है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा सकुशल व सुचितापूर्ण संपन्न कराएं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिये सभी आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने शुचितापूर्ण नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये विस्तृत निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयबर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरख नाथ पटेल, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।



# 19 फरवरी को ठाकुर अनुकूल चन्द जी का 135वाँ जन्म महोत्सव

**दिलीप जायसवाल, ब्युरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। बंदे पुरुस्तोमम उद्घोष के साथ परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द जी का 135वाँ जन्म महोत्सव 19 फरवरी को प्रातः 4 बजे से बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में सत्संग विहार जौनपुर के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया जायेगा। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री ठाकुर अनुकूल जी जन्मोत्सव समारोह में प्रातः साढ़े चार बजे से पांच बजे तक वेद मांगलिक शहनाई, प्रातः पांच से साढ़े पांच बजे तक उषा कीर्तन व प्रभातफेरी बाल भोग प्रातः साढ़े छह से सात बजे तक सर्वधर्म ग्रंथ पाठ एवं भजन होगा। इसके साथ ही प्रातः साढ़े आठ बजे वीआरपी कॉलेज मैदान से ठाकुरजी की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण के बाद वापस वीआरपी मैदान में दस बजे तक आएगी। शोभायात्रा में अनेक प्रकार के ठाकुरजी की झांकियां होंगी। उसके बाद मैदान कार्यक्रम स्थल पर ही संगीतांजलि, मातृ सम्मेलन, धर्म सभा, विशाल भंडारा के साथ साथ मेडिकल कैम्प, भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। दिन में 12 बजे धर्मसभा में श्री श्री ठाकुर जी की बहुआयामी दिव्य भावधारा की वर्तमान में प्रासंगिता पर व्याख्यान होगा। कार्यक्रम का समापन समवेत विनती के साथ शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सत्संग विहार के सचिव काली प्रसाद सिंह एडवोकेट, डॉ. नीलेश श्रीवास्तव, डॉ. पंखुड़ी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी शशिराज सिन्हा ने जनपदवासियों से महोत्सव में भाग लेने की अपील किया है।

# अनूपपुर जैतहरी नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद पर बीजेपी का कब्जा।

**भाजपा नेता अनिल गुप्ता के सुपुत्र उमंग गुप्ता हुए नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष, कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल को हरा बने अध्यक्ष**

अनूपपुर - कई दिनों से कयासों के दौर के बाद आज अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा से उमंग गुप्ता और कांग्रेस से जयप्रकाश अग्रवाल आमने सामने थे और चुनावी नतीजों में 8 वोट प्राप्त करते हुए उमंग गुप्ता ने जीत हासिल की वही कांग्रेस के अध्यक्ष पद के दावेदार जयप्रकाश ने 7 वोट पाए नगर परिषद के अध्यक्ष में भाजपा का कब्जा हुआ हम आप को बता दे उमंग गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता के सुपुत्र है और वार्ड नंबर 12 से चुनाव जीत कर परिषद पहुंचे थे, और भारी कसमकस के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को चुनाव हराते हुए परिषद के अध्यक्ष बने है

# वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित था पण्डित जी का चिंतन : प्रो.अजय द्विवेदी

## पूविवि में पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**दिलीप जायसवाल, ब्युरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर,सिद्दीकपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वावधान में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा कि पंडित जी का चिंतन भारतीय संस्कृति "किड़वन्तो विश्वमार्यम्" ,"सर्वे भवंतु सुखिनः", "वसुधैव कुटुंबकम" के मूल मंत्र पर आधारित है। पंडित जी की दृष्टि में विकास हमेशा समग्र एवं एकात्म होना चाहिए। पंडित जी का मानना था कि आर्थिक और सामाजिक विषमता को कम करते हुए खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हमें समाज की सबसे छोटी इकाई के परिवार तक आत्मनिर्भरता लानी होगी। वर्तमान भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में सोचते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को व्यावहारिक जमीन पर उतार रही है। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन पर चलकर ही भारत विश्वगुरु बन सकता है। पश्चिम का विकास मानव जीवन के केवल दो पुरुषार्थ अर्थ और काम पर केंद्रित है, जबकि भारतीय संस्कृति पुरुषार्थ चतुष्टय पर आधारित है। पश्चिम की यह सोच समग्र विकास का द्योतक नही है। इसके साथ ही चतुर्दिक पुरुषार्थ के सभी पहलू धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समन्वित विचार लेकर आगे बढ़ना होगा। यही पंडित दीनदयाल जी के दर्शन में निहित है। शोधपीठ के सदस्य डॉ अनुराग मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानव दर्शन को छात्रों और आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए शोधपीठ लगातार प्रयासरत है। प्रतिवर्ष पंडित दीनदयाल जी के विचारों को लेकर लगातार राष्ट्रीय संगोष्ठी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, सिंपोजियम और वर्कशॉप आदि का आयोजन होता रहता है। इस अवसर पर प्रो. राम नारायण, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. राहुल कुमार राय, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## द होराइजन स्कूल में रामचरित मानस का आयोजन आज

समाज जागरण गड़वार (बलिया) : द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया में रविवार को स्कूल के प्रांगण में रामचरित मानस का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने दी है। कहा कि विद्यालय मे रामचरितमानस का कार्यक्रम विद्यालय के बालक बालिकाओं के द्वारा किया जायेगा। इस रामचरितमानस को कराने का उद्देश्य यह है कि बालक बालिकाओं में पढ़ाई के साथ साथ हमारे धार्मिक ग्रंथों का भी बच्चों को जानकारी एवं स्मरण होना चाहिए। आज के समय में यह बच्चों को जानकारी अति आवश्यक है।



## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेला (रोजगार मेला) का आयोजन आज

समाज जागरण बलिया : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बलिया में सोमवार को सुबह 10 बजे से प्रदेश शासन के मंशानुरूप प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेला/ रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद स्थित सरकारी अधिष्ठान तथा गोवा की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थी जिनकी उम्र 18 से 30 वर्ष हो प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा प्रतिमाह अप्रेन्टिस हेतु रुपये 12 से 13 हजार तक मानदेय और ओवरटाइम एवं रोजगार हेतु रुपए 11500 से 12500 तक मानदेय और पीएफ और ईसीआईसी देय होगा। रहना कंपनी द्वारा फ्री में दिया जाएगा। उक्त जानकारी नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई बलिया द्वारा दी गयी है।



## गैस सिलेंडर फटने से कई झोपड़ियां जली, घर गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : तहसील अंर्तगत खरौनी गांव के फिरंगी टोला में घरेलू गैस सिलेंडर फटने से कई झोपड़ियां जली ,तो वहीं घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रहा कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक फिरंगी टोला निवासी बीरेंद्र यादव व हरेंद्र यादव के परिवार के झोपड़ी में अचानक गैस के सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग से बीरेंद्र के भाई हरेन्द्र के भी घर मे आग लग गई। जिससें कुल लगभग चार झोपड़ियां जलकर राख हो गई और घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। उस समय घर मे मात्र दो बच्चे थे, शेष सभी परिवार के महिला पुरुष अपने-अपने काम में चले गए थे। उसी रास्ते से जा रहे प्रधान प्रतिनिधि अभय सिंह ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पाकर बांसडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आस पास के लोगों ने तुरन्त मदद कर आग को बुझाया



## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान महायज्ञ में पूनम पांडेय की आहूति

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : फाइलेरिया रोकथाम की दवा के वितरण का शुभारंभ, बसंतपुर, बलिया के ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह ऊर्फ पिन्टू सिंह ने श्री बुढ़वा शिवजी के मन्दिर, बसन्तपुर पर किया। इस अवसर पर संगिनी/ पर्यवेक्षक पूनम पाण्डेय भी मौजूद रहीं।

पुनम पांडेय ने बतायी कि 10 फरवरी से 16 फरवरी 2023 तक घर - घर जाकर आशाबहनों द्वारा फाईलेरिया के रोकथाम एंव पेट में केंचुआं व क्रीमी की रोकथाम की दवा खिलाई जाएगी। जिससे स्वस्थ समाज का विकास होगा। इस अवसर पर डां. विजया नन्द, गौतम सिंह, जगदीश पाण्डेय, आशा बहनें किरण सिंह, श्वेता सिंह, ऊषा सिंह, कामिनी सिंह, अंजली सिंह, अशोक सिंह, आदि उपस्थित थे।



## सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) :स्थानीय ब्लॉक परिसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की गड़वार ब्लॉक इकाई का गठन बैठक कर किया गया।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से महेंद्र राम व जितेंद्र कुमार को संगठन का गड़वार ब्लॉक का संरक्षक ,राजेन्द्र यादव को अध्यक्ष, राजमंगल राम को मंत्री,दिवाकर वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश यादव व गजेंद्र मौर्य को उपाध्यक्ष,अशोक राम कोषाध्यक्ष, शिवानन्द यादव उप कोषाध्यक्ष, रामविचार राम संगठन मंत्री,मुन्ना यादव उपाध्यक्ष बनाया गया।अध्यक्षता राजेश रावत तथा संचालन रंजय कुमार यादव ने किया।इस मौके पर जिला महामंत्री गंगासागर राम आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत पोल से टकराई कार, चिकित्सक गंभीर

संतोष कुमार द्विवेदी नगरा,बलिया। नगरा बिल्थरारोड मार्ग पर खेमपुर मोड के समीप शनिवार को दोपहर बाद एक ब्रेजा कार असंतुलित होकर सडक के किनारे विद्युत पोल से टकरा गयी। इससे कार में बैठे चिकित्सक श्रीकांत यादव 50 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। आनन फानन में उन्हे पीएचसी नगरा पहुंचाया गया जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बलिया के लिये रेफर कर दिया। परिजन उन्हे बीएचयू ट्रामा सेंटर लेकर चले गये। कार मे पीछे की सीट पर बैठे लोग बाल बाल बच गये। चटाईपार थाना मधुबन निवासी श्रीकांत यादव नगरा में बच्चों के डाक्टर हैं। वे नगरा में ही मकान बनवा कर सपरिवार रहते हैं। घटना के दिन वे तुतीर्पार सरयू तट पर किसी परिचित के अंत्येष्टि में शामिल होकर अपनी ब्रेजा कार से नगरा वापस लौट रहे थे। खेमपुर मोड के समीप कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतना जोरदार था कि पोल टूट कर कार के अगले हिस्से पर गिर गया। इससे चालक के बगल में बैठे चिकित्सक बुरी तरह घायल हो गये।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1638 वादों का हुआ निस्तारण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में हुआ। उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कर कमलों से दीप प्रवज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण करके किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया नरेन्द्र पाल राणा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में न्यायालय के समस्त पीठासीन अधिकारीगण, समस्त बैंक प्रबन्धकगण एवं समस्त कर्मचारीगण व वादकारी उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी न्यायालय, बलिया के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, समस्त बैंक प्रबन्धकों तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा निस्तारित किये गये वादों का विवरण निम्नलिखित है। जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, जनपद न्यायाधीश बलिया फौजदारी-03, अर्थदण्ड-14500, हुसैन अहमद अंसारी, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0- 03- फौजदारी-03, अर्थदण्ड-1000, सिविल 01 वाद, समझौता धनराशि 22,000, मनीषा, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) फौजदारी-11, अर्थदण्ड-5000, महेश चन्द्र वर्मा, विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट) विद्युत अधिनियम वाद - 59 वाद, गोविन्द मोहन, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0- 08 (पाक्सोएक्ट)- फौजदारी-02, अर्थदण्ड-1000, नितिन कुमार ठाकुर, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-02 - आर्बिट्रेशन- 01 वाद, अरूण कुमार-तृतीय, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0- 04 - आर्बिट्रेशन- 01 वाद, सिविल 01 वाद, श्री विनोद कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0- 10 (पाक्सोएक्ट)- फौजदारी-1, अर्थदण्ड-500, आर्बिट्रेशन- 01 वाद निस्तारित किया गया। हरिश चन्द्र, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी-02- फौजदारी-03, अर्थदण्ड-2500, सुश्री शाम्भवी यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलिया - फौजदारी 809, कुल धनराशि अर्थदण्ड 2,93,870, एन0आई0एक्ट - 01, समझौता धनराशि 4,00,000, सर्वेश कुमार मिश्रा, सिविल जज (सी0डि0)- सिविल 11 वाद, रुपए 1,61,02,298.03 (एक करोड़ इकसठ लाख दो हजार दो सौ अनठानवे रूपया तीन पैसा मात्र) का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। श्रीमती तपस्या त्रिपाठी, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फौजदारी- 247 वाद, अर्थदण्ड 31090, श्रीमती कविता कुमार, सिविल जज (जू0डि0) पूर्वी, - सिविल वाद -17, रुपए 30,43,883.62 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। विराट मणि त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम- फौजदारी- 50 वाद, अर्थदण्ड 500, आशीष थिरानिया, सिविल जज (जू0डि0) पश्चिमी- सिविल वाद - 17, रुपए 23,98,081.90 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। राजीव रंजन मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय- फौजदारी-161 वाद, अर्थदण्ड 12750, एनआईएक्ट-1, धम्म कुमार सिद्धार्थ, सिविल जज (जू0डि0) रसड़ा - सिविल वाद - 10, रुपए 13,68,409.51 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्रवीन कुमार प्रियदर्शी, अपर सिविल जज (जू0डि0) द्वितीय -फौजदारी- 42 वाद, अर्थदण्ड 400/-, सिविल - 02 वाद, धर्मेन्द्र कुमार भारती, सिविल जज (जू0डि0)/एफ.टी.सी. द्वितीय - फौजदारी वाद -84, अर्थदण्ड 880, एन0आई0एक्ट- 01 वाद एवं वैवाहिक - 06 वाद निस्तारित किया गया। चन्दन सिह, सिविल जज (जू0डि0)/एफ.टी.सी. प्रथम - फौजदारी- 57 वाद, अर्थदण्ड 500, अनिल कुमार मिश्रा, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलिया - फौजदारी वाद - 35, कुल अर्थण्ड 49500 वसूला गया।

-1638 वाद, अर्थदण्ड धनराशि, 8,13,990, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

-2,29,12,673.06 समझौता धनराशि -22,000/- परिवारिक न्यायालयों द्वारा मामलों का निस्तारण का विवरण

## साइबर सेल ने खाते में वापस कराया धोखाधड़ी से निकाला गया 50 हजार

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : धोखाधड़ी कर बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाले गये 50 हजार रुपए को जिला साइबर सेल की पुलिस टीम ने खाताधारक के बैंक खाते में वापस कराया गया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर व नोडल साइबर सेल बलिया के निर्देशन मे साइबर सेल द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही के पश्चात यह सफलता पायी। 11 फरवरी को शिकायतकर्ता विद्याभूषण चौबे के खाते में धोखधड़ी से गायब की गई धनराशि कुल 50 हजार रुपये को वापस कराया गया। शेष धोखाधड़ी की धनराशि को वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता विद्याभूषण चौबे द्वारा बलिया पुलिस तथा साइबर सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय के 20 बच्चों व अध्यापक को चिकन पाक्स से गांव में दहशत

विवेक राय, समाज जागरण

नरही (बलिया) : विकास खंड सोहांव के गोविंदपुर प्राथमिक विद्यालय के 20 बच्चे एवं अध्यापक को चिकन पॉक्स रोग की चपेट में आने से गांव में दहशत व्याप्त है। वहीं विद्यालय का पठन पाठन भी प्रभावित हो गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं के अधीक्षक डॉ साकेत बिहारी शर्मा ने बताया कि टीम भेज कर रोग की पुष्टि कर ली गई है चिकन पॉक्स है। गोविंदपुर प्राथमिक विद्यालय पर दो फरवरी को विद्यालय आए कुछ बच्चों के चेहरे पर लाल दाने दिखाई दिए थे। जिसको अध्यापक मच्छर काटना समझ कर कोई ध्यान नहीं दिए। लेकिन यह संख्या बढ़ने लगी और चिकेन पाक्स के लक्षण 20 बच्चों में दिखाई देने पर बच्चों को घर भेज दिया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक तान्या श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के सहायक अध्यापक विवेक कुमार भी इस रोग से संक्रमित हो गये है तथा मैं भी सर्दी बुखार की चपेट में आ गई हूं। इसकी जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी बता दिया गया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों के अभिभावक भी इस रोग से संक्रमित हो गये है। जिसकी जानकारी बच्चों ने ही दिया है। शुक्रवार को कक्षा एक की अनामिका, निशांत, कक्षा दो के उज्वल यादव, आकांक्षा कक्षा तीन की गोल्डी, कक्षा चार के विकास यादव सहित कुल 20 बच्चों में लक्षण दिखाई देने पर बच्चों को घर भेज दिया गया। इसके बाद इसकी जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आया और मौके पर टीम पहुंची। सीएचसी अधीक्षक डॉ साकेत बिहारी शर्मा ने बताया कि बच्चों में चिकेनपॉक्स के लक्षण पाए गए हैं। कल टीम भेज कर जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। चूंकि इस रोग का अभी कोई इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। वैसे इस रोग के सामने आने के बाद गांव के लोग बड़ी माता का प्रकोप बता रहे हैं। गांव में दहशत फैल गई है।



## बांसडीह रोड व एसओजी पुलिस टीम ने बरामद किया 86 लीटर शराब

पुलिसिया सफलता

### -पुलिस को एक स्कार्पियो और दो अभियुक्तों टो भी किया बरामद

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : बांसडीहरोड पुलिस और एसओजी पुलिस ने संयुक्त अभियान में एक स्कार्पियो से 86.4 लीटर अवैध शराब के दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी व निष्कर्षण के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बासडीह रोड के उनि अल्पेश्वर और एसओजी बलिया की संयुक्त पुलिस टीम ने रामजी सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी इंदरपुर नई बस्ती थाना फेफना और अली हुसैन पुत्र शमीम हुसैन निवासी फिरोजपुर थाना चितबड़ागाँव को बारा दुआरिया पुल छोड़हर के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त वाहन की नियमानुसार तलाशी में 480 टेट्रा पैक कुल 86.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगणों का चालान न्यायालय कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## बाइक व साईकिल के आमने सामने की टक्कर में साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौते

सिकन्दरपुर। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के करसी गांव निवासी दुर्योधन वर्मा 70 वर्ष शुक्रवार की देर शाम को गांव से साइकिल द्वारा मालदह आए हुए थे। जहां पर उनके पुत्र अपने परिवार के साथ रहते हैं,वापसी में भरथाव गांव में निमंत्रण देने के लिए जा रहे थे।

वह जैसे ही मालदा चट्टी के समीप पानमती मैरिज हॉल के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टकरा गए । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

सदर अस्पताल में पर इलाज के दौरान देर रात्रि को उनकी की मौत हो गई ।

शनिवार को परिजनों के द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं उनके पुत्र सुग्रीव वर्मा के द्वारा अज्ञात बाइक वाहन चालक के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन पत्र दिया गया है।



## चोरों ने एक मकान में चोरी कर उड़ाया लाखों के जेवर औऱ नकदी भी

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, समाज जागरण

रेवती (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन स्थित एक मकान से बीती रात चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण नकदी की चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात आवश्यक छानबीन में जुट गई है।

नगर पंचायत रेवती के वार्ड नंबर 3 निवासी उमेश पांडेय का परिवार बाहर गया हुआ है, घर में ताला बंद था। बीती रात चोरों ने मेन गेट का ताला किसी तरह खोलकर घर के अंदर प्रवेश कर गये। अंदर स्थित तीन कमरों का ताला तोड़कर तीनों कमरों रखें गये बक्से, अटैची तथा आलमारी आदि के तालों को तोड़कर उसमें रखे आभूषण निकाल लें गये। एक अटैची को घर के कुछ ही दूर पूरब खेत में टूटा हुआ मिला। उमेश तीन भाई हैं, दो भाईयों का परिवार बाहर रहता है। बीते 10 दिन पहले उमेश पाण्डेय भी घर में ताला बन्द कर दिल्ली चले गये। बीती रात चोरों ने मेन गेट के ताले सहित तीनों भाइयों के कमरों का ताला तोड़ कर नगदी एवं लाखों के आभूषण चुरा ले गये। चोरों ने आभूषण एवं नकदी के अलावे बाकी सामानों को छोड़ दिया है। उदय शंकर पांडेय की पत्नी ने मोबाइल द्वारा बताया कि उदय शंकर एवं उमेश पाण्डेय के कमरे में सोने का एक हार, तीन अंगुठी, तीन जोड़ी झुमका, एक चेन, चार जोड़ी चांदी की पायल तथा तीन गणेश-लक्ष्मी चांदी रखा था। लेकिन उक्त सामान गायब है।



## आभूषण की दो दुकानों को एक ही रात चोरों ने बनाया निशाना

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : बांसडीह रोड स्थित दो आभूषण की दुकानों से एक ही रात चोरों ने करोड़ों के सोने-चांदी के आभूषण के साथ लाखों रुपए नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

बांसडीह कस्बे के रहने वाले दो सगे भाइयों लालबाबू सोनी एवं ताराचंद सोनी की दुकान बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसडीह रोड-सहतवार मार्ग पर बाजार में शारदा ज्वेलर्स के नाम से है। जिसमे चोरों ने दुकान के पीछे लगे रोशनदान को तोड़कर दुकान में घुसकर घटना का अंजाम दिया है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार प्रार्थी लालाबाबू सोनी अपना दुकान शुक्रवार की शाम 5:30 बजे बंद कर अपने घर बांसडीह को चले गये। गत रात्रि दुकान में लगे पीछे से रोशनदान को तोड़कर चोरों ने प्रवेश कर अलमारी को तोड़कर सभी सामान उठा ले गए हैं। सुबह घटना की जानकारी सुबह मकान मालिक के लड़के अभिषेक उर्फ बिट्टू द्वारा मेरे मोबाइल पर दी गई तो मैं भागकर दुकान पर आया तो देखा की अलमारी पूर्णतया तोड़ दी गई है। अलमारी से नया एवं पुराना आभूषण सोने व चांदी के लगभग वजन 1 किलो 900 ग्राम एवं चांदी के आभूषण 54 किलोग्राम वहीं दो लाख रुपए नकद रखा गया था। जब मैं मौके पर पहुंचे तो तिजोरी टूटा हुआ था, तिजोरी में कुछ भी नहीं था।

वही इस घटना में दूसरे भाई ने तहरीर में लिखा है कि मैं अपनी दुकान शुक्रवार की सायं करीब पांच बजे बंद करके अपने घर बांसडीह चला गया। शुक्रवार की देर रात्रि दुकान के पीछे लगे हुए रोशनदान को तोड़कर चोरों द्वारा अंदर प्रवेश कर तिजोरी तोड़कर सारा सामान चुरा लिया गया। घटना की सूचना मकान मालिक ने सुबह मोबाइल फोन से दिया। भागते हुए जब मैं दुकान पर पहुंचा तो देखा कि अलमारी टूटी हुई थी।उसमे रखा सोने एवं चांदी के आभूषण नई पुरानी लगभग 900 ग्राम व चांदी का वजन लगभग 30 किलोग्राम नगदी एक लाख रुपए रखा था। मौके पर पहुंचने पर तिजोरी पूर्णता टूटा हुआ था और तिजोरी में कुछ भी नहीं था।पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## दीनदयाल उपाध्याय स्मृति दिवस पर आयोजित हुई एक प्रतियोगिता।

मीत श्रीवास्तव, समाज जागरण

बलिया : पंडित दीन दयाल उपाध्याय संस्कार केंद्र, भरतपुरा, हनुमान गंज में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्मृतिदिवस पर "पंडित दीन दयाल उपाध्याय व्यक्तित्व और कृतित्व "विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संस्कार केंद्र के बच्चों को 0-2, 3-5 और 6-8 के वर्गों में वभक्त कर आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार सिंह रहे। प्रो.सिंह ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताय कि एकात्म मानववाद का दर्शन ही विश्व का कल्याण कर सकता है। विशिष्ट अतिथि पंडित दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो.राम कृष्ण उपाध्याय ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय का स्मृति दिवस मनाना तभी सार्थक और फलीभूत होगा जब जन-जन में नरसेव-नारायण सेवा का भाव जगेगा और अंतिम पायदान पर रहने वाले भी वे सभी सुविधायें प्राप्त करने में सक्षम समझें,जो एक सामान्य व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने के लिए अपरिहार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवाभारती के जिलाध्यक्ष ई.गोपाल कृष्ण सिन्हा ने की। आपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सेवाभारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सर्वसमाज को शिक्षित करने का आह्वान किया।इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न अध्ययन सामग्रियों से पुरस्कृत और मुख्य शिक्षिका कु.पूजा को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गपा। अंत में गोविंद जी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।



## तिलकोत्सव से लौट रहे युवक की ट्रक के भिड़ंत. से मौत

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : तिलकोत्सव कार्यक्रम से घर लौट रहे युवक की ट्रक बाइक की टकर मे शुक्रवार की देर शाम मौके पर ही मौत हो गयी ।

हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवां तेजा सिंह के घर के सामने एनएच-31सड़क पर बाइक से घर जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार कि ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुँचे तब तक ट्रक चालक भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने 112 पुलिस, हल्दी पुलिस और एंबुलेस को सूचना दिया। जिसके 1 घंटे बाद पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। हल्दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वही ग्रामीणों ने हल्दी थाना एसएचओ सुनील सिंह से 8:30 बजे नो एंट्री कैसे खुल गई पर सवाल उठाया, जिसका जबाव देने से बचते नजर आए । मिली सूचना के अनुसार मृतक युवक का नाम चंदन राम पुत्र श्रीराम राम (30) थाना बासडीह रोड के शिवरामपुर का बताया जा रहा है। जो मझौवां में एक तिलकोत्सव में शामिल होकर अपने घर जा रहा था । अभी कुछ ही दूर पहुंचा हि था कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद युवक फुटबाल की तरह उछल एनएच-31 पर गिर पड़ा और सिर से खून निकलने लगा जब तक लोग कुछ समझ पाते युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## नेहरू युवा केन्द्र ने आजीविका मार्गदर्शन परामर्श कार्यक्रम

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : नेहरु युवा केंद्र बलिया के तत्वाधान में नेहरु युवा मंडल डिहवां द्वारा प्राथमिक विद्यालय पर शुक्रवार को आयोजित आजिविका मार्गदर्शन परामर्श कार्यक्रम में युवाओं को स्वतः रोजगार के लिये प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री छट्ठू राम ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा युवा वर्ग सरकारी नौकरी के पिछे दौडना छोड स्वतः रोजगार की तरफ अपना ध्यान केंद्रित करें। स्वतः रोजगार से ही स्वावलंबी बना जा सकता है। कहा कि आज देखा जा रहा है कि युवा वर्ग बेरोजगारी की स्थिति में भटकाव की तरफ अग्रसर है। छोटे छोटे उद्योग स्थापित कर युवा अपना भविष्य सवांर सकते है। स्वरोजगार के लिये बैंक ऋण भी दे रहें हैं। भारत सरकार व प्रदेश सरकार भी स्वरोजगार को बढावा दे रही है। प्रधान संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने कहा कि आज युवा वर्ग को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने की जरुरत है। इस दिशा में नेहरु युवा केंद्र का प्रयास सराहनीय है। सर्व प्रथम कुमारी पार्वती, सलोनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तत्पश्चात मीरा, गीता , खुश्बू ने स्वागत गीत गाया। मीरा, गीता ने देशभक्ति गीत के द्वारा लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। आयोजक राजकुमार पांडेय व नेहरु युवा केंद्र डिंहवा के अध्यक्ष रजनीश पांडेय ने मुख्य अथिति व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। रेखा, खुश्बू, गोविंद, मंटू सिंह, संतोष कुमार यादव, अशोक पांडेय, रवींद्र सिंह, गिरीश गोंड, संजय सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रमाशंकर सिंह व संचालन राजकुमार पांडेय ने किया। आभार प्रकट प्रधान कठिन राजभर ने किया।



## व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने स्टेशन रोड स्थित मैसर्स आरके लॉक हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद आरके लॉक हाउस के मालिक शेर अली खान ने जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का स्वागत किया एवं धन्यवाद दिया इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि आरके लॉक हाउस पर सस्ते दर पर ताले एवं बेल्ट और टोपी व अन्य सामान उपलब्ध है और उनके मालिक का वायदा है कि वह सस्ते दर पर अपना माल विक्रय करेंगे जिससे ग्राहकों को फायदा होगा इस मौके पर नगर महामंत्री शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि आरके लॉक हाउस के मालिक शेर अली व्यवहार कुशल है और सस्ते दर पर माल का विक्रय करेंगे उद्घाटन कार्यक्रम में अनूप अग्रवाल राकेश कुमार मोहम्मद आजाद नईम टाटा दीपक जैन अमित भूरा श्रीमती नसीबा यादराम कमर हुसैन सलीम खान शमीम हैदर नसीम खान शहनवाज खान मोहम्मद रफी फैयाज राकेश कुमार सहित सैकड़ों व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे



## महिला हेल्प डेस्क प्रभारी आरक्षी कामिनी को उनके अच्छे कार्य पर प्रशस्ति पत्र दिया गया

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना महिला आरक्षी 2402 कामिनी को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद महोदय द्वारा महिला हेल्पडेस्क के कार्यों के पूछताछ हेतु संतोषजनक उत्तर दिए जाने पर भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र वा हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस मौके पर आरक्षी कामिनी को समस्त थाना नगीना ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि महिला हेल्प डेस्क प्रभारी आरक्षी कामनी के पास जो भी पीड़ित महिला आती है वह डेस्क प्रभारी उसकी बातों को संतोषजनक सुनकर उसके साथ हो रहे उत्पीड़न को तत्काल कार्यवाही करते हुए उसकी समस्याओं को दूर करने का काम करती है वही पति-पत्नी में हो रहे विवाद को समाप्त कर परिवार को मिलाने का काम करती हैं जिससे नगीने की जनता व खास करके महिलाएं आरक्षी कामनी के इस कुशल व्यवहार की सभी तारीफ करती हैं और आरक्षी कामनाएं को दुआएं देकर जाती है आज लाल सराय चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार जी आरक्षी महिला कामिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया




## पंडित कृष्ण कुमार कौशिक को मिला सनातन वीर सम्मान पत्र

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

शेरकोट । धामपुर में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में सनातन वीर सम्मान समारोह में ग्राम उमरपुर आशा निवासी आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक को सनातन वीर सम्मान पत्र व शॉल उढाकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना कर यूं ही समाज को पांडित्य कर मार्गदर्शन करने व ज्ञान बांटने की सराहना की गई इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित हरिओम शर्मा व संचालन पंडित तरुण शर्मा जिला महामंत्री ने किया तथा जिला अध्यक्ष राजवीर शर्मा प्रदेश संयोजक लोकेश भारद्वाज मंडल संयोजक पंडित सुबोध शर्मा आचार्य पंडित गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य शुभम शास्त्री व आचार्य गौरव शर्मा द्वारा स्वस्तिवाचन मंत्र उच्चारण कर दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस मौके पर पंडित विभूति कांत शर्मा पंडित वेद प्रकाश शर्मा पंडित शिवकुमार शर्मा पंडित विपिन भारद्वाज पंडित अनुज शर्मा संगठन मंत्री पंडित लोकेंद्र शर्मा पंडित राजेंद्र प्रसाद एवं अमरोहा से पंडित दशरथ कौशिक संरक्षक व पंडित देवेश शर्मा जिला महामंत्री एवं दूरदराज से आए काफी संख्या में ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे



## जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का नाम ही है रास- कथा व्यास क्रासर

### पूतना वध और कालिया दहन के प्रसंग को सुन भावविभोर हुए श्रोता

भेटुआ( अमेठी)

टिकरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ ही रास लीला की कथा सुनाई। कथा में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।



भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माँ कालिकन धाम से पधारे कथा व्यास श्री महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बालरूप अति मनमोहक था। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए जिसको भी भेजा वो एक बार तो उनके मनोहारी रूप का वशीभूत हो गया। अपने बालरूप में ही भगवान ने अनेकों राक्षसों का वध करके संसार में धर्म की स्थापना की। पूतना वध और कालिया दहन की कथा सुन श्रद्धालु अपनी भावुकता को नहीं रोक पाए। बाल लीलाओं के बाद व्यास ने श्रीकृष्ण की रास लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का नाम ही रास है। भगवान की अद्भुत लीलाओं से गोकुल और ब्रज वासी अचंभित थे। व्यास ने कहा कि मनुष्य को परम आनन्द की प्राप्ति ईश्वर के चरणों मे ही मिल सकती है। भौतिकता को त्याग जब मनुष्य अध्यात्म की ओर बढ़ता है तब उसके जीवन मे शांति मिलने लगती है। श्रीमद्भागवत कथा भी मनुष्य को परमात्मा से मिलाने की एक मजबूत कड़ी है। भगवान से मिलन करके ही हम अपने और अपनी आगामी पीढ़ियों को शांति व सद्भाव का मार्ग दिखा सकते हैं। कथा यजमान उर्मिला सिंह के साथ आयोजक प्रमोद सिंह वैश्य ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कथा आचार्य योगेश शुक्ल,देवप्रकाश पाठक,राजेश शुक्ल ने पूजा अर्चना की। कथा में अपनी मधुर संगीत से हरिओम, लक्ष्मी नारायण व अजय ने लोगों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर क्षेत्र के राज करन सिंह, रंजीत तिवारी, रणंजय सिंह, रमा शंकर चौरसिया के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा के मद्देनजर मालिनी नदी के पुल के सर्व के आदेश हुए पूर्व में आरटीआई कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को अवगत कराया था

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद आरटीआई कार्यकर्ता की मांग पर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने मालन नदी के पुल के सर्वे के आदेश किए हैं। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली को भेजे पत्र में कहां कि नजीबाबाद में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 हरिद्वार मार्ग पर शमशान घाट के निकट मालिनी नदी पर 60 वर्ष पूर्व बने पुल को जो उत्तराखंड को यूपी से जोड़ता है का सुरक्षा की दृष्टि से सर्वे कराएं जाने की मांग की थी ताकि यह पता चल सके कि यह पुल जन्मानस के चलने योग्य है अथवा नहीं क्योंकि इस पुल के ऊपर से जब भारी वाहन गुजरते हैं तो काफी झनझनाहट की आवाजें आती हैं तथा हर समय खतरा बना रहता है क्योंकि इस पुल से 24 घंटे में बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। अत सुरक्षा की दृष्टि से इस पुल का सर्वे कराया जाना बेहद जरूरी है ताकि इस पुल की गुणवत्ता के बारे में पता लग सके, आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा पत्र में कहा था कि अगर सर्व रिपोर्ट में सुरक्षा की दृष्टि से पुल की गुणवत्ता प्रभावित होती है तो यहां पर नया पुल बनाया जाएं। इसी संदर्भ में एनएच 74 के परियोजना निदेशक आर के नागरवाल ने आरटीआई कार्यकर्ता को अवगत कराया कि एनएच-74 पर बने मालन सेतु का सर्वे हेतु विभाग द्वारा अनुबंधित अथॉरटी इंजीनियर मै0 थीम, नजीबाबाद को उक्त प्रकरण में सर्वे / जांच करते हुए आख्या रिपोर्ट कार्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित कर दिया गया हैं तथा प्राप्त आख्या के आधार पर उचित कार्यवाही की जायेगी।




## पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 55 पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद एकात्म मानववाद के प्रणेता, आर्थिक लोकतंत्र के प्रबल समर्थक, राजनीति के शिल्पी, कमजोर वर्ग के प्रबल समर्थक, मानवता के पुजारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 55 वीं पुण्यतिथि पर ,

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान जनपद बिजनौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष डाक्टर आमोद अरोरा की अध्यक्षता एवं श्री शुभम ग्रोवर के संचालन में , प्रारंभ हुआ।

सर्व प्रथम पंडित जी के चित्र पर सभी उपस्थित बंधुओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

डाक्टर आमोद अरोरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी का सम्पूर्ण जीवन त्याग,निरभिमानता, सरलता, विनम्रता सादगी और देश-भक्ति का मूर्तिमान स्वरूप था। वे वेश-भूषा, विचारों और अपने चिन्तन में पूर्णतः भारतीय थे। वास्तव में वे आज के महान चिंतक भी थे, जिन्होंने वर्तमान समस्याओं को एक सही परिप्रेक्ष्य में देखा और भारत की समृद्ध संस्कृति और उसकी अपनी आत्मा के स्वरूप के अनुकूल उनके हल खोजने की कोशिश की। वे वास्तव में भारत के आधुनिक ऋषि कहे जा सकते हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत आचरण और अपूर्व चिन्तन-धारा द्वारा जो देश भारत को दी है,वह अनुपमेय और अनुपम है।

11फरवरी 1968 को दोपहर 12 बजे तक यह दुःखद समाचार देश के कोने कोने में फैल गया---- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या रात्रि को मुगलसराय में कर दी गई।

देश के लाखों नागरिक-पुरूष और महिलाएं-बाल, युवक, प्रौढ़ और वृद्ध जो किसी न किसी प्रकार पंडित जी से सम्बद्ध था, जिसने जहां सुना सिसक पड़ा तथा जो संयम न कर सका फूट -फूट कर रो पड़ा। पूरी घटना का ज्ञान नहीं, पर एक कूरूर सत्य का सब को पता था उनके दीनदयाल जी, मार्गदर्शक दीनदयाल जी, आत्मीय बन्धु दीनदयाल जी,अनन्य सखा दीनदयाल जी, जनसंघ के मंत्र-द्दष्टा दीनदयाल जी उन्हें छोड़ कर चले गए। काल के कराल हाथों ने उन्हें उनसे छीन लिया।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वयं चाणक्य के वंश के थे और सोलहों कलाओं से पूर्ण भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में पैदा हुए थे। दोनों महापुरुषों के गुणों के समन्वय की झलक उनमें विद्यमान थी।

आज उनकी 55 वीं पुण्यतिथि पर हम सब अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के नगर अध्यक्ष श्री नरेन्द्र अग्रवाल,आशु अग्रवाल, जिला महामंत्री पंडित शम्भू नाथ कौशिक, नरेश तंवर, विनय गुप्ता, तुषार माहेश्वरी,आनन्द मिश्रा,बिट्टू भटनागर,सुविधा भटनागर,दिनेश वर्मा,उदय चौधरी,पंडित अमित कौशिक,शेलेन्द्र गुप्ता, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले डॉक्टर पर लाठी-डंडों से प्रहार कर की गई जान से मारने की कोशिश

**दैनिक समाज जागरण,, बढ़ापुर संवादाता**

बढ़ापुरः मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति पर थाने से चंद कदमो की दूरी पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया। परिजनों सहित थाने पहुँचे घायल को बढ़ापुर पुलिस ने मेडिकल के लिये सीएचसी तो भेज दिया परन्तु रिपोर्ट दर्ज करना गंवारा नही किया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नही हो पाई थी।

बताया जा रहा है कि शनिवार को सवेरे 6 बजे नगर के मोहल्ला लालसराय निवासी डॉ नईम पुत्र जमीर अहमद मोनिंग वॉक के लिये गये थे। थाने से चंद कदमों की दूरी पर जब डॉ नईम नकटा नदी के पुल पर पहुँचे तो वहां पर मौजूद एक अज्ञात शख्स द्वारा उनके ऊपर हमला कर दिया जिसमें नईम अहमद के सिर एवं बाये हाथ मे चोट आई। अचानक हुए हमले से घबराकर डॉ नईम अपनी जान बचाने के लिये वापस बस्ती की औड़ दौड़ पड़े। बदहवास हालात में घर पहुँच कर अपने परिजनों को घटना से अवगत कराया जिसके उपरांत परिजनों सहित थाना बढ़ापुर पहुँचकर पुलिस से कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई। जिस पर बढ़ापुर पुलिस ने डॉ नईम को मेडिकल के लिये सीएचसी नगीना भेज दिया। मेडिकल कराने के बाद वापस लौटे डॉ नईम जब थाने पँहुचे तो पुलिस ने बताया कि अज्ञात शख्स की पहचान ग्राम बाँसोवाला निवासी हरपाल सिंह के रूप में हुई जिसके बाद डॉ नईम द्वारा हरपाल को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी परन्तु पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना गंवारा नही किया। काफी जदोजहद के बाद घायल नईम पुलिस को लिखित शिकायत देकर अपने घर वापस लौट आए। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नही हो पाई थी। बतातें चले कि डॉ नईम पूर्व चैयरपर्सन खतीजा बेगम के समधी है। नगर पुलिस चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ नईम का मेडिकल कराया गया है साथ ही हरपाल सिंह की औड़ से भी डॉ नईम के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।

## समाधान दिवस पर सीओ सर्वम सिंह ने फरियादियों की समस्या गहनता से सुनीं जल्दी निस्तारण करने दिशा निर्देश

### राजस्व व पुलिस के अतिरिक्त अन्य निर्धारित विभाग के अधिकारियों के समाधान दिवस में न पहुँचने से जनता परेशान

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़, यहाँ कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान चार शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से दो शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। द्वितीय शनिवार को सीओ सर्वम सिंह के नेतृत्व समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा चार शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।

आपको बता दे दरसल थाना दिवस , समाधान दिवस के दौरान सभी निर्धारित विभागीय अधिकारियों के न पहुंचने से कई शिकायतें आधार में ही लटकी रहती है। जिसका खामियाजा अधिकारियों की लापरवाही के चलते आम जनता को भुगतना पड़ता है ।इस दौरान केवल पुलिस कर्मी व राजस्व विभाग के अतिरिक्त अन्य चिकित्सा,विधुत ,चकबंदी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के भी पहुचने का प्रावधान है ।जबकि केवल राजस्व व पुलिस कर्मी कार्यभार संभालते हैं। वही अन्य तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी सहित तम्माम आला अधिकारी मौजूद रहते हैं ।जनता का मानना है कि अफजलगढ़ ब्लाक क्षेत्र में थाना दिवस के दौरान राजस्व व पुलिस विभाग के अतिरिक्त अन्य अधिकारी उदासीन है। क्योंकि समाधान दिवस पर शिक्षा, स्वास्थ्य ,नगरपालिका कर्मचारी मौजूद नहीं रहते हैं इसके कारण सिर्फ जमीन के संबंधी शिकायतें पुलिस में लेखपाल द्वारा निस्तारण करने सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह के आलावा एसएसआई आशीष तोमर,कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया,एसआई जीत सिंह पुंडीर,एसआई नवीन कुमार,प्रधान कपिल कुमार,वसीम अंसारी सहित कानूनगो अफजलगढ़ नरेंद्र कुमार, लेखपाल बेनीराम सिंह, बृजमोहन, लेखपाल भूपेंद्र कुमार, जितेन्द्र प्रताप सिंह, अंशारूलहक,गौरव चौहान,कश्मीर सिंह राणा,ऋषिपाल सिंह, नगेन्द्र सिंह,यसवीर सिंह, दिनेश कुमार, सुरेशचंद, पप्पू सिंह राणा, अवधेश कुमार,राकेश कुमार, संजीव कुमार तथा अरूण सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।



## प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रवाद, मानवतावाद और ईश्वरवाद होना चाहिए-सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वाले

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

दरबार फुलसन्दा आश्रम में सत्संग के दौरान बाबा ने कहा कि मेरे राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रवाद, मानवतावाद और एक ईश्वरवाद होना चाहिए। ऐसा कोई भी व्यक्ति मेरे भारत राष्ट्र में ना हो, जो अपने देश के अलावा किसी और राष्ट्र का गुणगान करें। जहां जिसका जन्म हुआ है वह उसकी मातृभूमि है कोई अपने राष्ट्र से गद्दारी भूलकर भी ना करें। परमात्मा ऐसे गद्दार लोगों को सख्त दंड देता है। मेरे राष्ट्र के सभी नागरिक आपस में एक दूसरे की मदद करते हुए मिलकर रहें। कठिन समय में अपने पड़ोसी मित्रों की मदद करें ऐसी मानवता मेरे प्रत्येक भारतीय में हो। मेरे राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक ईश्वरवाद होना चाहिए। वो एक ईश्वर ही जमीन आसमान का स्वामी है उसी की आराधना करनी चाहिए। वेद कहता है एको देवः वह परमात्मा एक है सब में प्रकाश बनकर समाया है तुम वेद की दो ऋचाएं अर्थ सहित रोज पढ़ो इस आदि पुस्तक वेद से पुराना कोई ग्रंथ नहीं है। वेद कहता है उस परमात्मा की कोई प्रतिमा नहीं है उसका नाम ही तारणहार है। बाबा ने देश के नौजवानों युवा शक्ति से आहवान करते हुए कहा कि अपनी चेतना को राष्ट्रवाद की तरफ लगाएं। राष्ट्र और अपने परिवार की तरक्की के लिए कार्य करें। किसी भी प्रकार का नशा ना करें अपने देश और विश्व के प्रत्येक नागरिक से प्रेम करें यह भारत की संस्कृति अति प्राचीन और श्रेष्ठ है। यह भारतमुनि, मुनियों, ऋषियों, संतो सिद्धो व देवताओं की है। इस भूमि पर हमारे पूर्वजों ने महान कार्य किए तुम भी उन जैसे महान कार्य करो। बाबा ने प्रार्थना की है परमात्मा इस संसार वन मे तू मेरी और मेरे राष्ट्र की संपूर्ण विश्व की तू रक्षा करता है।



## तीसरी आंख करेगी चौक-चौराहों की निगरानी, चप्पे-चप्पे पर रहेगी ,कैमरे की होगी मेहरबानी

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। नगर पर रहेगी सीसीटीवी कैमरे की नजर, शासनादेश पर नगर पालिका लगवा रही है नगर के मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे । जानकारी के अनुसार जनता की सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए शासनादेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद ने नगर के मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने प्रारंभ कर दिए हैं अब चोर,उचक्के, अपराधी, तथा शौहदो को सावधान रहना पड़ेगा वरना कैमरे कि जद में आने के बाद बच नहीं पाएंगे। कैमरे ऑनलाइन फुटेज भेजने के लिए लगाए गए हैं। किसी भी समय नगरपालिका कार्यालय,ऑनलाइन देखे जा सकेंगे ईओ कौशल कुमार ने बताया कि नगर के विभिन्न चौराहों पर लगभग दो दर्जन कैमरे लगाए जा चुके हैं लगभग 32 कैमरे नगर के मुख्य चौराहों पर नजर रखेंगे जैसे मौली चौक, गोशाला, शिव मंदिर, नई टंकी पीएनबी चौक,चौक बाजार, मुस्लिम फंड चौराहा, बस स्टैंड, कालागढ़ मार्ग आदि विभिन्न चौराहों सीसीटीवी कैमरे कार्यदायी संस्था रफ्तार के साथ लगा रही है, उन्होंने बताया कि कैमरे लगाने का कार्य रफ्तार से हो रहा है, सीसीटीवी कैमरों से अब निगरानी की जाएगी। ऐसे में यह कैमरे पुलिस के के लिए मददगार साबित होंगे तथा घटनाओं में आरोपियों को पकड़ने में आसानी से मदद मिलेगी। शहर में चोरी से लेकर बाइक चोरी जैसी घटनाएं होती रहती हैं। जिसके बाद पुलिस खाली हाथ मलती रह जाती है। सभी कैमरे सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन चलने वाले लगाए जा रहे हैं। कभी भी शहर के किसी भी चौराहों के फोटो वीडियो देख सकेंगे। कैमरों का कंट्रोल रूम नगर पालिका कार्यालय में रहेगा।



## 34 लाख डैकती में अफजलगढ़ पुलिस व पश्चिम बंगाल पुलिस ने नगर के एक वंचित अभियुक्त को गिरफ्तार

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी एक व्यक्ति को पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक अपराधिक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बिजनौर न्यायालय पेश किया गया जहां से अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल पुलिस अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार के बीते 6 जनवरी 2023 को थाना रोहणा थाना अंतर्गत डागाभिला इलाके पश्चिम बंगाल में स्थित एक प्लास्टिक कारखाने में शुक्रवार को तड़के हत्यारों से लैस 8-10 व्यक्तियों द्वारा सुरक्षाकर्मी को बंधक बनाकर करीब 34 लाख की डकैती को अंजाम दिया था । सभी लुटेरे लूट को अंजाम देकर सुकून के साथ एक होटल ठहरे थे। पश्चिमी बंगाल पुलिस को मिली सूचना पर पश्चिम बंगाल पुलिस ने दोपहर करीब 3:00 बजे रोहड़ा थाना इंचार्ज के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने होटल में घेराबंदी कर ली अपने आप को गिरा देख लुटेरों ने पहले तो भीड़ का फायदा उठाकर भागने का प्रयास किया अपने आप को घिरता देख बचाने के प्रयास में लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग कर डाली। लुटेरों की फायरिंग में एक सिविक वोलोलियर घायल हो गया। पश्चिम बंगाल पुलिस के मुताबिक उतर पुलिस 24 परगना ने इस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था जिसमें सरकार एक लुटेरे की मोबाइल लोकेशन उत्तर प्रदेश जनपद बिजनौर के नगर अफजलगढ़ से मिली। जो पश्चिम बंगाल थाना में अपराध संख्या 07/23 धारा 395/397/411 के अन्तर्गत आरोपी वांछित चल रहा था जिसमें पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआई इमरान विश्वास के नेतृत्व देवासी सरकार सहित आठ पुलिस कमीर्यों द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से शनिवार को शाहनावाज उर्फ शानू पुत्र शाकि र निवासी नायक सराय को घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को मान्य न्यायालय जनपद बिजनौर के समक्ष पेश किया जहां अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल पुलिस के हवाले कर दिया गया पुलिस वांछित अभियुक्त को लेकर पश्चिम बंगाल रवाना हो गई



## चोरी के चार आरोपी एसीजेएम नगीना ने किए बरी

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।चोरी करते समय पकड़े जाने पर जान से मारने की धमकी देकर, अपने आप को छुड़ा कर भाग जाने तथा माल बरामद कराने के आरोपियों को एसीजेएम नगीना आमोद कंठ ने बरी कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आजाद कालोनी नगीना निवासी राजीव कुमार ने 8 नवंबर 2015 को रात के ढ़ाई बजे बराबर वाले कमरे से खट पट की आवाज आने पर जागने से देखा कि पांच छ आदमी कमरे से निकल रहे हैं तो उसने उनको पकड़ना चाहा तो अन्य ने उसे जान से मारने की धमकी देकर उसे छुड़ा लिया।

पीड़ित ने उनमें से एक पप्पू नाम के आदमी को पहचान लिया। पीड़ित के कमरे से एक मोबाइल, 13500 रू व कुंडल जिन्हे चोर ले गए थे । उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की विवेचना के दौरान कुल छ अभियुक्त कोमल, अमन ,पप्पू, अतर सिंह, राजा राम व राकेश निवासी ग्राम भगवानपुर थाना बढ़ापुर के नाम प्रकाश में आए और उनसे चुराया गया माल बरामद हुआ। विवेचक ने धारा 382/411 भा द स का आरोप पत्र प्रेषित किया।

विवेचना के दौरान राजा राम की पत्रवली प्रथक हुई तथा अमन की मृत्यु हो गई शेष चार का विचारण हुआ।

गवाहों के बयानों में भारी विरोधावास व विवेचना में पुलिस द्वारा की गई बरामदगी, विधि सम्मत ना होने तथा सोतंत्र साथियों को साक्षी न बनाए जाने मामला संधेयस्पद होने पर चारो अभियुक्त गण को न्यायलय द्वारा बरी किया गया।

अभियुक्त गणों की पैरवी निशात अहमद एडवोकेट द्वारा की गई।

## आरआरपीजी कॉलेज के एनसीसी के छात्रों के अग्निवीर में चयनित होने पर हुआ सम्मान

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

एन सी सी कैडेट शिवम सिंह, मोहम्मद सईम, निर्भय पाल, मोहम्मद ईस्माइल, रविन्द्र कुमार यादव और समीर अग्निवीर के रूप में हुए चयनित

अमेठी। आरआरपीजी कॉलेज अमेठी में एनसीसी कैडेटों द्वारा सेमिनार हाल में एनसीसी के चयनित अग्निवीरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट शिवम सिंह, मोहम्मद सईम, निर्भय पाल, मोहम्मद ईस्माइल, रविन्द्र कुमार यादव और समीर का चयन अग्निवीर के रूप में हुआ है। जिनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुबेदार मेजर हुकुम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नायब सूबेदार गजेन्द्र सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि चयनित अग्निवीर महाविद्यालय के साथ ही राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। जब भी मैं सेना के वर्दी में किसी को देखता हूं उसके प्रति मेरा विशेष सम्मान रहता है। महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ उमेश सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और कहा कि एनसीसी कैडेट्स निरंतर देश की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। सम्मान समारोह में डॉ लाजो पांडेय, डॉ रामसुंदर यादव, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ सुरेन्द्र प्रताप यादव, डॉ नीतू सिंह, डॉ ओ पी त्रिपाठी, डॉ सीमा सिंह, डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ सुधीर सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ डॉ पवन कुमार पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक एवं एन सी सी कैडेट उपस्थित रहे ।सम्मान समारोह का संचालन छात्रा काजल मिश्रा ने किया।



## माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम का किया निरीक्षण।

**धनंजय कुमार वैद्य प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, झारखंड**

रांची (झारखंड) चतरा में दिनांक-13.02.2023 को माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार के प्रस्तावित चतरा जिला परिभ्रमण कार्यक्रम को लेकर



आज उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जिले के पदाधिकारियों के साथ प्रशासनिक तैयारी एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा पहुंचे।

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी कि जानकारी लेते हुए उन्होने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कहा कि ससमय सम्पूर्ण तैयारी पूर्ण करा लिया जाए।

उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला खेल-कूद पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर सदर अस्पताल परिसर में प्राइवेट एम्बुलेंस संचालकों का कब्जा

**समाज जागरण, बिनोद सिंह**
**ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू प्रमंडलीय सदर अस्पताल के वार्डों के अंदर से लेकर बाहर तक प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों का खेल चल रहा है। न केवल अस्पताल परिसर में कब्जा जमा रखा है बल्कि यहीं से वह अपने दलालों के माध्यम से मरीजों को मनमाने किराये पर वाहन उपलब्ध करा रहे हैं। नियमानुसार अस्पताल परिसर में केवल सरकारी और 108 एम्बुलेंस ही खड़ी रह सकती हैं । निजी एम्बुलेंस को अस्पताल परिसर के अंदर अपने वाहन खड़े करने और मरीजों को ढूंढने की इजाजत नहीं है लेकिन काफी समय से यहां निजी एम्बुलेंस वाले सक्रिय हैं जो सदर अस्पताल के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अपना धंधा चला रहे हैं।जानकारी के मुताबिक जैसे किसी मरीज को बाहर रेफर होने की जरूरत पड़ती है तो अस्पताल के ही कुछ कर्मचारी मरीज के परिजनों को समझा बुझाकर उन्हें प्राइवेट एम्बुलेंस संचालकों के हवाले कर देते हैं। इसके बाद फिर एम्बुलेंस चालक मरीजों के परिजनों से मनमाना किराया वसूलते हैं ।जानकारी के अनुशार रांची तक के 180 किलोमीटर के सफर के लिए 6000-7500 तक प्राइवेट एंबुलेंस चालक वसूल लेते हैं जबकि इससे अधिक दूरी और ले जाने के लिए 10 से 12 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से राशि वसूली जाती है।

**एम्बुलेंस में नहीं है आवश्यक सुविधाएं**




प्रमंडलीय सदर अस्पताल में खड़ी हो रही कुछ निजी एम्बुलेंस में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं । न तो लाइफ सपोर्ट सिस्टम है और न ही पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा है जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक ओर शासन जहां लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली बड़ी एम्बुलेंस सेवा संचालित कर रही है तो वहीं निजी एम्बुलेंस वाले ज्यादातर ओमनी वैन जैसी छोटी गाडियों के माध्यम से एम्बुलेंस सेवा प्रदान कर रहे हैं जिसमें मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**मोक्ष वाहन चालक भी वसूल रहे हैं अवैध पैसे।**

मोक्ष वाहन चालक भी अस्पताल से अवैध पैसे वसूल रहे हैं। किसी एक व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि मोक्ष वाहन चालक भी मृत व्यक्ति को ढोने के बजाय रात के अंधेरे में सदर अस्पताल से मरीज को लेकर रांची तक जा रहे हैं जबकि मोक्ष वाहन का काम सिर्फ मृत पड़े व्यक्तियों को ले जाने का है। अस्पताल में इस तरह के गैर कानूनी धंधे से लोग काफी परेशान हैं।

**क्या कहते हैं अस्पताल अधीक्षक**

इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को हटवाया जाएगा। परंतु अब तक इस और कार्रवाई नहीं की गई है जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, मरीजों को अधिक पैसे देकर रांची रिम्स जाना पड़ रहा है।

## उपायुक्त श्री अबु इमरान ने प्रोजेक्ट गर्ल अपग्रेड +2 विद्यालय का किया औचक निरीक्षण। विद्यालय में शिक्षकों की शत प्रतिशत हो उपस्थितिः उपायुक्त

*अनुसूचित बालिका विद्यालय सिमरिया का भी किया निरीक्षण*

**धनंजय कुमार वैद्य,प्रभारी सह ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण, झारखंड**

रांची (झारखंड) चतरा उपायुक्त श्री अबु इमरान ने प्रोजेक्ट गर्ल अपग्रेड+2 विद्यालय और अनुसूचित बालिका विद्यालय सिमरिया का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में सभी शिक्षकों की उपस्थिति, उपस्थित पंजी, बच्चों की कुल संख्या एवं बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित हो एवं विद्यालय में पठन पाठन सुचारू रूप से किया जाए तथा विद्यालय में साफ-सफाई का पूरा ध्यान दिया जाए।

उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नितु सिंह, अंचल अधिकारी छुटेश्वर कुमार दास एवं विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) पलामू जिले के हुसैनाबाद में भाजपा नगर मंडल के तत्वधान में उदयनाथ विश्वकर्मा के छतरपुर रोड स्थित बद्रीनारायण कंपलेक्स में समर्पण दिवस मनाया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी वरीय पदाधिकारी एवं




कार्यकारिणी के सभी सदस्य, मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पाटीर्के प्रति समर्पण के रूप में पार्टी के हित में समर्पण निधि देकर कार्यक्रम को सफल बनावे ,इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अविनाश कश्यप उर्फ बिट्टू जी, अध्यक्ष नगर मंडल हुसैनाबाद अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि नगर श्रवण लाल अग्रवाल,भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, संतोष गुप्ता ,जयप्रकाश तिवारी ,अखिलेश्वर मेहता ,राजेश कर्ण, राजीव ठाकुर , सुशील सिंह , मनीष कश्यप ,सुनील गुप्ता , पप्पू जी सहित नगर मंडल के सभी पदाधिकारी एवम सदस्य मौजूद थे

## गढ़वा उपायुक्त ने बैंक्वेट हॉल विद्या सिटी मॉल चिनिया में जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का किया उद्घाटन।

**धनंजय कुमार वैद्य प्रभारी सह ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण ,झारखंड**

रांची ( झारखंड) आमंत्रण बैंक्वेट हॉल,विद्या सिटी मॉल चिनिया रोड, गढ़वा में जल जीवन मिशन के तहत एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मंचासीन उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप एवं माननीय मंत्री के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के माननीय विधायक प्रतिनिधि तथा माननीय सांसद प्रतिनिधि समेत जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रबंधन गढ़वा तथा राज्य से आए स्टेट कंसलटेंट एवं स्टेट आईसी कोऑर्डिनेटर आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के विभिन्न अवयवों के साथ-साथ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के सभी ग्रामीण परिवारों को कार्यशील घरेलू नल से जल (एफएचटीसी) उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी प्रदीप कुमार सिंह द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यशाला में आए सभी लोगों का अभिवादन किया गया एवं कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों से लोगो को अवगत कराया गया। तत्पश्चात बताया कि झारखंड राज्य में एफएचटीसी कवरेज मात्र 30.34% है एवं गढ़वा जिला का एफएचटीसी कवरेज 29.59% है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन में शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला स्तर पर माननीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत के प्रतिनिधियों, जिला स्तर के पदाधिकारियों एवं





जलसहियाओं के बीच आपसी समन्वय एवं क्षमतावर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप द्वारा मंच साझा करते हुए कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हर घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं ठोस तथा तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा इस मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई एवं कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जलसहिया एवं पंचायतों के प्रतिनिधियों से सामूहिक प्रयास करते हुए मिशन की सफलता में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में पानी की समस्या का निराकरण करना पहली प्राथमिकता है। अतः इस स्कीम की प्राथमिकता बढ़ जाती है। उन्होंने इस मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किए गए कार्यों के लिए कहा कि गढ़वा की स्थिति बुरी नहीं, तो अच्छी भी नहीं है। गढ़वा को इस क्षेत्र में लीड करने की आवश्यकता है। जो भी कार्य किए जाने हैं उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्ण ख्याल रखते हुए ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हर घरों में शुद्ध पेयजल के साथ-साथ स्वच्छता की ओर ध्यान देते हुए फाइव स्टार (5 स्टार) रेटिंग में पहुंचाने की बात कही गई। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जलसहियाओं तथा विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लोगों में जागरूकता फैलाते हुए शुद्ध पेयजल के लाभ बताने हेतु कहा। साथ ही शुद्ध पेयजलापूर्ति हेतु बताया कि लोगों को कन्वींस करके उन्हें बताएं कि शुद्ध पेयजल हर एक मायने में उनके लिए लाभदायक है। शुद्ध जल से ही स्वस्थ जीवन संभव है। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, जलसहियओं आदि से इस कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने के बाद अपेक्षित सहयोग करते हुए इस कार्य में फाइव स्टार रेटिंग के लिए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि इसके मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति किया जा सके। इस प्रकार के कार्यों में शत-प्रतिशत सफलता हेतु प्रचार प्रसार व जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बनाते हुए इस कार्य में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए इसे धरातल पर उतारने की बात कही। मौके पर उपस्थित माननीय मंत्री के प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि एवं विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायक प्रतिनिधि के द्वारा भी मंच साझा करते हुए अशुद्ध पेयजल के नकारात्मक प्रभाव एवं शुद्ध पेयजल के सकारात्मक लाभ के बारे में बताया गया। सिविल सर्जन गढ़वा डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा अशुद्ध पेयजल के सेवन से होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि 70% से ज्यादा बीमारी दूषित पानी पीने के कारण ही होता है। यदि हम अपने जीवन शैली में शुद्ध पानी को पीने हेतु प्राथमिकता सुनिश्चित करते हैं, तो बहुत सी बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। डीआरडीए निदेशक एवं पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा भी जल जीवन मिशन के तहत इसके मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, जलसहियाओं एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि कार्यशाला के माध्यम से जो भी सीखें, उससे इस मिशन में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए पेयजल की शुद्धता के साथ-साथ वाटर सस्टेनेबिलिटी को भी बनाए रखने हेतु लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से पानी की बबार्दी की जाती है, उसे रोकने हेतु लोगों को अपने घरों में सोखता आदि के माध्यम से पानी संग्रहण करना अतिआवश्यक है। यदि पानी रहेगा, तो ही शुद्ध पेयजल की कल्पना की जा सकती है। कार्यशाला में स्टेट कंसलटेंट कृष्णा कुमार द्वारा एवं स्टेट आईसी कोऑर्डिनेटर एसबीएम-जी मोहम्मद आजाद खान द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल मुहैया कराने एवं ठोस तथा तरल कचरा प्रबंधन करने के विभिन्न उपाय एवं आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा लोगों को इस मिशन के तहत इच्छित सफलता पाने हेतु विभिन्न नियमों एवं तरीकों को लोगों के साथ साझा किया गया। उक्त कार्यशाला में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी एवं जिला शिक्षा विभाग, जिला जनसंपर्क विभाग, जिला स्तरीय अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी समेत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा के सहायक अभियंता मुकेश कुमार एवं कनीय अभियंता सिकंदर प्रसाद, प्रखंड समन्वयक मोहम्मद नौशाद खान तथा विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

## हज 2023 के लिए आवेदन 10 मार्च तक लिया जायेगाः ग्यासुद्दीन

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू जिले में हज 2023 के लिए जाने वाले जायरीनों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2023 है। उक्त आशय की जानकारी झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य सह नगर पंचायत हुसैनाबाद के उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने दी। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन



आवेदन करने के पहले हज गाइडलाइन का अवलोकन कर लें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य किया जायेगा।

## भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्रामी बाबा तिलका मांझी के जयंती पर देशभक्तों ने दी श्रद्धांजलि

**माला रानी महतो, समाज जागरण,**
**अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड), तिलका कल्याण समिति द्वारा गांगुडीह पुनर्वास स्थल में बाबा तिलका मांझी जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रथम सशस्त्र स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर देशभक्तों ने माल्यार्पण कर नमन किया। स्वाधीनता संग्रामी तिलका मांझी के जीवनी के संबंध में आयोजक समिति के श्यामल मार्डी ने कहा कि क्रांतिकारी तिलका मांझी के नेतृत्व में स्वाधीनता प्रेमियों ने 1778 ई0 में पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ कैंप पर कब्जा करने वाले अंग्रेजों को खदेड़ कर कैंप को मुक्त कराया। 1784 में तिलका मांझी ने ब्रिटिश शासन के अधिकारी क्लीवलैंड को मार डाला। बाद में आयरकुट के नेतृत्व में तिलका मांझी की गुरिल्ला सेना पर जबरदस्त हमला हुआ जिसमें कई लड़ाके मारे गए और तिलका को गिरफ्तार कर लिया गया। कहते हैं उन्हें चार घोड़ों में बांधकर घसीटते हुए भागलपुर लाया गया। लेकिन मीलों घसीटे जाने के बावजूद वह जीवित था। खून में डूबी उसकी देह तब भी गुस्सैल थी और उसकी लाल-लाल आंखें ब्रिटिश शासन को डरा रही थी। डरे सहमे हुए अंग्रेजों ने तिलका मांझी को भागलपुर के चौराहे पर स्थित



एक विशाल बरगद के पेड़ पर फांसी चढ़ाकर उनकी जान ले ली। हजारों की भीड़ के सामने जबरा तिलका मांझी अपने देश वासियों को गुलामी के जंजीर से मुक्त कराने के लिए हंसते-हंसते फांसी में लटक गए। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेकर देश हित के लिए अपने जल जंगल जमीन को बचाने की संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर हंडी फोड़, बत्तख दौड़, बैलून फोड़, मोमबत्ती दौड़, रस्सी खींचा, चम्मच दौड़, मैजिक चेयर, ओलचिकी व गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। मौके पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। राम मार्डी का झकास मेलोडी व झुमूर गायिका अंजलि महतो के दल द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर ईचागढ़ के विधायक सविता महतो, जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक, पातकोम दिशोम परगना बाबा मान रामेश्वर बेसरा, झामुमो जिला सचिव बुद्धेश्वर माझी, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम, हाड़ीराम सोरेन, हराधन मार्डी, सोनुराम मार्डी, चांडिल के प्रमुख अमला मुर्मू, समाजसेवी खगेन महतो, युधिष्ठिर महतो, अमर सेंगेल, नारायण गोप, बासुदेव आदित्यदेव, श्यामल मार्डी, समिति के अध्यक्ष धनीराम सोरेन, सचिव रविनाथ हांसदा, कोषाध्यक्ष सोनु बेसरा आदि उपस्थित थे।

## जैप 1 ग्राउंड मे झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा का विदाई समारोह अयोजित।

**संजय सिंह ,ब्यूरो चीफ सह प्रभारी**
**दक्षणी छोटानागपुर प्रमंडल,रांची,**
**दैनिक समाज जागरण**

रांची (झारखंड) 11 फरवरी 2023ःप्त झारखण्ड डीजीपी नीरज सिन्हा के कार्यकाल का आज 11 फरवरी (शनिवार) को अंतिम दिन था,उम्मीद की जा रही थी कि इनके स्थान पर झारखंड के नये डीजीपी का निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर हो जायेगा, लेकिन शुक्रवार 10 फरबरी देर शाम तक इस पर निर्णय नहीं हो सका. यूपीएससी के पैनल में तीन आइपीएस अधिकारियों का नाम हैं. इनमें 1989 बैच के आइपीएस अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और 1990 बैच के अनिल पाल्टा का नाम शामिल है. भटनागर फिलवक्त केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआइ में संयुक निदेशक हैं. वहीं अजय कुमार सिंह एसीबी के डीजी सह चीफ और झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के एमडी हैं. जबकि अनिल पाल्टा डीजी रेल के पद पर कार्यरत हैं। उधर वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा को विदाई देने की तैयारी डोरंडा स्थित जैप वन में की गयी है. शनिवार को उन्हें विभाग की ओर से परंपरा के अनुरूप विदाई दी गई। शुक्रवार की शाम पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने डीजीपी को कार्यक्रम का कार्ड भी भेंट किया.1987 बैच के अधिकारी श्री सिन्हा 12 फरवरी 2021 में झारखण्ड के डीजीपी पद ग्रहण किया था, इससे पूर्व झारखण्ड बनने के बाद राँची के पहले एस एसपी बनने का गौरव हुआ था, श्री सिन्हा किया था. इसके बाद जेएनयू से समाजशास्त्र में 1983 में एमए किया. भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद एकीकृत बिहार में एएसपी पटना, एसपी जहानाबाद, एसपी जमुई, एसपी समस्तीपुर, एसपी आरा, बीएमपी-10 कमांडेंट, एसपी कटिहार, एसपी सीआइडी, एसपी





एसएसपी हजारीबाग,एसएसपी स्पेशल ब्रांच, डी आईजी हजारीबाग, आई जी निगरानी, डीजी जैप में भी योगदान दिया था। 8 जनवरी 1962 में इनका जन्म साहेबगंज में हुआ था। 1978 में इन्होंने पटना साइंस कॉलेज से आइएससी, 1978 में भी इन्हें नेशनल साइंस टैलेंट सर्च अवार्ड स्कॉलरशीप मिला. इसमें इनका रैंक सबसे ऊपर था. लेकिन इन्होंने मेडिकल की पढ़ाई पूरी नहीं की. 1981 में इन्होंने पटना साइंस कॉलेज से 1981 में बॉटनी आनर्स नालंदा रहे. झारखण्ड सेवा में रहते हुए माओवादी पोलित ब्यूरो के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी. इन्हें 2002 में राष्ट्रपति वीरता पदक से नवाजा गया था. झारखंड के डीजीपी रहते हुए बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ, झुमरा, कुचाई आदि पर सुरक्षाबलों की फतह में इनका अहम योगदान रहा. डीजीपी श्री सिन्हा लॉ की पढ़ाई भी कर रहे हैं. रिटायर्डमेंट के बाद वे बतौर अधिवक्ता अपनी सेवा दे सकते हैं. ऐसी संभावना है.

## विधायक के गांव कालासाई में माघे पर्व में ग्रामीणों संग थिरके विधायक सोनाराम सिंकु व उसकी पत्नी।

***मेहमानों संग लिया लिया लजीज व्यंजनों का आनंद***
****प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।***
***दैनिक समाज जागरण संवाददाता जगन्नाथपुर अनुमंडल****
***जगन्नाथपुर.***

जगन्नाथपुर 11 फरवरी 2023ः जगन्नाथपुर प्रखंड के में शनिवार को धूमधाम से माघे पर्व मनाया गया। स्थानीय विधायक सोनाराम सिंकु के पैतृक आवास पर अपने कार्यकताओं के साथ हजारों की संख्या में शामिल हुए। विधायक सोनाराम सिंकु को ने सभी का स्वागत की।

उन्होंने ग्रामीणों को माघे पर्व तथा होली की बधाई भी दी। इसके बाद नगाड़े तथा मांदर की थाप पर सोनाराम सिंकु के पैतृक आवास पर ग्रामीणों का सामूहिक नृत्य हुआ। विधायक ने ग्रामीणों संग



घंटो नृत्य किया। मांदर पर थाप दी तो कार्यकताओं ने माघे गीत का सामूहिक गान किया। सेबेरे माघे पोरोब.... के जयकारे के बीच हो ताड़ो गीत भी गुंजायमान थे। वहीं बुजुर्ग महिला पुरूषों ने माघे गीत के जरिये प्रकृति तथा सृष्टि की महिमा का बखान करते हुए उसके प्रति आभार जताया।

वहीं दामा दुमंग तथा चेओम की आवाज से गांव गुंजायमान था। इस दौरान सामूहिक भोज भी चलता रहा। इसके पूर्व शुक्रवार को गांव के दिऊरियों ने देशाऊली में मुर्गे की बलि देकर सुख समृद्धि की कामना की।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय, कांग्रेस कार्यकर्ता सुमित महापात्र दिग्विजय सिंह अमोद गुप्ता, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद थे।


## अब अपराधियों को पुलिस का खौफ नहीं दिनदहाड़े घर में घुसकर व्यवसाय को धारदार हथियारों लाठी-डंडे से की पिटाई । पांच घायल

**धनंजय कुमार वैद्य , प्रभारी सह ब्यूरो चीफ झारखंड दैनिक समाज जागरण।**

रांची (झारखंड) अब अपराधियों को पुलिस का खौफ नहीं दिनदहाड़े घर में घुसकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से व्यवसाई को पीटा । व्यवसाई के परिवार में पांच घायल हो गए हैं। मामले से संबंधित सुदर्शन कुमार पिता विष्णु गुप्ता के द्वारा प्रतापपुर थाना में मामला दर्ज करते हुए 11 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है । जिसमें गणौरी माली, सरजू माली, दोनों पिता स्वर्गीय राम दादा माली, रविंद्र माली, विरेंद्र माली ,दोनों पिता ब्रह्मा माली ,सुरेंद्र माली, विरेंद्र माली ,दोनों पिता सरजू माली, सुबोध माली, चंदन माली ,दोनों पिता गनौरी माली ,रविंद्र माली की बहन, सुरेंद्र माली की पत्नी ,वीरेंद्र माली की पत्नी, गनौरी माली की पत्नी, सहित 11 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। सभी मनातू थाना अंतर्गत कमाही गांव निवासी है। घटना का उल्लेख करते हुए सुदर्शन कुमार ने बताया कि सुबह 7:00 बजे के करीब सभी अभियुक्त हथियार,लाठी, ,सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। कुछ लोगों को सर फूटा है तो किसी की हाथ टूटी है। सभी को बेहतर







डंडे, से लैस होकर मेरे घर में अचानक घुस गए। और मेरे घर आए हुए हंसराज मालाकार को पूरी तरह मारपीट करने लगे। मेरे घर के सभी लोग बीच-बचाव जब करने पहुंचे तो, उनके साथ भी मारपीट की गई है। जिसमें शंभू साहू ,विष्णु प्रसाद गुप्ता ,आनंद कुमार, निगुर्णा देवी इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया है। घटना उक्त घटना 9 फरवरी की बताई जा रही है अनुसंधानकर्ता से पूछे जाने पर बताया कि इस मामले से संबंधित दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे को आरोपी बनाया गया है प्रतापपुर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नौडीहा बाजार पुलिस एक्शन में। बड़े पैमाने पर की जा रही अफीम खेती को किया विनिस्तीकरण।

***नौडिहा बाजार के ग्राम लाल गढ़ा में की जा रही थी बाजार थाना में नौडीहा बाजार थाना में मामला दर्ज 17 बने अभियुक्त।***

**समाज जागरण , सतेंद्र चौरसिया**
**प्रखंड,संवाददाता,नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) प्राप्त सूचना के अनुसार पलामू जिला के नौडीहा थाना ग्राम लालगडहा टोला झाडवाछाडन के गैरमजरूआ भूमि पर ग्रामीणों के द्वारा काफी मात्रा में अवैध रूप से



पोस्ता/अफीम की खेती की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार, नौडीहा अंचल राजस्व उपनिरीक्षक सह अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र मण्डल, अंचल अमीन सौरभ कुमार, पुलिस अवर निरिक्षण सीताराम मुर्मू, सहायक अवर निरिक्षक महादेव उरांव, सहायक अवर निरिक्षक टुनटुन कुमार, सरईडीह ओपी प्रभारी सहायक अवर निरिक्षक अजय कुमार राय, नौडीहा बाजार थाना सशस्त्र बल हवलदार युगलों राम, आ०1916 अनूप कुमार, आ० 432 कन्हान यादव, आ० 13 चन्दन कुमार दुबे, जैप 07 के सशस्त्र बल एवं सरईडीह में पदस्थापित सशस्त्र बल के साथ एक हलयुक्त ट्रैक्टर साथ लेकर सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू ग्राम ललगाडा टोला झाडवाछाडन मुन्ना जयसवाल के माइन्स के पास पहुंचे तो पुलिस को देखते हीं अफीम के खेती में पानी पटा रहे 05-06 व्यक्ती भागने लगे। सशस्त्र बल के सहायता से भाग रहे व्यक्तियों में से 03 लड़को को पिछे कर पकड़ लिया गया।

पुछ ताछ के बाद उनकी पहचान अजय महतो 25 वर्ष पिता खिरोधर महतो ग्राम कुण्डी पो० जोगिया थाना प्रतापपुर जिला चतरा, रविन्द्र साव 26 वर्ष पिता मंत्री साव ग्राम करार थाना पालकी जिला पलामू और कमलेश सिंह 23 वर्ष पिता सुरेश सिंह ग्राम ललगाडा टोला झाडवाछाडन थाना नौडीहा बाजार जिला पलामू के रूप में हूई।

अमीन सौरभ कुमार ने मुआयना कर बताया कि करीब ढाई एकड़ में अवैध अफीम/पोस्ता कि खेती की जा रही थी। खेती में प्रयोग होने वाले उपकरण, दवा और पौधे से निकाला गया करीब दो सौ ग्राम भूरा रंग का अफीम जैसा पदार्थ जप्त किया गया। राजस्व उपनिरीक्षक सह अंचल निरीक्षक नौडीहा अंचल सुरेंद्र कुमार के टंकित आवेदन के अनुसार कुल 17 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जिसमें अजय महतो, रविन्द्र साव, कमलेश सिंह कृष्णा साव, महेंद्र सिंह उर्फ महेंद्र गंगूबाई महतो, शम्भू सिंह, बीरेन्द्र सिंह, शिव सिंह, मुकुल सिंह, सत्यनारायण सिंह, लवकुश सिंह, धनंजय सिंह, अनिल सिंह,



राजू सिंह और गोलाई सिंह सभी ग्राम ललगाडा टोला झाडवाछाडन धागा नौडीहा बाजार जिला पलामू के विरूद्ध नौडीहा थाना कांड संख्या 06/23 दिनांक 10/02/2023 धारा 15/18/25/27A/28/29 NDPS Act दर्ज की गई है। आज गिरफ्तार तीनों अभियुक्त अजय महतो, रविन्द्र और कमलेश सिंह पलामू जेल भेज दिया गया।

# भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पलामू जिला कार्यालय में हुई

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड) पलामू जिला कार्यालय मेदिनीनगर में कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया। संबोधन करते हुए श्री आर्य ने कहा कि भारत आज अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है अमृत काल में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में अनुसूचित जाति मोर्चा वर्ग के कल्याण, विकास एवं गरीबों के सशक्तिकरण के अनेक ऐतिहासिक निर्णय किए गए हैं। संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बाद पहली बार गरीबों, वंचितों, महिलाओं, शोषितों, अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान की पहल हो रही है जिसके कारण अनुसूचित जाति वर्ग सहित देश के गरीबों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति श्रद्धा और विश्वास बढ़ा है। गरीबों को समर्पित मोदी सरकार अंतोदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं संविधान निमार्ता बाबासाहेब आंबेडकर ने जीवन पर्यंत गरीबों को आर्थिक सामाजिक राजनीतिक न्याय दिलाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं एवं अवसरों की समानता लाने की संकल्पना की। आज देश के प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रीय स्वच्छता योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि,स्वनिधि एवं मुद्रा योजना, आयुष्मान योजना, अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वीकृत किया है। इन योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर गरीब वंचितों महिलाओं शोषितों अनुसूचित जाति वर्ग को मिल रहा है।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को समर्पित है मोदी सरकार।'ऐसा चाहू राज मै, जहां मिले सबन को अन,छोट-बडो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न' संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के इस दोहे को साकार करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र



मोदी जी ने कोरोनि काल के संकट काल में देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति निशुल्क 5 किलो अनाज देकर एवं देश के गरीबों को कोरोना का फ्री टीका लगाकर 'नर सेवा नारायण सेवा' की भावना को पूर्ण करने का संवेदनशील फैसला लिया जो आज तक निरंतर जारी है।मोदी जी का कहना है कि राष्ट्र का सशक्तिकरण तभी संभव है जब समाज के सभी अंग सक्षम एवं सशक्त हो "अंत्योदय हमारा लक्ष्य है-पथ है-प्रण है"श्री नरेंद्र मोदी जी का संविधान शिल्पी डॉभीमरावअंबेडकर जी का जन्म दिवस 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश एवं राष्ट्रीय समरसत्ता दिवस एवं 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित करना अनुसूचित जाति वर्ग के प्रति सम्मान को दशार्ता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना भारत की एकता एवं अखंडता और एकीकरण के लिए जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है और श्रद्धेय दीनदयाल जी के अंतोदय का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में साकार हो रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अमर बावरी ने अपने संबोधन कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार दलित विरोधी है। जेएमएम कांग्रेस और राजद वाली राज्य सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति के कारण दलितों पर लगातार अत्याचार बढ़ रहा है। आज के समय में राज्य में दलित खुद को अकेला और ठगा हुआ महसूस कर रहा है। लेकिन राज्य के सभी दलितों की आवाज और उनके हक अधिकार के लिए चट्टान की तरह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राज्य सरकार और दलितों के बीच खड़ी है। मोर्चा के कार्यकर्ता अपने समाज के हक और अधिकार के लिए अपने खून की अंतिम बूंद तक लड़ने को तैयार है। अब समय आ गया है इस दलित विरोधी राज सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकने के लिए पूरे राज्य के दलित संगठित हो आंदोलन का मार्ग अपनाते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के आलोक में अपना हक अधिकार छीन कर ले।विधायक आलोक चौरसिया ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को लेकर देश आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है और आने वाले दिनों में भारत एक समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र बनेगा।

विधायक किशुनदास ने कहा कि मोदी सरकार समतुल्य भाव से सभी वर्ग के गरीब निर्धन शोषित वंचित दलित आदिवासी व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सेवा कार्य कर रहे हैं जो अभूतपूर्व है।

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि दलितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भाजपा हमेशा से लड़ाई संघर्ष के लिए कटिबद्ध है।

विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार में गरीब आंसू रो रहा उसको सुनने वाला कोई नहीं है।

विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि दलित महिलाओं पर लगातार राज्य में अपमान हो रहा है सरकार मूकदर्शक है।

मेयर अरुणाशकर पूर्व विधायक जीतूचरण राम झारखंड प्रभारी ब्रजमोहन राम सीताराम जी जवाहर पासवान शिवधारी राम रंजनभारती रंजन पासवान विमल बैठा प्रभात भुईया ध्रुव हरि सीमापासवान कमलेश राम पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक खुदा राम कलेश्वर दास विशाल बाल्मीकि राजेंद्र पासवान जोगेंद्र लाल अनिल कुमार गोविंद बाल्मीकि शंकर रजक सुनील पासवान जितेंद्र राम राकेश राम राजीव लाल नीरज कुमार राजीव लाल संदीप कुमार बापी बावरी दीपक बैठा कमलेश किशोर समीर बावरी रामेश्वर राम बबन पासवान लक्ष्मण राम राजेश पासवान नीरज पासवान सहित सैकड़ों कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। जिला कार्यालय नीचे कक्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताएं मार्ग पर चलकर समाज और देश के लिए समर्पण भाव से कार्स करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक

भाजपा पलामू के नरेंद्र पांडे उप महापौर मंगल सिंह परशुराम ओझा विपिन सिंह विजय ओझा शिवकुमार मिश्रा सोमेश सिंह ईश्वरी पांडे संजय कुमार संजय गुप्तां राकेश तिवारी श्याम बाबू सुरेंद्र विश्वकर्मा ज्योति पांडे भोला पांडे अमित आनंद सुशील सिंह अनुज पांडे पंकज तिवारी जय दुबे चेतन आनंद स्मिता कुमारी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ आयोजन हेतु 61 युवती व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**माला रानी महतो, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड), सरायकेला खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड अंतर्गत सोलोआना कमिटी पारगामा द्वारा पारगामा स्थित शिव मंदिर में ईगारह फरवरी से लेकर बीस फरवरी तक की जाने वाली श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ की आयोजन हेतु शनिवार को धुधि (जुड़िया) नदी से पारगामा शिव मंदिर तक 61 युवती व महिलाओं ने



कलश यात्रा निकाली। इस दौरान पूरे पारगामा पंचायत का वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव मंदिर परिसर में कलश यात्रा पहुंचने के बाद पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना किया गया।

मौके पर मुख्य संरक्षक राकेश कुमार महतो ने कहा कि संसार के सभी प्राणी सुख की कामना रखते हैं। लेकिन अविनाशी सुख की उपलब्धि आध्यत्मिकता के अभाव में संभव नही है। ।इसी दृष्टिकोण से इस नो दिवसीय श्री श्री नवाह्न परायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में झारखंड,पश्चिम बंगाल सहित उत्तर प्रदेश कई कथा वाचक का आगमन होगा,इस पावन अवसर पर सभी सनातनधर्मी लोग, महान, संत, साधु- महात्मा उपस्थित होकर हम सभी को लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुखिया लालू माझी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन सिंह सरदार, ग्राम प्रधान भरत चंद्र महतो, महेंद्र नाथ महतो, प्रफुल्ल महतो, वार्ड सदस्य बुद्धेश्वर महतो, साहेब राम महतो, परीक्षित महतो, धीरज महतो, बिराज महतो, मदन महतो, बादल दे, शशांकर महतो, अमृत सिंह आदि उपस्थित थे।

## पेड़ से झुलता युवक का शव पुलिस ने किया बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**उमाकांत कुमार कर,समाज जागरण, प्रखंड संवादाता,खरसावां**

खरसावां (झारखंड)खरसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर गांव के समीप पेड़ से झूलता हुआ एक युवक का शव खरसावां पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पदमपुर गांव के टोला बांदियासाई निवासी गोंयदा बांदिया 18 वर्षीय का शव पदमपुर के तेलीसाई गैस गोदाम के समीप एक पेड़ से लटका हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खरसावां पुलिस को दी। इधर घटना की सूचना मिलते ही खरसावां थाना प्रभारी पिंटू महथा व आमदा ओपी प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। तथा पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं परिवार में शोक की मातम छाया हुआ है। वहीं गोंयदा बांदिया की हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शव को देखने के बाद क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चचाएं हो रही है।

## झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव ने औपचारिक मुलाकात। की।

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची दैनिक समाज जागरण**

रांची (झारखंड) झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव ने औपचारिक मुलाकात। की । इस मौके पर उनके बीच विकास से जुड़े कई विषयों पर विचार- विमर्श हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री



जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार विधानसभा के सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री बिहार श्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री श्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक श्री संजय प्रसाद यादव इस मौके पर मौजूद थे।

## रामनवमीपूजा के शुभवसर पर रंगा रंग भोजपुरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया है।

**समाज जागरण , सतेंद्र चौरसिया प्रखंड,संवाददाता,नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) स्थान नवाडीह पोस्ट सरेडीह थाना नौडीहा बाजार पलामू में भोजपुरी गायक खेसारीलाल यादव एवं अभिनेत्री काजल रंगवानी और साथ मे माही एवम मनीषा का परोग्राम आयोजन किया जाना है पिछले वर्ष पहले भी परोग्राम किया जा रहा था की कॅरोना एवम पंचायत चुनाव के चलते परोग्राम आस्थगित किया गया था जो इस वर्ष दिनांक 06/04/2023 दिन गुरुवार को परोग्राम का आयोजन किया जाएगा आयोजन कर्ता करकटा पंचायत के मुखिया पति रामबली पासवान

## रक्तदान को लेकर लोग हो रहे जागरूक : धीरज मिश्रा

*सफल हो रहा है धीरज का रक्तदान जागरूकता अभियान रोहित सिंह ने किया रक्तदान*

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड) डालटनगंज वनजा आरोग्य केंद्र में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी शांति देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर रोहित सिंह ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया। मालूम हो कि डाक्टर अरुण शुक्ला के क्लिनिक में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी महिला मरीज शांति देवी को ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला के परिजन द्वारा पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर महिला मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। तत्पश्चात सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक



धीरज मिश्रा ने हिंदू बजरंगी सेना के सक्रिय सदस्य आबादगंज निवासी रोहित सिंह से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। धीरज मिश्रा ने रक्तदाता रोहित सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है।रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करने की एक अपील लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।श्री मिश्रा ने कहा कि अक्सर मामलों में रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों द्वारा अपना रक्तदान नही कर अन्य लोगों से रक्त दान करने का आग्रह किया जाता है।रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को भी रक्तदान करना चाहिए । बल्ड बैंक में रक्त समुह की मात्रा की कमी न हो इसके लिए श्री मिश्रा ने सभी निजी, सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है।

## सामुदायिक भवन में भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की हुयी बैठक, पार्टी के मजबूती पर हुयी विशेष चर्चा

**समाज जागरण,कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) विश्रामपुर सामुदायिक भवन में भाजपा नगर मंडल कार्य समिति की एक बैठक हुयी.बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया.बैठक के दौरान भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया.जहां मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,विधयक प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा व महामंत्री मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के



तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व वंदे मातरम के उदघोष के साथ किया गया.इसके बाद बैठक में पार्टी के मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया.वहीं मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प भी लिया गया.मौके पर भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा,खेताब खान,देवनारायण सिंह,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह,युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर,किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मौर्या,संयोजक रजनीश चंद्रवंशी,बेबी देवी,अर्चना देवी,शंकर चंद्रवंशी,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, मुमताज आलम,भिखारी साव,उदेश्वर यादव,जुमराती अंसारी,मैनुद्दीन अंसारी,शिवशंकर चंद्रवंशी,विकास कुमार,दिनेश कुमार शुक्ला,नरसिंग चौबे, दिलीप तिवारी,सुरेश यादव, कृष्णा साव, सुरेंद्र भारती सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे.

## कुचाई ब्लॉक के समीप एचडीएफसी बैंक का एटीएम खराब, लोग परेशान

**उमाकांत कुमार कर, समाज जागरण, प्रखंड संवादाता,खरसावां**

खरसावां (झारखंड ) कुचाई प्रखंड कार्यालय परिसर में लगी एचडीएफसी बैंक का एटीएम पिछले दो सप्ताह से खराब होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में एक ही एटीएम होने के कारण लोगों को काफी सुविधा हो रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुचाई प्रखंड में इससे पहले बैंक ऑफ इंडिया का भी एटीएम था। लेकिन कोविड-19 के समय से एटीएम बंद




कर दिया गया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में एचडीएफसी बैंक का एटीएम लगाया गया। कुचाई नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां सीआरपीएफ,जैप एवं जिला पुलिस के जवान रहते हैं। वहीं एटीएम खराब होने के कारण पैसा निकासी के लिए पुलिस जवान एवं ब्लॉक कर्मी के अलावे स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। साथ ही एटीएम खराब पढ़ा हुआ रहने से प्रतिदिन लोगों ने निराश वापस लूट रहे हैं।स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द एटीएम को मरम्मती करने की मांग की है।

## पारसनाथ पहाड़ सौंपने के मांग पर आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया रेल चक्का जाम

**माला रानी महतो, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड), सरायकेला खरसावां जिला के आदिवासी सेंगेल अभियान कोल्हान जोन के बैनर तले संथाल समाज को पारसनाथ पहाड़ सौंपने के मांग पर सैकड़ों आदिवासी समाज के महिला पुरुषों ने सुबह छह बजे से लगभग साढ़े आठ बजे तक चांडिल के सिकली रेलवे लाईन में बैनर लगा कर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। आंदोलनकारियों के रेलवे ट्रैक पर बैठ जाने के कारण आनंदबिहार नई दिल्ली, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस,



बड़काखाना व हाटिया यात्री ट्रेन बाधित रहा। समिति ने मांग किया कि पारसनाथ को आदिवासी संथाल समाज को अविलंब दिया जाय। साथ ही ओलचीकी भाषा को मान्यता दिया जाए। आंदोलनकारी सोना राम सोरेन ने कहा कि जैन धर्मियों को हटाकर आदिवासी संथाल समाज को पारसनाथ सौंपा जाय नहीं तो 11अप्रैल को पुरे भारत वर्ष में रेल चक्का जाम कर दिया जायेगा। चांडिल रेलवे पुलिस एवं चांडिल पुलिस ने आंदोलनकारीयों को समझा बुझाकर जाम को हटाया।जाम हटाने के बाद आवागमन चालू हुआ।

## हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष ने जनसमस्याओं पर की चर्चा

*बिकास कार्य के लिए जनसमुदाय को प्रेरित करना बीस सूत्री कमिटी का उद्देश्य-:योगेंद्र सिंह*

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कमिटी के सदस्यों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में क्षेत्र के लोगों के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कमिटी के सभी सदस्य क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं से आमलोगों को लाभ पहुचाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकरे शीघ्र ही प्रखंड के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पिछड़े और निर्धन व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाना, केंद्र और राज्य सरकार के साथ जिला और प्रखंडों के बीच समन्वय बनाना। निगरानी एवं अनुश्रवण करना तथा विकासोन्मुख कार्य के लिए जन समुदाय को प्रेरित करना ही बीस सूत्री कमेटी का मुख्य



उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कर्मी भी जनता के सेवक हैं।प्राथमिकता के साथ जनसमस्याओं का त्वरित निष्पादन करें।उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कमिटी गरीबी उन्मूलन ,जनशक्ति ,किसान मित्र ,श्रमिक कल्याण ,खाद्य सुरक्षा सबके लिए आवास , शुद्ध पेयजल ,जन-जन का स्वास्थ्य ,सबके लिए शिक्षा ,अजजा, अजा, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण ,महिला कल्याण ,बाल कल्याण ,युवा विकास ,गांव सुधार ,पर्यावरण संरक्षण व वन विकास , सामाजिक सुरक्षा , ग्रामीण सड़क ,ग्रामीण उर्जा,पिछड़ा क्षेत्र विकास औरे ई शासन सभी बीस सूत्री कार्यक्रम पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा।उन्होंने आमलोगों से अपील की है कि सरकार द्वारा संचालित बिकास योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दें,जिससे सभी जरूरतमंद लोगों को बिकास योजनाओं का लाभ मिल सके। ` मौके पर बीस सूत्री सदस्य हंसराज सिंह,बिनय पासवान,रतन लाल व ग्रामीण बिजय राजवंशी,हरिचरण मेहता,बिनोद साह समेत कई लोग मौजूद थे।

## फूलझरी में सांसद गीता कोड़ा के प्रयास से मिला 63 केवी का ट्रांसफार्मर। जिला अध्यक्ष ने फीता काट कर किया उद्धघाटन।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता (राजनगर)**

*सरायकेला(झारंखण्ड) : सिंह्भूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा के प्रयास से धुरिपदा पंचायत के फुलझरी गांव में 24 घंटे के अंदर 63 केवी का ट्रांसफार्मर प्राप्त हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन शनिवार को कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष बिशु हेम्ब्रम ने फीता काटकर किया ।

बता दें कि सीडब्ल्यूएस संस्था द्वारा फूलझरी गाँव को मॉडल गाँव बनाने का लक्ष्य बनाया है।इसलिए सिंचाई के लिए पानी,मछली पालन,केंचुआ, मुर्गी,बतक,बकरी पालन,तथा अन्य योजनाएं चला रही है।इसके निमित सभी प्रकार के आधुनिक उपकरण से ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

लेकिन एक सप्ताह पहले गाँव का 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हो



चुका था।वहीं कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष विशु हेम्ब्रम को इसकी जानकारी मिलते ही,उन्होंने सांसद गीता कोड़ा से संपर्क कर फूलझरी गाँव मे जल्द से जल्द गांव 63 ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।जिसका विधिवत उद्धघाटन शनिवार को किया गया। अति शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।और सांसद गीता कोड़ा एवं कांग्रेस की कार्यशैली की प्रसंशा की जा रही है।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि साजिद अंसारी, आनन्द महतो,मदनेश्वर झा,बादल टुडु,शंकर कैवर्त, ग्राम प्रधान लालमोहन सरदार ,चंद्रमोहन सरदार, घासीराम सरदार, जगन्नाथ सरदार, इंद्र सरदार ईश्वर मुंडा लालमोहन सरदार हीरालाल शिव चरण,आंजीर सरदार, श्रीमती लक्ष्मी सरदार, सुकुरमुनी सरदार, कुलोदा सरदार,श्रीमती सरदार, ललिता, पानो ,मीना, दुलारी एवं राजनंदनी सरदार उपस्थित थे।

## बेहतर तकनिक के साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार है संत मरियम स्कूल

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) शनिवार को संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में सत्र के अंतिम दौर की समीक्षा और नए सत्र की बेहतर तैयारियों का अवलोकन करने हेतु शिक्षकों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया ।

मीटिंग में सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि हम सभी सत्र के अंतिम दौर में है । सारे सिलेबस समाप्त हो गए हैं, बच्चों का रिवीजन चल रहा है और आने वाले कुछ दिनों में इनका फाइनल परीक्षा हो जायेगी ।

बीतते हुए सत्र में हम सबको यह समीक्षा करने की आवश्यकता है कि बच्चो के बेहतरी हेतू हमारी ओर से पहल कितना शानदार रहा । हम किस पक्ष में कमजोर रहे, किस ओर



और ध्यान देने की जरूरत है,हम सभी का मजबूत पक्ष क्या रहा इत्यादि। सारे पक्षों का विश्लेषण करते हुए नए सत्र में इसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है ।

कुमार आदर्श ने आगे कहा की संत मरियम स्कूल बच्चो को उत्कृष्ट शिक्षा और उच्च संस्कार प्रदान करने के लिए प्रारंभिक दौर से ही प्रतिबद्ध रहा है अतः आप सभी शिक्षक बच्चो की मनोदशा को समझते हुए अपने शिक्षण पद्धतियों में नए नए तकनीकी विकसित करें ताकि बच्चे संबंधित विषय में रुचि के साथ ज्ञान प्राप्त कर सकें ।

साथ ही सभी शिक्षकों को अनेक वीडियो क्लिप के माध्यम से यह समझाया गया की किस प्रकार कमजोर से कमजोर बच्चो को भी हम बेहतर शिक्षा प्रदान कर पाएंगे। मौके पर प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि आप अपने बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतू बच्चो के किसी भी मुद्दे पर स्कूल के संबंधित शिक्षक से अवश्य संपर्क करें ।

## बिहार लेलीन जगदेव बाबु को भारत रत्न मिले : अजित मेहता

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड) पलामू जिले के पडवा प्रखंड के पांडवा सहदेव नगर मे जगदेव बाबु के 101 जयंती पर ओबीसी समाज शक्ति प्रदर्शन किया ईस आयोजन मौर्य सेना के लोग ने किया इस क्रार्यकरम मे मुख्य अतिथि अखील भारतीय कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो ने कहा कि जगदेव बाबु आदमी नही आदॅश थे सोसीत परीवार को जगाने का काम किया हे ईस कार्यक्रम के उद्घाटन करता भारत सरकार के पुर्व मंत्री नागमनी कुशवाहा एव बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने किया पुर्व मंत्री ने कहा कि हम गरीबो के मसीहा हमारे पिता जी का अधुरा सपना को पुरा करना हे राजन मेहता कहा कि ईस कार्यक्रम से पुरा झारखंड के दशा और दिशा तय होगा इस मौके पर ओबीसी के एव युवा



कुशवाहा के जिला अध्यक्ष अजीत मेहता ने कहा कि जगदेव बाबु ने कहा था कि सौ मे नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है दस का शासन नही चलेगा, लेकिन यह भी कहा था कि लम्बी लड़ाई चलेगी पहला पीढी जान देगा दुसरा जेल जाएगा तीसरा राज करेगा झारखंड मे ओबीसी का बहुत बुरा हाल है दोनो सरकार ओबीसी बिरोधी है हम सरकार से मांग करते है कि पुरे राज्य मे जातीय जनगणना कराया जाए एव नीगम के चुनाव मे आरक्षण देकर चुनाव कराया जाए, इस मौके पर पूर्व सासंद सालन मुरमु पडवा प्रमुख गीता मेहता लव मेहता सुनील कुशवाहा परमदेव सिह दीपा कुमारी अभय वर्मा रबी पाल युगल पाल सुरज देव महतो मौर्य सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुपेश मेहता रबी रंजन मेहता मंच संचालन दिलीप मेहता सुबाष मेहता नरेंद्र मेहता अरुण राम अशोक महतो रिंकू मेहता सहित हजारों-हजार के संख्या मे लोग उपस्थित थे

## नारायण प्राइवेट आईटीआई में दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि मनाया गया

**माला रानी महतो, समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड), नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राओं ने स्व0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्थान के संस्थापक डॉ0 जटा शंकर पांडे ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितम्बर 1916 नगला चन्द्रभान (मथुरा) में ब्रिटिश शासित भारत में हुआ था। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे, जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। दीनदयाल जी एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।



राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे, जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।11फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई और पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गयी। आज के दिन उनको हर जगह याद किया जाता है। उनके बताए गए रास्ते पर चलकर हमारा देश आगे बढ़ रहा है तथा बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर कॉलेज की शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी जयंत बनर्जी, अजय मंडल, गौरव कुमार के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## फूड लाइसेंस प्राप्त करने की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है, एसडीओ, प्रेम कुमार तिवारी

(आर एन चौरसिया) धनबाद, फूड लाइसेंस प्राप्त करने की सारी प्रक्रिया शत-प्रतिशत ऑनलाइन है। फूड लाइसेंस प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार के कागजातों की ऑफलाइन मांग नहीं की जाती है।
इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने कहा कि फूड लाइसेंस प्राप्त करने की सारी प्रक्रिया शत-प्रतिशत ऑनलाइन है। जिले में कोई भी व्यक्ति फूड लाइसेंस प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकता है।
फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान किसी भी कागजात की ऑफलाइन मांग नहीं की जाती है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक को प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ऑनलाइन अथवा एसएमएस के द्वारा मिलती है।
निर्धारित समय पर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदक को लाइसेंस स्वीकृत या अस्वीकृत की जानकारी भी ऑनलाइन ही मिलती है। यदि किसी कागजातों की आवश्यकता है, तो आवेदक उसे ऑनलाइन ही जमा कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।
उन्होंने अनुरोध किया कि कोई भी व्यक्ति फूड लाइसेंस के रजिस्ट्रेशन के लिए किसी दलाल या बिचौलिया के चक्कर में न पड़े। इसकी पूरी विगतवार जानकारी अनुमंडल कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध है।

## मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के द्वितीय दिन 2.27 लाख से अधिक लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा

(आर एन चौरसिया) धनबाद, फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 फरवरी से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के द्वितीय दिन जिले के एक लाख 20 हजार 461 पुरुष और एक लाख 7 हजार 322 महिलाओं को लेकर कुल 2 लाख 27 हजार 783 लोगों ने दवा खाई। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के 55005 व 19 वर्ष से ऊपर के 1,44,952 लोग शामिल है।



इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ0 आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि आज दवा प्रशासक द्वारा घर घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाई गई। वहीं सभी सीएचसी, पीएचसी, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, रेलवे अस्पताल, सेंट्रल हॉस्पिटल, सहित बीसीसीएल के सभी अस्पतालों में सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 तक दवा खिलाई गई। आज गोविंदपुर में 27026, टुंडी 18639, बाघमारा 59105, तोपचांची 12962, धनबाद 58732, झरिया 13887, निरसा 27234 व बलियापुर प्रखंड में 10198 लोगों को दवा खिलाई गई।

## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति दिनांक 12/02/23 की तैयारी अंतिम बैठक

धनबाद, आगामी दिनांक 12/02/2023 को भाजपा महिला मोर्चा ब्लेसिंग बैंक्वेट हॉल बेकार बांध धनबाद में प्रदेश कार्यसमिति रखा गया है। जिसकी तैयारी निमित आज दिनांक 11/02/2023 प्रदेश महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में बैठक सर्किट हाउस धनबाद में सम्पन्न हुई। आरती कुजूर ने पदाधिकारियों के बीच राजनीतिक प्रस्तावों पर भी चर्चा की । साथ ही कार्यसमिति की सफलता पूर्वक संपन्न हो ,इन सभी बातों को रखा गया।



बैठक में राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा आरती सिंह जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञानरंजन सिंन्हा, डॉ ,सीमा सिंह,मंजुलता दुबे,रेणुका मुर्मू,अमिता रक्षित, रमा सिन्हा,विनीता कुमारी, रीता शर्मा, लक्ष्मी कुमारी,अर्चना सिंह, ऋतुरानी सिंह,पिंकी खोया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीता प्रसाद एवं जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

## निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला, लोगों को मिलेगा लाभः मंत्री

***पलामू प्रमंडलवासियों की भावना से जुड़ी है मेला का आयोजन***

***दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू***

***विभिन्न विभागों का लगा स्टॉल, सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ***

***लाभुकों के बीच परिसंपति का हुआ वितरण***

***नीलांबर -पीतांबर के वंशज को किया गया सम्मानित***

**समाज जागरण, बिनोद सिंह**
**ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू( झारखंड ) राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले इसके प्रयास हो रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर राजा मेदिनीराय के सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। मेला आदिवासियों सहित पूरे पलामू प्रमंडलवासियों की भावना जुड़ी है।
मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। आमजन इसका लाभ उठाएं यही राजा मेदिनीराय की के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कही। वे आज पलामू जिले के दुबियाखांड़ में आयोजित राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में बोल रहे थे। मेला का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की ओर से किया गया था। मेला का समापन 12 फरवरी को होगा।
मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने एवं लेने के लिए सभी की सहयोग जरूरी है। समाज के अग्रिम पंक्ति के लोग आगे आयें और सरकारी योजनाओं को बताने एवं लाभ लेने के लिए जन जागरूकता फैलाएं। आम लोग सरकार के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर चले और सरकार की योजना की जानकारी एवं लाभ लें। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने ऐसी- ऐसी योजनाएं लागू की है, जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का विकास एवं प्रचार-प्रसार झारखंड के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी होगा। इसकी भव्यता निरंतर बढ़ती जाएगी। उन्होंने मेला आयोजन कि बेहतर तैयारी एवं सफलता के लिए पलामू जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसकी व्यापार तैयारी में पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही है।

**प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा सरकार की योजनाएंः उपायुक्त**

पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता आगामी वर्ष में और बढ़ेगी। राजकीय मेला घोषित होने के बाद पहली बार यह आयोजन हो रहा है। आगामी वर्ष में राज्यभर में इसका प्रचार- प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन हर घर के हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। सुदूरवर्ती गांवों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं विकास हो रहा है। पलामू के योग्यताधारी व्यक्तियों को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन योजनाओं से लोगों को जोड़ते हुए लाभ देने का कार्य किया जा रहा है।

**सादगी, निश्चलता एवं बहादुरी के प्रतीक थे राजा मेदिनीरायः पुलिस अधीक्षक**

पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि राजा मेदिनीराय सादगी, निश्चलता एवं बहादुरी के प्रतीक थे। उनकी यादों में लगाई जा रही राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता एवं लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी।
आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक साबित हो रहा मेलाः नामधारी
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि बिहार के सोनपुर मेले की तर्ज पर राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का विस्तार उनका सपना है। आदिवासी महाकुंभ मेला का राजकीय मेला घोषित होना लोगों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मेले को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। मेले के माध्यम से आदिवासियों के समस्याओं का निदान होना चाहिए। दिन प्रतिदिन मेले का विराट रूप हो रहा है। आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मेला काफी सार्थक साबित हो रहा है।
मेला में मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। साथ में ही वनों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, पलामू समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने, रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर करने आदि से संबंधित मांग रखी।
अतिथियों द्वारा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर में चेंजिंग रूम एवं स्टोर रूम का शिलान्यास तथा शौचालय एवं स्टेज का उद्घाटन किया गया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह चोरो ने किया।
मौके पर कला दलों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित आदिवासी नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। जहां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं लोगों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसके अलावा बैनर, पोस्टर के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
मेले में शहीद नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मोमेंटो एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।
राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, गढ़वा जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, पलामू जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, अंचल अधिकारी झुनू मिश्रा के अलावा अन्य सरकारी पदाधिकारी-कर्मी, समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिन्हा, तनवीर आलम सहित राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति के त्रिपुरारी सिंह, रामेश्वर सिंह चेरो, जेपी मिंज, भरदुल सिंह चेरो, हृदया सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह, सुनील उरांव, सुरेंद्र सिंह, प्रताप तिर्की, विपिन सिंह, लक्ष्मण सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या का दिनांक 20 फरवरी को जामताड़ा जिले में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित

**दैनिक समाज जागरण जिला**
**ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश
जनवितरण, पीएम पोषण, आंगनवाड़ी, मातृत्व वंदना योजना से संबंधित शिकायतों का तत्काल निपटारा हेतु आयोजित होगी जन सुनवाई; परिसदन जामताड़ा में होगी सुनवाई
जिले के सभी मुखियागणों से एसजीएसवाई सभागार में माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या करेंगे संवाद
झारखंड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं माननीय सदस्या श्रीमती शबनम परवीन का प्रस्तावित जामताड़ा जिला भ्रमण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज ने जिले के संबंधित पदाधिकारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।
ज्ञातव्य है कि झारखंड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं माननीय सदस्या श्रीमती शबनम परवीन तथा आयोग के अन्य 3-4 कर्मियों के साथ दिनांक- 19.02.2023 को अपराह्न 04:00 बजे जामताड़ा परिसदन भवन में आगमन प्रस्तावित है।




जनवितरण, पीएम पोषण, आंगनवाड़ी, मातृत्व वंदना योजना से संबंधित शिकायतों का तत्काल होगा निपटारा, आयोजित होगी जनसुनवाई
आयोग द्वारा दिनांक- 20.02.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराहन 01.00 बजे तक जामताड़ा जिले के लोगों का खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित योजना, यथा- जनवितरण पी०एम०पोषण (मध्याह्न भोजन) आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों का तत्काल निपटारा किया जायेगा। वहीं दिनांक- 20.02.2023 को ही अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक जामताड़ा जिले के सभी पंचायत के मुखिया के साथ संवाद कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जिसमें दिनांक 20 फरवरी को पूर्वाहन 11 से अपराह्न 1 बजे तक सुनवाई एवं जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन परिसदन भवन जामताड़ा में आयोजित किया जाएगा। वहीं उसी दिन अपराह्न 2 से 4 बजे तक समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में सभी मुखियागणो के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी और सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु आहूत बैठक संपन्न

### डीएमएफटी मद के समुचित उपयोग हेतु कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराएं संबंधित पदाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण जिला**
**ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

सीएसआर मद से रानी सती मंदिर से समाहरणालय तक स्ट्रीट लाइटिंग अब तक नहीं होने पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी; बोले जल्द से जल्द लगवाएं स्ट्रीट लाइट
सीएसआर मद से पुलिस के लिए ट्रैफिक इक्विपमेंट उपलब्ध कराने का निर्देश
आज शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी (जिला खनन फॉउंडेशन ट्रस्ट) और सीएसआर फंड से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई।

**स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें**

बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीएसआर के तहत पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने रानी सती मंदिर से लेकर समाहरणालय तक स्ट्रीट लगाए जाने की समीक्षा करते हुए अब तक इस पर कोई पहल नहीं होने पर नाराजगी जाहिर किया एवं संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि सीएसआर के तहत रानी सती मंदिर से समाहरणालय तक स्ट्रीट लाइट को जल्द से जल्द लगवाएं।

**स्मार्ट क्लास हेतु 20 सेटअप उपलब्ध कराएं**

वहीं उन्होंने समीक्षा के दौरान आवश्यकता को देखते हुए सामुदायिक पुस्तकालय में सीएसआर के माध्यम से स्मार्ट क्लास हेतु 20 सेटअप, प्रोजेक्टर, साउंड एवं अन्य जरूरी उपकरणों, सभी 118 सामुदायिक पुस्तकालयों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकों का 118 बुक सेट एवं 118 अलमीरा सेट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



वहीं उपायुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक को सीएसआर मद से ट्रैफिक इक्विपमेंट के सभी जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**डीएमएफटी के माध्यम से किए जाने वाले कार्यो की सूची बनाकर दें**

इसके अलावा उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने डीएमएफटी मद से जुड़े योजनाओं की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों सहित पिछड़े हुए क्षेत्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाओं, चारदीवारी विहीन विद्यालयों में चाहारदीवारी, शौचालय सहित अन्य जरूरी आवश्यक का आकलन करते हुए इसका कार्ययोजना बनाकर तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि इस मद का समुचित उपयोग जरूरी विकास कार्यों में ही किया जा सके।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रधान माझी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला कल्याण पदाधिकारी उत्तम कुमार भगत, महाप्रबंधक उद्योग एवं कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, विशेष प्रमंडल सहित सभी संबंधित उपस्थित थे।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

### *धनबाद के विकास को गति प्रदान करना दिशा की बैठक का उद्देश्य - सांसद*

**(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण**

धनबाद, धनबाद के सांसद , सह अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ,दिशा, पशुपतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई।
इस अवसर पर सांसद ने कहा कि धनबाद के विकास को गति प्रदान करना इस बैठक का उद्देश्य है। यह बैठक उपयोगी रहे, यह सब का प्रयास होना चाहिए। बैठक के दौरान सांसद ने उपायुक्त , संदीप सिंह की पहल पर होने जा रहे गया पुल चौड़ीकरण कार्य के लिए उनको विशेष रूप से धन्यवाद दिया।
सांसद ने प्रस्ताव रखा कि अगर धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर से जोड़ा फाटक तक सड़क बनती है तो बैंक मोड़ में 75% ट्राफिक का समाधान हो जाएगा। सांसद ने कहा कि रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर से जोड़ फाटक तक अप्रोच रोड बनाना रेलवे की जिम्मेदारी है। यदि यह कार्य रेलवे नहीं करती है ,तो जिला प्रशासन को पहल कर इस दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने बैंक मोड़ फ्लाईओवर होते हुए जोड़ाफाटक, धनसार, झरिया, सिंदरी, चंदनकियारी की ओर जाने वाले वाहनों के लिए इस प्रस्तावित नए मार्ग पर वनवे करने का भी सुझाव दिया। साथ ही कहा कि धनबाद एक महत्वपूर्ण शहर है। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। इसलिए यातायात को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था होनी चाहिए।
धनबाद में विगत दिनों हुए अग्निकांड की चर्चा करते हुए सांसद ने अग्निशमन विभाग से फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट व एनओसी की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। वहीं बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत, हर घर नल से जल योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, छात्रवृत्ति योजना, विभिन्न योजना के तहत दी जाने वाली बैंक लोन, एनएचएआई, जेएसएलपीएस, मनरेगा, राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण जलापूर्ति, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित नागरिक सुविधा की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की और अपने सुझाव दिए।



इसके अलावा सांसद ने सभी पानी टंकी एवं बिजली सबस्टेशन में कंप्लेंट बुक रखने, गर्मी से पहले पानी की समस्या के समाधान के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ विभाग की बैठक करने, झमाडा में कार्य की समीक्षा करने, भूदा से बेलगड़िया तक सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने, चांदमारी से बेलगड़िया तक बेरा होकर सड़क निर्माण करने, डीएवी स्कूल पुराना बाजार में सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन निर्धारण की जांच करने, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सकों का मोबाइल नंबर सहित नाम प्रदर्शित करने, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट व एनओसी प्राप्त करने के लिए डीजी अग्निशमन विभाग से बात करने का भी प्रस्ताव रखा।
बैठक में , विधायक धनबाद , राज सिन्हा ने विकासनगर, जगजीवन नगर, गभुर्डीह, मुनिडीह इत्यादि क्षेत्रों में पेयजल समस्या का समाधान करने, पंपिंग स्टेशन में डेडीकेटेड बिजली लाइन देने, एसएनएमएमसीएच पर भार कम करने के लिए सदर अस्पताल का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया।
साथ ही उन्होंने वासेपुर आरामोड़ की निविदा बारंबार कैंसिल होने, बरमसिया में एफसीआई गोदाम के पास भारी वाहनों द्वारा किए जा रहे सड़क अतिक्रमण तथा पांडरपाला में सदियों पुराने श्मशान घाट की भूमि के अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की । उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में कारगर कदम उठाने की मांग की।
बैठक में उपायुक्त ने कहा की सांसद एवं विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सभी सुझाव पर कारगर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूजा टॉकीज से पुरानी बंद पड़ी धनबाद झरिया रेलवे लाइन तक ओवर ब्रिज बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। पहले रेलवे ने जमीन देने से मना किया था। अब रेलवे तैयार हो गया है।
साथ ही उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कोई भी योजना के शिलान्यास के समय शीला पट्ट पर जनप्रतिनिधियों का नाम, योजना का विवरण, प्राक्कलित राशि सहित पूरा विवरण प्रदर्शित करे। उन्होंने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को हर घर नल योजना का प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने, बिजली विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को आम लोगों के फोन रिसीव कर उनकी समस्या का समाधान करने, सिविल सर्जन से सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों का रोस्टर बनाने का निर्देश दिया।
बैठक में, सांसद धनबाद , पशुपतिनाथ सिंह, विधायक धनबाद , राज सिन्हा, जिला परिषद की अध्यक्ष ,श्रीमती शारदा सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष , डबलु बाउरी, उपायुक्त , संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त , शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी , विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए , मुमताज अली अहमद, जिला योजना पदाधिकारी , महेश भगत, सिविल सर्जन डॉ, विश्वकर्मा, जिला खनन पदाधिकारी , मिहिर सालकर, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, डीटीओ , राजेश कुमार सिंह, झरिया के विधायक प्रतिनिधि, केडी पांडेय, विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि , कुमार महतो, सांसद के प्रतिनिधि , नितिन भट्ट, सांसद के शिक्षा प्रतिनिधि , रणविजय सिंह, सांसद गिरिडीह के प्रतिनिधि, विधायक बाघमारा के प्रतिनिधि मनीष सिंह, अग्निशमन पदाधिकारी , लक्ष्मण प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप, डीपीएम जेएसएलपीएस, श्रीमती रीता सिंह, नगर निगम के मोहम्मद अनीस, पीएचइडी वन एवं टू के कार्यपालक अभियंता सहित सभी विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शांति समृद्धि ,प्रेम और सौहार्द पाने का सबसे अच्छा मंच है लोक अदालत, प्रधान जिला जज

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद , नालसा के निर्देश पर वर्ष 23 के पहले नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है । नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक सार्थक कदम है । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है । इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है ।इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम,शाति समृद्धि और समरसता बनी रहे। यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है ।जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। उन्होंने कहा की लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें इसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत में विवादों का तत्काल निपटारा होता है ।उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है ,जहां तत्काल प्रभाव में मामला सेटेल हो जाता है और विवाद आगे नहीं बढ़ पाता।



**11 हजार 294 विवादों का निपटारा**

मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 17 बेंच का गठन किया गया था। जिसके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया । सन्दर्भ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक नेशनल लोक अदालत में 11 हजार 294 विवादों का निपटारा कर दिया गया तथा कुल 99 करोड़ 36 लाख 89 हजार 140 रूपए की रिकवरी की गई है । अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि नेशनल लोक अदालत सुबह साढे दस बजे से शुरू हुई ,जो दोपहर तीन बजे तक चलेगी। । उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया ।
नेशनल लोक अदालत में न्यायाधिश
न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, ,राजकुमार मिश्रा , लेबर जज नीरज कुमार श्रीवास्तव,
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान ,अवर न्यायाधीश, राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी,, प्रज्ञेश निगम ,स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार , शिवम चौरसिया , राकेश रोशन , अंकित कुमार सिंह न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे , मनोज कुमार इंदवार न्यायिक दंडाधिकारी जेजेबी , पंचम कुमार सिन्हा , अमर प्रसाद नीलाम पत्र पदाधिकारी , शिप्रा
डालसा के पैनल अधिवक्ता, तारक नाथ चौबे, रंजन सिन्हा, संतोष कुमार गुप्ता, हरि विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार साधू, नीरज कुमार सिन्हा,चिरंजीत प्रमाणिक, करूणा सिन्हा,सोनिया कुमारी, सुभाष चंद्रा,पंचानन सिंह, ए के सिंह, डालसा सहायक ,सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, हेमराज चौहान , राजेश कुमार सिंह ,डीपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी,
समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सचिव निताशा बारला ने नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन के लिए सभी वादकारी सिविल कोर्ट कर्मचारी सहित धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और विभिन्न विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया। ।

## भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप मनाई।

**दैनिक समाज जागरण (आर एन चौरसिया)**

धनबाद, भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर मे आज अनेक स्थानों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई।
धनबाद के सांसद , पशुपतिनाथ सिंह के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बैंक मोड़ मंडल के अध्यक्ष ,शिवेंद्र सिंह सोनू की अध्यक्षता में मनाई गई। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।
इस अवसर पर धनबाद के सांसद , पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की एकात्म मानववाद व अंत्योदय के शिल्पकार,भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों के संरक्षक,उत्कृष्ट संगठनकर्ता,जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे।
पंडित दीनदयाल उपाध्याय , राष्ट्र सेवा के साथ अंत्योदय व एकात्म मानववाद का मंत्र देने वाले थे। उनकी दिखाई गई राह पर चलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास हम सब लोगों को करना चाहिए ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय , भारतीय राजनीति के ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र थे, जिन्होंने अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से पूरे विश्व में मानवता की सेवा व जनकल्याण के आदर्श स्थापित किये ।उनका देशप्रेम व समर्पण सदैव राष्ट्र का मार्गदर्शन करता रहेगा।
इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर ने कहा की
राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।
आपने संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा और गरीब कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। आपके विचार राष्ट्र नवनिर्माण की अमूल्य प्रेरणा है।
धनबाद के विधायक , राज सिन्हा के आवास पर मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विधायक , राज सिन्हा ने कहाअंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को केंद्र में रखकर, समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को लक्षित कर जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही नरेंद्र मोदी की सरकार।
गुजराती स्कूल में हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहाअंत्योदय के वेद विहित विचार को युगानुकुल रूप से परिभाषित कर सामाजिक एकता के नए युग का सूत्रपात करने वाले महान विचारक राष्ट्र ऋषि स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे।
पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समर्पण दिवस के प्रभारी और जिला के उपाध्यक्ष , संजय झा ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है ।कई राज्यों में हमारी सरकार है। आज समर्पण दिवस धनबाद जिला महानगर में अनेक स्थानों पर मनाया। अनेक स्थानों पर हुए कार्यक्रम में जिला महामंत्री नितिन भट्ट, उपाध्यक्ष ,मानस प्रसून ,उमेश यादव, मिल्टन पार्थसारथी ,अमलेश सिंह, तमाल राय ,अनिल सिन्हा, राजाराम दत्ता ,उमेश सिंह, संतोष सिंह, दीपक सिंह, मुकेश सिंह, डिंपल पाल, नीरज सिन्हा ,सनी रवानी, प्रितपाल सिंह अजमानी सहित अनेक लोग मौजूद थे।